स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित


# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, सोमवार
9 जून, 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 13
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक - 287 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *


मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

एलन मस्क से समझौते के मूड में नहीं हैं डोनाल्ड ट्रंप



## यूपी में सुरक्षित है किसानों का भविष्य : सीएम योगी



**औरैया।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को औरैया में मक्का किसानों से संवाद किया और उन्हें आय दोगुनी करने के लिए जरूरी टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में किसानों का भविष्य सुंदर और सुरक्षित बनाने की दिशा में 'डबल इंजन' सरकार काम कर रही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी

### मुख्यमंत्री ने किसानों को आय दोगुनी करने के दिए टिप्स

### कहा- रोजगार के नए रास्ते खुले

सरकार ने युवाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते खोले हैं और पारदर्शी व्यवस्था लागू की है। उन्होंने बताया कि अब तक 2.16 लाख पुलिसकर्मियों और 1.60 लाख शिक्षकों की भर्ती की जा चुकी है। इसके अलावा, ओडीओपी योजना से दो करोड़ युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा गया है। औरैया के जनता महाविद्यालय अजीतमल में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि पहले की सरकारों में भ्रष्टाचार का बोलबाला था। युवाओं के लिए जो सरकारी भर्तियां निकलती थीं, उसमें चाचा-भतीजे की जोड़ी की ऐसी नजर लगती थी, कि भर्तियां ही रद्द हो जाती थीं। देश के युवा की उम्मीदें टूट जाती थीं और वह बेरोजगार रहता था। योगी ने कहा कि अब डबल इंजन की सरकार ने रोजगार के रास्ते खोले। वन डिस्ट्रिक्ट वन नेशन के तहत अब तक दो करोड़ युवाओं को हमारी सरकार नौकरी दे चुकी है। सिर्फ यूपी पुलिस में ही अब तक डेढ़ लाख भर्तियां की जा चुकी हैं, जो रिकॉर्ड है।सीएम योगी ने कहा पहले की सरकारों में गुंडों-माफियाओं को संरक्षण मिलता था। ना बेटियां सुरक्षित थीं, ना व्यापारी। अब अपराधियों में खौफ है। वे जानते हैं कि अगर बेटियों की सुरक्षा में सेंध मारी तो अगले चौराहे पर यमराज से ही मुलाकात होगी। आज यूपी में या तो अपराध होता ही नहीं। अगर होता है तो कुछ ही देर में उसका अनावरण होता है। आज यूपी में बेटी और व्यापारी दोनों सुरक्षित हैं। योगी ने आईसीआरए के दौरे के बाद कहा कि मकई एक संपूर्ण पौष्टिक आहार है। स्वीट कॉर्न, बेबी कॉर्न, फ्यूल और बायोवेस्ट के रूप में इसकी उपयोगिता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही औरैया में मकई के लिए क्रय केंद्र बनाकर एमएसपी की घोषणा की जाएगी। कहा किसी भी सरकार ने औरैया में मेडिकल कॉलेज की मांग नहीं उठाई, लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सुझाव पर हमने इसे मंजूरी दी।


मुंह की खाने के बाद भी हरकतों से बाज नहीं आ रहा पाकिस्तान

## एलओसी के पास अग्रिम चौकियों पर पहुंच गए मुनीर

**इस्लामाबाद।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को भारत के ऑपरेशन सिंदूर से मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान अपनी

### कहीं फिर कोई साजिश तो नहीं रच रहे?

हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। ताजा मामला पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल असीम मुनीर से जुड़ा है। उन्होंने हाल ही में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास अग्रिम चौकियों का दौरा किया। यह दौरा ऐसे वक्त हुआ, जब भारत और पाकिस्तान के रिश्ते सबसे बुरे दौर में पहुंच गए हैं। असीम मुनीर ने शनिवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर अग्रिम चौकियों का दौरा किया और अपने सैनिकों से बातचीत की। सेना का कहना है कि बातचीत के दौरान मुनीर ने सैनिकों का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने उनकी तैयारियों और सतर्कता की सराहना भी की। हालांकि, भारत से करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तानी अपना दर्द छिपाने की हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। भारत की मिली करारी हार को छिपाने के लिए वे झूठी खबरें फैला रहे हैं और अपनी जीत का फर्जी दावा कर रहे हैं।




इसका एक उदाहरण हाल ही में तब सामने आया था, जब मुनीर ने एक तस्वीर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को यह बताकर तोहफे में दी थी कि वह भारत के साथ जारी संघर्ष की है। हालांकि, बाद में पता चला कि वह तस्वीर 2019 के चीन के एक सैन्य अभ्यास की है।

अपने दौरे पर मुनीर ने बड़बोलापन भी दिखाया। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान ने हाल ही में संघर्ष के दौरान भारत को करारा जवाब दिया। हालांकि, इस दौरान वह दुनियाभर में हुई पाकिस्तान की किरकिरी को लेकर चुप्पी साधे रहे। उनके इस दौरे को लेकर कई विशेषज्ञ कह रहे हैं कि आसिम मुनीर की हरकतों पर नजर बनाकर रखी जानी चाहिए। हमारे सशस्त्र बल और खुफिया एजेंसियां ऐसा कर भी रही होंगी। उनके उकसावे वाले भाषणों की वजह से ही अप्रैल में दोनों देशों के बीच हालात बिगड़े थे।

मुनीर ने कश्मीर मुद्दे को लेकर पाकिस्तान के फर्जी सैद्धांतिक रुख को फिर दोहराया। उन्होंने कश्मीरी लोगों के लिए समर्थन जारी रखने की बात भी कही। हालांकि, नई दिल्ली ने बार-बार कहा है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख हमेशा से भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग रहे हैं और रहेंगे। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने बार-बार पाकिस्तान के नापाक चेहरे को उजागर किया है और कश्मीर मुद्दे पर उसकी पोल खोली है।

## 'रक्षक ही बन जाए लुटेरा तो सजा देना जरूरी'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) के उस कांस्टेबल की बर्खास्तगी को बरकरार रखा है जिसने वेतन वितरण के लिए रखे गए कैश बॉक्स से पैसे चुरा लिए थे। मामले में अदालत ने

### सुप्रीम कोर्ट ने आईटीबीपी कांस्टेबल की बर्खास्तगी को रखा बरकरार

सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, जिसे सुरक्षा का जिम्मा दिया गया था, वही लुटेरा बन गया। ऐसे गंभीर कृत्य के लिए सुरक्षाबल में कोई जगह नहीं हो सकती।आईटीबीपी के कांस्टेबल जगेश्वर सिंह को 4 और 5 जुलाई, 2005 की रात को कैश बॉक्स की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया था। ये पैसे कंपनी के जवानों को वेतन के रूप में देने के लिए रखे गए थे। लेकिन जगेश्वर सिंह ने इस भरोसे को तोड़ते हुए कैश



बॉक्स का ताला तोड़ा, उसमें रखे लाखों रुपये चुराए और उन्हें पोस्ट से करीब 200 मीटर दूर छुपा कर फरार हो गया। जब कंपनी कमांडर को यह जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन जगेश्वर सिंह का कुछ पता नहीं चला। बाद में कमांडिंग ऑफिसर को सूचित किया गया और 6 जुलाई 2005 को एफआईआर दर्ज की गई। जांच और गिरफ्तारी के बाद जगेश्वर सिंह ने अपराध कबूल किया, जिसके आधार पर 14 नवंबर 2005 को उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट की दो-न्यायाधीशों की पीठ, जिसमें जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह शामिल थे, ने हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज कर दिया जिसमें सजा पर पुनर्विचार करने को कहा गया था। अदालत ने कहा, जब कोई सुरक्षा बल का जवान ऐसा गंभीर और नैतिक पतन वाला अपराध करता है, तो उसे कड़ी से कड़ी सजा देना जरूरी होता है। ऐसे कर्मियों के लिए बल में कोई जगह नहीं होनी चाहिए। यह घटना सिर्फ चोरी नहीं है, बल्कि विश्वासघात भी है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी ध्यान दिया कि आरोपी जगेश्वर सिंह का पिछला रिकॉर्ड भी अच्छा नहीं था। उनके खिलाफ पहले भी आठ बार अनुशासनात्मक कार्रवाई हो चुकी थी। हालांकि अदालत ने माना कि पिछले मामलों को सीधे मौजूदा मामले से जोड़ना सही नहीं होगा, लेकिन यह जरूर दिखाता है कि वह बार-बार अनुशासन तोड़ते रहे।



भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह नए बंधन में बंध गए हैं। स्टार खिलाड़ी की सपा सांसद प्रिया सरोज के साथ सगाई हो गई। रिंकू और प्रिया की रिंग सेरेमनी लखनऊ के एक पांच सितारा होटल में हुई जिसमें राजीनित जगत और क्रिकेट की चर्चित हस्तियां शामिल हुईं। इन दोनों की शादी 18 नवंबर 2025 को वाराणसी में होगी।

## 'पीएम मोदी में प्रेस के सीधे सवालों का सामना करने का साहस नहीं'

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनमें अपने पूर्ववर्तियों की

### कांग्रेस ने कसा तंज

तरह प्रेस के सीधे सवालों का सामना करने का साहस नहीं है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर किये एक पोस्ट में कहा, 'हर देश के शासनाध्यक्ष समय-समय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते ही हैं। लेकिन हमारे प्रधानमंत्री को प्रेस के सीधे सवालों का सामना किए हुए 11 साल हो चुके हैं।' उन्होंने कहा, 'पिछले साल चुनाव प्रचार के दौरान नरेन्द्र मोदी ने मीडिया के साथ बातचीत को एक शो की तरह प्रोड्यूस, डायरेक्ट और स्क्रिप्ट किया जिसमें उन्होंने खुद को 'नॉन-बायोलॉजिकल' बताने वाला चर्चित दावा भी किया था। लेकिन अब तक उन्होंने कभी भी बिना एडिटिंग, बिना स्क्रिप्ट वाली एक भी असली प्रेस वार्ता करने का साहस नहीं दिखाया।' रमेश ने लिखा, 'यह उनके पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों से बिल्कुल उलट है, जिनसे वे विशेष रूप से नफरत करते हैं, वे तो लगभग हर दूसरे महीने बेधड़क प्रेस कॉन्फ्रेंस करते थे, जहां उनसे कठोर सवाल पूछे जाते थे और वे गंभीरता व संयम से जवाब देते थे। हमारे लोकतंत्र की बुनियादें, ऐसी ही संवाद परंपराओं से मजबूत हुई है।'

## महाकुंभ भगदड़ : यूपी सरकार को हाईकोर्ट की फटकार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने महाकुंभ भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों को मुआवजा देने में विलंब पर उत्तर प्रदेश सरकार

### मुआवजा नहीं देने पर उठाए सवाल

को फटकार लगाई है। अदालत ने कहा कि सरकार एक बार मुआवजा घोषित कर देती है तो उसका समय पर और सम्मानजनक तरीके से भुगतान करना उसकी बाध्यता है।

उदय प्रताप सिंह नाम के एक व्यक्ति की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति संदीप जैन की अवकाश पीठ ने कहा कि सरकार की ओर से



बहानेबाजी प्रतीत होती है जब पीड़ित परिवारों को पैसे की भीख मांगने के लिए कहा जाता है।

सरकार अपने नागरिकों की ट्रस्टी है और उनकी रक्षा करने और उन्हें परिहार्य नुकसान से बचाने के लिए बाध्य है। पीड़ित परिवारों को अत्यंत अनुग्रह और गरिमा के साथ मुआवजे का भुगतान करना सरकार का कर्तव्य है। यह चिंताजनक है कि याचिकाकर्ता की पत्नी का शव उसके बेटे को पांच फरवरी को सौंपा गया और चार महीने बीत गए, लेकिन सरकार द्वारा घोषित मुआवजे के एक भी हिस्से की पेशकश याचिकाकर्ता को नहीं की गई है। अदालत ने राज्य के अधिकारियों को हलफनामा दाखिल कर मुआवजे के लिए प्राप्त कुल दावों, जिन दावों पर निर्णय किए गए उनकी संख्या और लंबित दावों की संख्या का विवरण उपलब्ध कराने को कहा है। साथ ही अदालत ने प्रयागराज में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों और अधिकारियों को इस याचिका में पक्षकार बनाने और उन्हें हलफनामे दाखिल कर 28 जनवरी से मेला की समाप्ति तक सभी मृत्यु और उनके पोस्टमार्टम आदि की जानकारी देने को कहा है। सुनवाई की अगली तिथि 18 जुलाई, 2025 तय की गई है।

## सूडा के प्रोजेक्ट मैनेजर ने फांसी लगाकर दी जान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ के इंदिरानगर के बी ब्लॉक निवासी रिटायर्ड आईएएस मंगला प्रसाद के बेटे व सूडा के प्रोजेक्ट

### रिटायर्ड आईएएस के बेटे थे सुधाकांत

मैनेजर सुधाकांत मिश्र (59) ने शनिवार रात फंदा लगा लिया। गाजीपुर पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। सुधाकांत के बेटे ठेकेदार कार्तिकेय मिश्र के मुताबिक, पिता 15 साल से डिप्रेशन में चल रहे थे। उनका लगातार इलाज चल रहा था। पिता तीन माह बाद रिटायर होने वाले थे। शनिवार को रात में कार्तिकेय अस्पताल में भर्ती अपनी सास को देखने गए थे। घर पर मां इंदिरा और पिता थे। देर रात घर पहुंचने पर उन्हें पिता के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। जबकि मां दूसरे कमरे में थी। मां और उन्होंने पिता को आवाज दी मगर कोई जवाब नहीं मिला। ऐसे में जब उन्होंने खिड़की से झांका तो उन्हें सुधाकांत पंखे से बिजली के केबल के फंदे से लटके मिले। आनन-फानन दरवाजा तोड़कर कार्तिकेय कमरे में पहुंचे और पिता को नीचे उतार कर निजी अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## दिल्ली : हिरासत में लिए गए 66 और बांग्लादेशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शहर में कई वर्षों से अवैध रूप से रह रहे 66 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर-पश्चिम दिल्ली में बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे इन लोगों को बांग्लादेश भेजने की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन विदेशी नागरिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और पहचान सत्यापन की प्रक्रिया विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के साथ समन्वय में शुरू कर दी गई है।

## कोरोना के सक्रिय केस छह हजार के पार

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार डराने लगी है। कोरोना संक्रमण के सक्रिय केसों का आंकड़ा 6000 के पार पहुंच गया है। बीते 24 घंटे में छह कोरोना संक्रमितों की मौत भी हुई है। केरल अब भी देश का सबसे प्रभावित राज्य बना हुआ है। यहां कोरोना के कुल 1950 केस हैं। बीते 24 घंटे में इसमें 144 का इजाफा देखा गया है। इसके बाद गुजरात में 822, दिल्ली में 686, महाराष्ट्र में 595, कर्नाटक में 366, उत्तर प्रदेश में 219, तमिलनाडु में 194,



राजस्थान में 132 और हरियाणा में 102 कोरोना के मामले मिल चुके हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान केरल में तीन कोरोना संक्रमितों ने दम तोड़ दिया। ऐसे ही कर्नाटक में भी दो कोरोना संक्रमितों की मौत हुई।

## पंजाब : हथियार तस्करी में तीन गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने हथियार तस्करी के एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सीमा पार से तस्करी कर लाए गए छह विदेश निर्मित हथियारों को जब्त किया और इस संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से बरामद हथियारों में दो ग्लॉक 19एक्स पिस्तौल, दो .30 बोर पिस्तौल, एक .30 बोर स्टार मार्क पिस्तौल और एक बेरेटा .30 बोर पिस्तौल शामिल हैं।

## शाह का तमिलनाडु सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को तमिलनाडु भाजपा इकाई की कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की और राज्य

### गृह मंत्री ने मीनाक्षी मंदिर में की पूजा-अर्चना

की सत्तारूढ़ डीएमके सरकार पर भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की जनता डीएमके के भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है। अमित शाह आगामी वर्ष में होने



वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा और चुनावी रणनीति तय करने के लिए मंदिर नगरी मदुरै पहुंचे थे। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, तमिलनाडु की जनता डीएमके सरकार के भारी भ्रष्टाचार से परेशान है। बीजेपी कार्यकर्ता मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए के समृद्ध और विकसित तमिलनाडु के विजन को हर गली, मोहल्ले और घर-घर तक पहुंचाएंगे। इससे पहले दिन में शाह ने मदुरै स्थित प्रसिद्ध मीनाक्षी अम्मन मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर पहुंचने पर पुजारियों ने पारंपरिक रीति से उनका स्वागत किया।

शाह ने एक्स पर एक और पोस्ट में लिखा, आज मदुरै के प्रतिष्ठित मीनाक्षी अम्मन मंदिर में पूजा अर्पित करने का सौभाग्य मिला। राष्ट्र की निरंतर प्रगति और नागरिकों की भलाई के लिए मां से आशीर्वाद मांगा। बाद में आदिनम प्रमुख ने मीडिया से बातचीत में बताया कि उन्होंने गृह मंत्री से कच्चतीवु द्वीप को वापस लाने और मछुआरों की समस्याओं का स्थायी समाधान निकालने का अनुरोध किया। साथ ही उन्होंने श्रीलंकाई तमिलों के कल्याण की भी मांग की।

## 'ग़रज़ सजदे कराती है, इबादत कौन करता है...'

नवकांत ठाकुर

**नई दिल्ली।** महशर आफरीदी की यह ग़ज़ल वाकई सोचने पर मजबूर करती है कि– **'मियाँ वो दिन गए अब ये हिमाक़त कौन करता है, वो क्या कहते हैं उस को हाँ मोहब्बत कौन करता है, कोई जन्नत का तालिब है कोई ग़म से परेशाँ है ग़रज़ सजदे कराती है इबादत कौन करता है?'** गहराई से देखें तो मशहर ने ग़रज़ यानी स्वार्थ को सर्वोपरि बताकर उसी भाव को अभिव्यक्त किया है जिसे रामचरितमानस में तुलसीदास ने 'सुर नर मुनि सब कै यह रीती। स्वारथ लागि करहिं सब प्रीती' सरीखे शब्दों में पिरोया और कवि वृंद ने वही बात अपने विशेष अंदाज में उदाहरण सहित समझाते हुए कहा कि **'बिन स्वारथ कैसैं सहै कोऊ करुए बैन, लात खाय पुचकारियै होय दुधारू धैन।'** यहां तक कि कबीर दास जी भी तमाम सांसारिक संबंधों का आधार स्वार्थ को ही बताते हुए लिख गए हैं कि– **'स्वारथ के सबहीं सगे, बिन स्वारथ कोउ नाहि। सेवे पंछी सरस तरू, निरस भये उड़ जाहि।।'** तात्पर्य यह कि हर कालखंड के सभी विद्वानों ने इस बात को स्पष्ट शब्दों में स्वीकार किया है कि स्वार्थ ही सभी संबंधों का मुख्य आधार है। ऐसा आधार जिसके कमजोर पड़ते ही संबंधों की मजबूत जकड़, पकड़ और अटूटता के दरकने और बिखरने में देर नहीं लगती है। अपने आसपास के माहौल पर नज़र डालें तो इसकी कई मिसालें दिखाई पड़ जाएंगी। खास तौर से मौजूदा दौर में वैश्विक से लेकर घरेलू राजनीति के क्षेत्र में तो इसके अनगिनत उदाहरण देखे जा सकते हैं। चाहे बात करें दुनिया के सबसे शक्तिशाली व्यक्ति डोनाल्ड ट्रंप और विश्व के सबसे बड़े धनकुबेर उद्योगपति एलन मस्क के आपसी रिश्तों में आई खटास की या

**नज़र और नज़रिया**

महाराष्ट्र के ठाकरे परिवार में अब तक छत्तीस का आंकड़ा निभाने वाले राज और उद्धव ठाकरे के रिश्तों में दिनों–दिन बढ़ रही मिठास की। राजनीतिक तौर पर बिहार के सबसे शक्तिशाली यादव परिवार के तेज पर लगे ग्रहण का मामला हो या यूपी की राजनीति में बुआ द्वारा भतीजे को बारंबार पार्टी से जोड़ने या तोड़ने की कहानी हो। राष्ट्रीय राजनीति में इंडी गठबंधन के आपसी गठजो? से हासिल सियासी सुविधा का मसला हो या सूबाई समीकरणों में इसके घटक दलों की आपसी दुविधा का मामला हो। उमर अब्दुल्ला द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ में कसीदों की बौछार हो या राजद की ओर से बिहार में असदुद्दीन ओवैसी का महागठबंधन में सत्कार हो। ऐसे तमाम मामलों में कहने को तो मूल्यों, उसूलों और सिद्धांतों की बड़ी–बड़ी बातें कही जा रही हैं लेकिन ग़ौर से देखें तो इसके केंद्र में वह स्वार्थ ही है जिसकी सिद्धि से समझौता करना किसी को ज़रा भी गवारा नहीं है। मसलन मस्क और ट्रंप अपना–अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए ही एक साथ जुड़े थे और अब ट्रंप की सनक भरी नीतियों के कारण हो रहे निजी व्यावसायिक नुकसान से चिढ़कर ही मस्क ने बगावत की राह पकड़ी है। इसी प्रकार बाला साहेब के उत्तराधिकार पर कब्जे की लड़ाई ही राज और उद्धव के रिश्तों में दरार की वजह बनी थी और अब राजनीतिक तौर पर प्रासंगिक और ज़िंदा रहने की ग़रज़पूर्ण जद्दोजहद ने ही दोनों के साथ आने की भूमिका तैयार की है। ऐसे ही बिहार में यादव परिवारों की एक के बाद दूसरी बेटियों यानी एश्वर्या के बाद अनुष्का के साथ रिश्ते की आड़ में खिलवाड़ करने वाले तेज प्रताप को सियासी स्वार्थपूर्ति के लिए ही पार्टी और परिवार से बाहर किया गया है जबकि पिछले चुनाव में राजद के माई समीकरण के धुर्रे बिखेर देने वाले ओवैसी के लिए इस बार महागठबंधन में आपसी मशविरा किए बिना ही रेड कार्पेट बिछाने की तैयारी की जा रही है ताकि वोटबैंक में बिखराव ना हो। ऐसे तमाम उदाहरण यत्र तत्र सर्वत्र मौजूद हैं जिसमें ग़रज़ के लिए जुड़ना, टिकना और स्वार्थ पूर्ति नहीं होने पर अलग–विलग हो जाने की तस्वीर बनती–बिगड़ती दिखाई पड़ती है। तभी तो आधुनिक ज्ञानी इसको सहज–समान्य बताते हुए दलील देते हैं कि राजनीति और कूटनीति में कोई किसी का ना तो स्थायी शत्रु होता है और ना मित्र। स्थायी केवल स्वार्थ होता है और उस पर टिके रिश्ते होते हैं। लेकिन रिश्तों में स्वार्थ को ही सर्वोपरि बताने वालों को 'भारत भारती' में मैथिलीशरण गुप्त की लिखी इस बात पर भी ग़ौर करना चाहिए कि– **'हम कौन थे क्या हो गए और क्या होंगे अभी, आओ विचारें आज मिलकर ये समस्याएं सभी।'** **जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।**

## देश को आजादी किसी एक व्यक्ति के कारण नहीं मिली

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम की सामूहिक प्रकृति पर जोर देते हुए कहा कि देश की आजादी 1857 के

### नागपुर में बोले मोहन भागवत



विद्रोह से शुरू हुए व्यापक प्रयासों का परिणाम थी, न कि किसी एक व्यक्ति की उपलब्धि थी। नागपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि हमेशा इस बात पर बहस होती है कि देश को आजादी किसके प्रयासों से मिली। लेकिन वास्तविकता यह है कि यह आजादी किसी एक व्यक्ति के कारण नहीं मिली। इसके लिए प्रयास 1857 में शुरू हुए और हर जगह आग भड़क उठी; उसके बाद, यह आग कभी शांत नहीं हुई। प्रयास जारी रहे और सभी के सामूहिक प्रयासों से हमें आजादी मिली। सामूहिक विचार और निर्माण के महत्व को समझाते हुए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि संघ की दिशा सामूहिक विचार से तय होती है, संघ का काम एक या दो लोगों का काम नहीं है, संघ जो भी करता है और जो भी कहता है, वह सामूहिक निर्णय होता है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

## पुत्री के नामकरण की खुशियां मातम मे बदली, पिता सूरज हमेशा के लिए छिप गया

**पुवायां( स्वतंत्र भारत )।** पुत्री के नामकरण कार्यक्रम का सामान लेने के लिए बाइक से अपने दोस्तों के साथ पुवायां आ रहा था। तभी रास्ते मे किसी अज्ञात वाहन चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिस कारण उसकी मौत हो गई। दोस्त घायल हो गए। सूचना पर पहुची पुलिस ने मृतक के दोस्त को सीएचसी में भर्ती कराया और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। शनिवार की रात गांव करनापुर निवासी सूरज पुत्र देवशरन की अपनी पुत्री के नामकरण संस्कार का कार्यक्रम को लेकर दावत कर रहे थे। तभी घरेलू सामान लेने अपने दोस्त अमित पुत्र सुरेंद्र व मोनू पुत्र रामनरेश के साथ बाइक से पुवायां जा रहे थे। सामान लेकर वापस आ रहे थे तभी गांव धारा के पास किसी अज्ञात वाहन चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे सूरज की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। व पीछे बैठे अमित, मोनू, गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। सूचना पर पहुची पुलिस ने मृतक सूरज के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस वाहन चालक की तलाश कर रही है।

### एक वर्ष पूर्व हुई थी सूरज सिंह की शादी

सूरज सिंह की शादी एक वर्ष पूर्व जिला लखीमपुर खीरी के थाना औरंगाबाद निवासी सविता के साथ हुई थी। जब सविता न अपनी पति का शव देखा तो वह बेसुध हो गई। जिसके बाद रिश्तेदारों व परिजनों ने उन्हें ढाढ़स बढ़ाया। लेकिन पति के शव को देखकर सविता का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। परिजनों का कहना है कि अभी हाथों से मेहंदी भी नही छूटी थी।

### घर का इकलौता चिराग था सूरज, वो भी छिप गया

सूरज सिंह अपने माता पिता का इकलौते पुत्र थे। मृतक के पिता का कहना है कि यह हमारे बुढ़ापे का इकलौता सहारा था। सूरज की शादी पिछले वर्ष ११ जुलाई को लखीमपुर खीरी के औरंगाबाद से हुई थी। शव को देखकर माता, पिता व मृतक की पत्नी सविता के आखों से आँसू धमने का नाम नही ले रहे थे। बार बार यही कह रही थी है भगवान तुमने हमारे साथ बहुत बड़ा अन्याय किया हैं।

# पुलिस ने किया वृक्षारोपण, पर्यावरण स्वच्छ बनाने का दिया संदेश



**मिर्ज़ापुर, परौर -शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** थाना प्रभारी निरीक्षक परौर अशोक कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ थाना ग्राउंड में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को शुद्ध बनाने का संकेत दिया। उन्होंने एकत्रित टीम को वृक्षों के अनेक लाभ बताएं साथ ही बताया कि पेड़ लगाने से पर्यावरण शुद्ध होता है। साथ ही अधिक वृक्ष लगाने से बरसात भी अच्छी होती है। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों से थाने परिसर के अलावा अपने-अपने घरों में भी पांच-पांच वृक्ष लगाने की अपील की। इस मौके पर निरीक्षक रामसुंदर सिंह यादव, उपनिरीक्षक विनय शुक्ला,उपनिरीक्षक सुखेंद्र पाल सिंह, लाल सिंह, ओम प्रकाश सिंह, जीतू कुमार, कृष्ण पाल सिंह, मनोज कुमार सिंह, प्रभा चौधरी, पुलिस आरक्षी आशा रानी, मुख्य आरक्षी शिवपाल सिंह, दुर्गेश कुमार सिंह, पुलिस आरक्षी मोनू कुमार सहित पुलिस के सभी कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

# राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने ली बेवा अनुसुइया के बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी

## पति की मौत के बाद आर्थिक के तंगी का दंश झेल रही है बेवा

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** साल १९९० में अयोध्या मे कारसेवा करते समय शहीद हुए अयोध्या के नयाघाट निवासी वासुदेव गुप्ता की बेटी अनुसुइया गुप्ता खुटार के गांव इटौआ से है। २३ अप्रैल २०२४ को अनुसुइया देवी के पति आर्येंद्र गुप्ता का निधन हो गया था। पति के निधन के बाद आर्थिक तंगी से जूझ रही अनुसूइया गुप्ता के आगे रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई थी। जिस बजह से उनके आगे बेटी स्वर्णिमा गुप्ता, बेटे यश गुप्ता की पढ़ाई करने में भी दिक्कतें खड़ी हो गई थी। आर्थिक तंगी से जूझ रही कारसेवक वासुदेव गुप्ता की बेटी अनुसुइया की इस पूरी कहानी को विगत दिनो राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने सोशल



मीडिया पर देखा तो उन्होने इसे गंभीरता से लिया और शनिवार को अपने प्रतिनिधि मुनीश तिवारी को मौके पर भेजकर स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए। सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया के निर्देश पर प्रतिनिधि मुनीश तिवारी, हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश अ के संस्थापक अध्यक्ष अवनीश मिश्र के साथ इटौआ गांव पहुंचे। पीडित अनुसुइया और उनके बच्चो से वार्ता कर सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया को अनुसुइया पारिवारिक परिस्थितयों से अवगत कराया। जिस पर सांसद मिथिलेश कुमार ने तत्काल अनुसुइया की बेटी स्वर्णिमा का विटोली देवी डिग्री कालेज और बेटे यश गुप्ता का स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज कुसुमा खुटार में तत्काल निशुल्क एडमिशन कराकर पढाई कराने की जिम्मेदारी लेने के साथ ही अनुसुइया की विधवा पेंशन बंधवाने, प्रधानमंत्री आवास के लिए अधिकारियो से वार्ता कर आवास दिलाने सहित सरकार से हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया। जिस पर पीडित परिवार ने राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया का आभार जताया।

# व्यापार मंडल ने मनाया ईद मिलन समारोह

**शाहजहांपुर ।** ईद उल अ ?ह के मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से ईद मिलन समारोह का आयोजन इकबाल खान लकी अध्यक्ष बहादुरगंज पचराहा इकाई के निवास पर संपन्न हुआ जिसमें व्यापार मंडल के पदाधिकारी शामिल हुए और एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारक बाद पेश की इस मौके पर महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने कहा की व्यापार मंडल ईद होली दिवाली आदि सभी त्योहार मिलजुल कर मनाता है एक दूसरे के घर जाकर गले मिलते हैं और दुआ करतें हैं कि हमारे नगर की गंगा जमुनी तहज़ीब हमेशा बरकरार रहे अंत में लकी खान ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रविंद्र सिंह अध्यक्ष गोविंदगंज इकाई ,रेहान मिर्जा वरिष्ठ महानगर मंत्री, अशोक गुप्ता ,अरविंद मिश्रा, महेंद्र दुबे, कंचन गुप्ता, पंकज टंडन, डॉक्टर शब्बन, मो० आसिफ, राजू , शाह ?ब,सर्वे ? खान,राकेश गुप्ता, रोहित,हनी सिंह, आदि व्यापारी शामिल हुए।

# नदी में तैरता मिला महिला का शव

**रोजा,शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** शनिवार की दोपहर ट्रेन की चपेट में आकर एक अज्ञात युवक की जान चली गई, वही खन्नौत नदी में एक अज्ञात महिला का तैरता हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिये हैं। समाचार लिखें जाने तक शवों की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। शनिवार की दोपहर स्टेडियम के पीछे रेलवे टैक पार करते समय एक युवक किसी ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रोजा पुलिस और जीआरपी मौके पर पहुंच गई। वही लोदीपुर स्थित खन्नौत नदी में कुछ लोगों ने एक महिला का शव तैरता हुआ देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी द्य सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को नदी से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि दोनों शवों की पहचान नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि महिला का शव दो तीन दिन पुराना लगता है और पीछे से बहकर आ रहा हैं। फिलहाल शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

# मारपीट और गाली गलौज में मुकदमा दर्ज

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** थाना अंतर्गत मोहल्ला निजामगंज निवासी मोनू कुशवाहा ने बताया कि वह शनिवार की शाम लगभग ७:३० बजे अपने ठेले के कुछ काम से जा रहा था। मनोज हॉस्पिटल के पास बाबुद्दीन पुत्र बच्चू, फैजान, शोएब निवासी मौजमपुर बहा पर खड़े थे उन लोगों ने बिना किसी बात से मुझसे रोक लिया और मेरे साथ गली गलौज करने लगे जब विरोध किया तो उन्होने मार पीट करने जिससे वह घायल हो गया। जब आस पास के लोग इकठ्ठा हो गए तो जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में कर लिया मामले की जांच चल रही है।

# सीडीओ ने कल्यानपुर चमरौरा गौ आश्रय स्थल की परखी व्यवस्थाएं

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** शासन की मंशानुरूप जिले की गोशालाओं में पशुओं के लिए अच्छी व्यवस्था व खाने पीने को पर्याप्त चारा के लिए सीडीओ डा.अपराजिता सिंह ने संज्ञान लिया है, उन्होंने इसके अंतर्गत ददरौल कल्यानपुर चमरौरा गौआश्रय स्थल का निरीक्षण किया। गौशाला में उपस्थिति पंजिका, भण्डार पंजिका, लाग बुक आदि अभिलेखों की जांच की। ५८ गौवंश पाए गए, जिनमें से सभी का टीकाकरण कराया गया था। गौशाला में पर्याप्त मात्रा में भूसा और हरा चारा भी पाया गया। ग्रीष्म ऋतु में गौवंशों को हीटवेव से बचाव के लिए पर्याप्त इंतजाम करने और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पीएम श्री विद्यालय सिमरिया सहसपुर का भी सीडीओ ने निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों गुणवत्ता की जांच की और निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में सामग्री गुणवत्तायुक्त और मानक के अनुरूप होनी चाहिए। विद्यालय में एमडीएम शेड के चिन्हित स्थान पर अवैध कब्जे की जानकारी मिलने पर उन्होंने जमीन को तत्काल कब्जा मुक्त कराकर एमडीएम शेड निर्माण कराने के निर्देश दिए। जीरो पावर्टी योजना पीपीटी मॉडल जिला जालौन की तर्ज पर तैयार करने को सीडीओ ने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर गांव में जीरो पावर्टी योजना के अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित किया जाए। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना प्रगति समीक्षा, सीएम युवा लोन योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत से एक लाभार्थी को लाभान्वित करने की समीक्षा और राष्ट्रीय वृद्धावस्था, निराश्रित महिला और दिव्यांगजन पेंशन के सत्यापन और नए आवेदनों की स्वीकृति की स्थिति को देखा।

# मनरेगा में फर्जी फोटो अपलोड कर निकली जा रही धनराशि

**सिंधौली( स्वतंत्र भारत )।** विकासखंड सिंधौली की ग्राम पंचायत जमुनिया में रोजगार सेवक द्वारा अपने मोबाइल से फोटो खींचकर फोटो अपलोड कर दिये जा रहे है और फर्जी तरीके से हाजिरी लगाकर धनराशि लगातार निकली जा रही है और जिस जगह पर काम दिखाकर फर्जी फोटो अपलोड किये जा रहे हैं वहां पर आज तक काम हुआ ही नहीं है। यह फोटो कई महीने पुराने हैं। इस ओर कोई भी जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा है और जिले में यह एक बाढ सी आ गई है। फर्जी फोटो अपलोड करने वालों की कई



ग्राम पंचायतों में नाबालिकों को खड़ा करके फोटो अपलोड कर रहे हैं और कहीं तो ७० से ८० वर्ष के बुजुर्ग को मजदूर बनाकर फोटो अपलोड किया जा रहे हैं एवं कई ग्राम पंचायतों में हाजिरी तो महिलाओं के नाम लगाई जा रही है लेकिन फोटो में केवल पुरुष ही दिख रहे हैं जिससे पता चल रहा है की जमकर घोटाला हो रहा है लेकिन घोटाले पर जांच कमेटी तो बनती है लेकिन जाच दवकर रह जाती है। ''उक्त फोटो मेरे संज्ञान में आए हैं जांचकर विधि कार्रवाई कराई जाएगी।'' ग्राम पंचायत अधिकारी शाहनबाज खान, '' उक्त प्रकरण संज्ञान में आने के बाद विधिक कार्रवाई कराई जाएगी।'' बीडीओ सिंधौली

# कुत्तों ने गौवंशीय को नोचा, नहीं दिखाई दिए गौरक्षक

## उपजिलाधिकारी के आदेश के बाद मौके पर पहुंची पुलिस

**पुवायां( स्वतंत्र भारत )।** तहसील के गंगसरा गांव में एक दर्दनाक दृश्य सामने आया। जब एक गाय सड़क दुर्घटना में घायल होकर तड़पती रही और आसपास घूमते आवारा कुत्तों ने उसे नोचना शुरू कर दिया। जिसके बाद यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। तहसील के गांव गंगसरा में घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर पशु अस्पताल मौजूद है, लेकिन दुखद पहलू यह रहा कि वहां से कोई भी कर्मी मौके पर मदद के लिए नहीं पहुंचा। घायल गौमाता घंटों तड़पती रही, लेकिन प्रशासन और स्थानीय जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई भी सहायता नहीं मिली। सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में गौशालाओं के निर्माण के लिए भारी बजट दिया जाता है। इसके बावजूद सड़कों पर बेसहारा गायें घूमती और दम तोड़ती नजर आ रही हैं। यह न सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है बल्कि गौसेवा के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार पर भी सवाल खड़े करता है। वहीं जब घटना की जानकारी उपजिलाधिकारी को दी गई तो उन्होंने कोतवाल प्रभारी पुवायां को अवगत कराया इसके बाद पुवाया थाने से दरोगा करतार सिंह और दरोगा इमरान खान को भेजा गया साथ में जेसीबी मशीन भेजी गई। और गाय का अंतिम संस्कार कराया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि गौशालाओं में न तो ठीक से चारा-पानी की व्यवस्था है और न ही घायल पशुओं के लिए त्वरित उपचार की कोई सुविधा। ऐसे में सरकार द्वारा खर्च की जा रही करोड़ों की राशि आखिर जा कहां रही है।

### बिजली का तार हटाने के विवाद में घर में घुसकर पीटा

भावलखेड़ा(स्वतंत्र भारत)। थाना क्षेत्र के मिश्रीपुर गांव निवासी शबनम पत्नी नईम ने एफआईआर दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि बह घर बना रही थी। पुत्र से एक दिन पहले बिजली केबल हटाने को लेकर गांव के ही रहने वाले बाशिद पुत्र साबिर से विवाद हो गया था। इसी बात से नाराज होकर आरोपी घर में घुस आए हाथों में लाठी डंडे और तलबार थी। मारपीट में पति नईम गंभीर घायल हो गए। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपियों पर पहले से मारपीट आदि के मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर वासिद, शाकिर, इकबाल, सलमान, रहीम, नईम, सरताज के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

# पूर्णाहुति के साथ देव स्थापना संपन्न

## देव स्थापना से पूर्व निकाली गई शोभायात्रा

**पुवायां( स्वतंत्र भारत )।** क्षेत्र के गांव में नवनिर्मित मंदिर में देव स्थापना से पूर्व शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पांच मंदिरों से होते हुए मां काली के नवनिर्मित मंदिर पर आकर संपन्न हुई। जिसके बाद पूर्णाहुति के साथ देव स्थापना संपन्न हुई। क्षेत्र के गांव धारा में नवनिर्मित मां काली के मंदिर की स्थापना से पूर्व शोभा यात्रा निकाली गई। पुवायां से खुटार मार्ग पर गांव धारा के पास मां काली मंदिर स्थित था। जो नेशनल हाईवे के बाईपास निर्माण के तहत मार्ग के बीच आ गया। जिसके बाद नेशनल हाईवे के ठेकेदार द्वारा गांव के प्राचीन शिव मंदिर के पास मां काली के नए मंदिर का निर्माण कराया गया। जिसमें मां काली की प्रतिमा की स्थापना से पूर्व बैंड बाजे के साथ गांव धारा में स्थित नवनिर्मित मां काली मंदिर से गांव के प्राचीन शिव मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, नवीन शिव मंदिर पहुंची। जहां से बितौनी के नवीन शिव मंदिर से होते हुए गंगसरा के लहिया बाबा शिव मंदिर पहुंची । इस दौरान

### कन्याभोज व प्रसाद वितरण का किया गया आयोजन

आचार्य पं धर्मेंद्राचार्य एवं सहयोगी विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोचारण कर सभी शिवालयों पर विधि विधान से पूजा अर्चना सम्पन्न कराई गई। जिसके बाद यात्रा वापस धारा स्थित नवनिर्मित मां काली मंदिर पर आकर संपन्न हुई। जिसके बाद देव प्रतिमाओं को श्यानाधिवास कराया गया। जिसके अगले दिन हवन पूजन किया गया और पूर्णाहुति दी गई। तत्पश्चात मां काली एवं भगवान गणेश की प्रतिमाओं को स्नान करा श्रृंगार किया गया और विधि विधान से देव प्रतिमाओं को मंदिर में स्थापित किया गया। जिसके बाद यजमानों द्वारा मां का रूप कही जाने वाली कन्याओं को प्रसाद खिला उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। जिसके बाद चना हलवा के प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम आयोजक प्रदीप प्रजापति ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने वाले आचार्यों, यजमानों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महेंद्र प्रजापति, दामोदर प्रजापति, विशाल दीक्षित, मिंटू प्रजापति, सरजीत प्रजापति, मोहित गुप्ता, रवि गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, महेश गुप्ता, रोहिताश गुप्ता, आशीष प्रजापति, रमाकांत प्रजापति ,गौरव शर्मा, बृजेश प्रजापति,टन्ने लाल, मुनेश कुमार, रामू कोहली, विमलेश कोहली, जगतपाल, गुड्डू, भाईलाल, विमलेश, सुखलाल आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### सुंदरकांड पाठ के साथ भंडारा

**पुवायां।** पुवायां-मोहम्मदी रोड स्थित सूरबाबा स्थान पर सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद कन्या भोज के बाद सब्जी पूड़ी का भंडारा हुआ। कार्यक्रम में गोपीनाथ अग्निहोत्री, प्रमोद, संतोष, अनुपम, सुधीर अगिनहोत्री, कपिल गुप्ता, महेश शर्मा, शिवा शुक्ला, राजेश त्रिवेदी, अमरनाथ, प्रदीप शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# वित्तमंत्री ने विभिन्न स्थानों पर किया वृक्षारोपण

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने रविवार को डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के साथ मिलकर शाहजहांपुर में विभिन्न स्थलों पर वृक्षारोपण किया। यह कार्यक्रम एक पेड़ माँ के नाम २.० अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। वृक्षारोपण का कार्य सिंचाई डाक बंगला, कैंटोमेंट डाक बंगला, शहीद म्यूजियम, गन्ना शोध डाक बंगला, कल्याण सिंह सामुदायिक केंद्र, सर्किट हाउस पीडब्ल्यूडी और शहीद उद्यान में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंत्री श्री खन्ना ने कहा कि पर्यावरण की स्वच्छता और संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण न केवल प्रकृति की सेवा है, बल्कि यह मानवता की रक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। एक पेड़ न केवल ऑक्सीजन देता है, बल्कि वायुमंडल को शुद्ध करता है और प्राकृतिक सौंदर्य को भी बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाकर हम न केवल अपने परिवेश को स्वच्छ और सुंदर बनाते हैं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित जीवन की नींव भी रखते हैं। मंत्री ने जनसामान्य से अपील की कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखभाल करें, ताकि वे पेड़ बन सकें और दीर्घकाल तक पर्यावरण को लाभ पहुंचा सकें। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से प्लास्टिक जैसे हानिकारक पदार्थों के प्रयोग को समाप्त करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज मानव जीवन जिस संकट से गुजर रहा है, उसमें प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और वनों की अंधाधुंध कटाई प्रमुख कारण हैं। इन समस्याओं के कारण केवल मनुष्यों का ही नहीं, बल्कि संपूर्ण जीव-जंतुओं का अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि यह एक नैतिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी है, जिसे प्रत्येक नागरिक को निभाना चाहिए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि एक पेड़ माँ के नाम जैसा अभियान जनमानस को प्रेरित करेगा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

# स्वच्छता का ध्यान रख समाज को दे सकारात्मक संदेश: एडीएम प्रशासन

## राहगीरों को शरबत और प्रकृति को पौधा, समाजसेवियों की दोहरी सेवा

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** भीषण गर्मी से राहगीरों को राहत देने एवं पर्यावरण संरक्षण उद्देश्य से एक सराहनीय पहल के अंतर्गत राहगीरों को शीतल शरबत, बिस्कुट तथा फलदार व छायादार पौधे वितरित किए गए। सेवा कार्य में लगभग चार हज़ार से अधिक लोगों को शरबत पिलाया गया। समाजसेवियों ने यह संदेश भी दिया कि जिस प्रकार एक गिलास शरबत गर्मी से तात्कालिक राहत देता है, उसी प्रकार एक पौधा लंबे समय तक छाया और जीवनदायिनी वायु प्रदान करता है। इसीलिए राहगीरों को ताजगी के साथ-साथ जीवन और पर्यावरण बचाने का उपहार स्वरूप पौधे भी वितरित किए गए। मुख्य अतिथि एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने कहा कि सेवा के साथ स्वच्छता भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने सभी समाजसेवियों से अपील की कि ऐसे आयोजनों के अंत में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और समाज को सकारात्मक संदेश दें। उनके कथन से प्रेरित होकर समाजसेवियों ने आयोजन स्थल पर स्वयं झाड़ू से सफाई कर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने कहा कि ऐसी भीषण गर्मी में जहां लोग घरों से निकलना भी नहीं चाहते हैं, वही सामाजिक लोगों ने रहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से शर्बत वितरण कर अच्छा संदेश दिया। इसमें पौधारोपण के लिए पौधा वितरण काफी सराहनीय है। मुख्य अतिथि एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा, एडीएम वित्त अरविंद कुमार व विशिष्ट अतिथि यातायात प्रभारी विनय कुमार, पूर्व बार एसोसिएशन महासचिव एडवोकेट अतीत त्रिवेदी, अनूप त्रिवेदी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने राहगीरों को हाथों शरबत पिलाया एवं पौधे भेंट कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। शरबत वितरण कार्यक्रम में समाजसेवी नेहा यादव, अमित श्रीवास्तव, रागिनी श्रीवास्तव, आशीष शुक्ला, अक्ष सक्सेना, विक्रांत बखिया, अनुराधा पांडेय, दिव्यांशी मिश्र, अभिषेक, शुभम सागर, अधिराज, शगुन सक्सेना, एवं अंकित का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने तन-मन से इस सेवा कार्य में भागीदारी निभाई।

# देश में खुशहाली और आपसी सौहार्द्ध की दुआ मांगी

## लोगों से खचाखच भरा ईदगाह परिसर, मौलाना ने दी सड़कों पर नमाज न पढ़ने की हिदायत

**जलालाबाद ( स्वतंत्र भारत )।** बड़ी संख्या में लोगों ने ईद-उल-अजहा की नमाज ईदगाह में अदा की। गुनारा स्थित ईदगाह लोगों से खचाखच भर गयी। आलिम मौलाना मोहम्मद रिजवान खान ओवैसी ने ईद की नमाज पढ़ाई, मेम्बरे रसूल पर खड़े होकर उन्होंने खुतबा पढ़ा, बाद नमाजे ईद मौलाना ओवैसी ने मुल्क की खुशहाली व कौम की तरक्की की अल्लाह से दुआ मांगी। भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए इस बार ईद की नमाज का समय ७:१५ का रखा गया था जिसे मौके पर ५ मिनट बढ़ाया गया। हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की हालाते जिंदगी पर मौलाना रिजवान ने विस्तार से प्रकाश डाला और उन्होंने हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम की कुर्बानी का भी जिक्र किया। ईद की नमाज ईदगाह में पढ़ने के फायदे का भी ऐलान किया। ईद-उल-अजहा को कुर्बानी करना बतौर त्वाम उसे गरीबों में तकसीम करना क्यों जरुरी है मौलाना ने इसे तफसील से बताया। उन्होंने हजरते इब्राहीम द्वारा



अपने इकलौते पुत्र हजरत इस्मईल की कुर्बानी को आलमे इस्लाम के लिए सबक बताया। उन्होंने कहा कस्बे के रक्के से बाहर, खुले आसमान के नीचे, तेज धूप की षिद्दत से बेहाल लोग बारगाहे खुदा में खुद को समर्पित कर रहे हैं, अपने रब से बेपनाह मोहब्बत में लोगों के सिर झुके हुए हैं अपने सगीरा व कबीरा गुनाहों की मगफिरत चाहते हैं। मौलाना रिजवान ने कहा प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए कोई भी षख्स सड़क पर नमाज अदा नहीं करेगा। सभी लोग ईदगाह परिसर के अंदर ही नमाज पढ़ें, ईद की नमाज ठीक ७:२० बजे आरंभ हुई। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेष की। वारसी मो. आकिल सिद्दीकी ने अपने पर्तिष्ठान पर षर्बत का वितरण किया। इस मौके पर ईदगाह कमेटी के सदर अधिवक्ता आबिद अली खान, आसिफ अली खान, नबी आलम खान, अयूब अली खान, मोहम्मद वसी खान, चेयरमैन शकील अहमद खान, जाहिद अली खान, राशिद अली पूर्व प्रधान, हिफाजत करीम, सदाकत अली मंसूरी, एम. आई. खान पत्रकार, मुषर्रफ अली पूर्व प्रधान, राजा फतेह मो. खान, जुनैद खान, रजी अहमद खान, गुलाम गौस, युनुस अली, आबिद अली मंसूरी आदि बड़ी संख्या में लोगों ने ईदगाह में नमाज अदा की।

### कस्बे की मस्जिदों में हुई ईद की नमाज

इधर कस्बे के अलग-अलग मोहल्लों की मस्जिदों में ईद की नमाज पूरे जोष व उल्लास के साथ अदा की गयी। अधिकतर लोगों ने कुर्बानी की वजह से अपनी नजदीकी मस्जिद में ही नमाज अदा की। कस्बे की जामा मस्जिद, हजरत निजामषाह बर्री दरगाह वाली मस्जिद, बीच की चौपाल वाली मस्जिद, किले वाली मस्जिद, बारह पत्थर और खिरनी वाली मस्जिद, शहीद अहमद यार खान वाली मस्जिद वर्कजई आदि में ईद की नमाज अदा की गयी। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। षान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे। एसडीएम दुर्गेश यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी अजय कुमार राय व प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मय दलबल मौके पर मौजूद रहे।

### सफाई व्यवस्था हुई ध्वस्त

इस बार भी ईद के अवसर पर नगर में सफाई व्यवस्था का अच्छा इन्तजाम देखने को नहीं मिला, ईद की नमाज सम्पन्न होने के बाद तक गलियों से कचरा उठाया जाता रहा व कई जगह दिन भर कचरा पड़ा रहा, ईद की नमाज खत्म होने के बाद ही गलियों चूना आदि डाला गया जिसका कोई महत्व नहीं रहा।

# डिवाइडर से टकराकर बजरी भरा ट्रक क्षतिग्रस्त

**जलालाबाद।** लोक निर्माण विभाग की घोर लापरवाही के चलते इस प्रकार के हादसे आए दिन होते रहते हैं विशेष कर कटरा-बिल्हौर स्टेट हाईवे पर बना डिवाइडर दुर्घटना का कारण बन चुका है। ज्यादातर रात के सन्नाटे में इस प्रकार के हादसे इसलिए होते हैं कि डिवाइडर के प्रारंभिक छोर पर रिफ्लेक्टर नहीं लगा हुआ है। शनिवार की रात बरेली की ओर से बजरी लेकर जलालाबाद आ रहे एक ट्रक चालक को डिवाइडर नहीं दिखा और वह डिवाइडर पर चढ़ गया जिससे जनहानि तो नहीं हुई लेकिन ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया दिन का समय होता तो घटना बड़ी भी हो सकती थी। नगर वासियों ने डिवाइडर में रिफ्लेक्टर लगाए जाने की मांग की है।

# प्रेम संबंधों में आई दूरी, तो ईंट से हमला कर मार डाला

## एसपी ने किया घटना स्थल का निरीक्षण, आरोपी ने किया आत्मसमर्पण

**बंडा-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** प्रेम संबंधों में पनप गया शक, तो प्रेमी अपनी प्रेमिका को घर से घसीटकर ले गया और सड़क पर ले जाकर ईंट मारकर उसकी हत्या कर दी। मृतक की नाबालिग पुत्री ने आंखों देखी घटना बताते हुए होमगार्ड पद पर तैनात एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा किए बगैर रात में ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर आरोपी ने बंडा थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। गांव भानपुर निभुआचक निवासी किरन देवी के पति राजेश की करीब दस वर्ष पहले मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद उसका पड़ोस के ही गांव पड़रिया दलेलपुर निवासी होमगार्ड पद पर तैनात पुष्पेंद्र वर्मा नामक युवक से प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। दोनों के बीच लगातार कई वर्षों से प्रेम



प्रसंग चल रहा था जिसकी जानकारी पूरे गांव को थी। दोनों के बीच कई बार थाना पुलिस भी हो गया लेकिन कुछ ही देर बाद दोनों में सुलह हो जाया करती थी। किरन देवी की दो बेटियां बड़ी अंशिका और छोटी शीतल हैं। १६ वर्षीय अंशिका बाहर रहकर जागरण आदि में झांकी निकालती है। जबकि छोटी ११ वर्षीय पुत्री शीतल अपनी मां के साथ घर में रहा करती थी। शीतल ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब दस बजे आरोपी पुष्पेंद्र उसके घर आया और पहले तो वह उसकी मां से झगड़ा करता रहा उसके बाद उसने घर में पड़ी एक लकड़ी उठाकर उसकी मां को मार दी और घसीटते हुए घर से करीब २ सौ मीटर दूर गांव के बाहर लेकर चला गया। उसके पीछे उसकी नाबालिग पुत्री शीतल भी मां को छोड़ देने की गुहार लगाती रही लेकिन आरोप है कि प्रेमी युवक ने उसकी आंखों के सामने उसकी मां के सिर के पीछे ईंट मार दी जिससे कुछ देर तड़पने के बाद उसकी मां की मौके पर ही मौत हो गई। गांव में एक कार्यक्रम में चल रहे डीजे के चलते किसी को इसके बारे में जानकारी नहीं हुई। शीतल ने डायल ११२ पुलिस को मामले की जानकारी दी और मौके पर पहुंची बंडा पुलिस ने किरन के शव का पंचनामा किए बिना ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर पुलिस ने शीतल के बयान लेने के बाद आरोपी की तलाश करनी शुरू कर दी। वहीं शनिवार सुबह आरोपी पुष्पेंद्र ने थाने में आत्म समर्पण कर दिया। पुष्पेंद्र ने बताया कि जब पुलिस ने उसकी तलाश करते हुए उसके परिवार के लोगों को पकड़ लिया और थाने ले आई तब उसने आत्मसमर्पण किया। वहीं आरोपी पुष्पेंद्र ने बताया कि उसने अपनी प्रेमिका किरन की हत्या नहीं की है, पड़ोस गांव के तीन अन्य युवक हैं जो आए दिन उसकी प्रेमिका को परेशान करते थे, उसे शक है कि उसे फंसाने के लिए उन लोगों ने उसकी प्रेमिका की हत्या की हैं।

# ग्राम पंचायतों का हाल- विकास की आस...पैसा नहीं पास

**पुवायां-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** ग्राम पंचायत की हालत इस समय देखने लायक है, क्योंकि ग्राम पंचायत में दोनों सरकारें पैसा देती हैं। राज्य सरकार ग्राम पंचायत को हर एक महीने में ४८ हजार से लेकर ५० हजार देती है एवं केंद्र सरकार साल में केवल दो किस्ते ही देती है। जिसमें भी एक टाइट फंड एवं एक अंटाइड फंड। टाइट फंड की धनराशि का प्रयोग केवल पानी पर ही खर्च किया जाता है एवं अनटायड फंड का भुगतान अन्य सभी कार्यों में किया जाता हैं लेकिन वह किस्त साल भर में एक ही बार आती है। जिसमें ग्राम पंचायतों को ऊंट के मुंह में जीरा ही साबित होती हैं। राज्य वित्त की धनराशि लगभग ४८ हजार आती है उसमें प्रधान मानदेय, समूह भुगतान, पंचायत मित्र, बिजली बिल, ई रिक्शा चालक का भुगतान, कॉरपोरस फंड, गौशाला आदि में सारी धनराशि खर्च हो जाती है। कहां से हो विकास, यह एक सोचनीय विषय है। इस स्थिति में ग्राम पंचायतों में सड़क एवं इमारत का निर्माण कैसे हो सबको मालूम हैं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत हर घर जल हर घर नल की जव से योजना ग्राम पंचायतो में आई है तब से लगभग ग्राम पंचायतों को १० साल पहले पहुंचा दिया है क्योंकि अधिकतर ग्राम पंचायतो में सड़कें खोद का डाल दी और पानी भी नहीं चल पा रहा है जो की ग्राम पंचायतो ने पैसा लगाकर अच्छी सड़के बनवाई थी। उन सड़कों को ठेकेदारों ने तोड़ कर डाल दिया है और छोड़कर भाग गए। जोकि आज भी ग्राम पंचायतों में सड़के टूटी पडी है। इससे पता चलता है कि ग्राम पंचायतो को १० साल पहले पहुंचा दिया गया है। मनरेगा योजना के तहत लगभग १० माह से सामग्री में भुगतान नहीं हो सका। ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के तहत इंटरलॉक पंचायत भवन, शमशान घाट इत्यादि बनवाये जाते हैं। वित्तीय वर्ष २१-२२ में लगातार मनरेगा योजना के तहत भारी मात्रा में धनराशि उपलब्ध कराई गई थी। इस धनराशि को देखते हुए ग्राम पंचायतो के प्रधान, रोजगार सेवकों ने अपनी अपनी ग्राम पंचायतो में लगभग १० लाख रुपए की इंटरलॉक, पंचायत भवन की फर्मो से सामग्री लेकर लगा दी, लेकिन वित्तीय वर्षो २४-२५ में लगभग १० माह से सामग्री मद में भुगतान न आने के कारण प्रधानों को कोई फर्म वाला सामान देने को तैयार नहीं है क्योंकि जिन लोगों ने सामग्री दे दी उनका १० माह से भुगतान फंसा पड़ा है। इसलिए फर्म मालिक प्रधानों को सामग्री देने को तैयार नहीं है। उधर मनरेगा एवं ग्राम निधि दोनों में प्रधान एवं सचिव द्वारा फार्मो से सामग्री खरीदी जाती है। सामग्री खरीदे जाने के बाद कार्य पूर्ण होने पर अवर अभियंता के द्वारा मूल्यांकन के पश्चात भुगतान की प्रक्रिया को किया जाता है लेकिन ग्राम निधि में मनरेगा योजना के तहत लगभग १० माह बाद भी केंद्र से किस्त न मिलने के कारण कई फर्मे वंद होने की कगार पर हैं। फर्मो का ग्राम पंचायतों से मोहभंग फार्म मालिक ग्राम पंचायत को सामग्री देने से कतराते हैं क्योंकि मार्केट की कीमत पर सामग्री मिलती है और प्रधान को सामग्री देने के उपरांत लगभग १ साल बाद ही भुगतान न हो पाना एक जटिल समस्या है। इसलिए ग्राम पंचायतो को फर्मे सामान देना नहीं चाहती हैं। ग्राम पंचायतों को सामग्री यदि फर्म द्वारा दे दी गई तो फर्म मालिक यह ना समझे कि भुगतान जल्दी हो जाएगा क्योंकि भुगतान करने से पहले देखा जाता है कि उक्त कार्य का ग्राम पंचायत के द्वारा निविदा निकली गई है या नहीं। उसके बाद टेंडर स्वीकृत हुआ है या नहीं। उक्त कार्य कार्ययोजना में कार्य है या नहीं सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो डोंगल एक्सपायर प्रधान या सचिव का यदि डोंगल भी ठीक-ठाक रहा तो पंचायत भवन में लाइट नहीं इनवर्टर खराब सब कुछ ठीक साइड बंद कुल मिलाकर फर्मो को भुगतान लेना टेढ़ी खीर के बराबर है। इसलिए ग्राम पंचायत में सामग्री फर्मे देना नहीं चाहती। ''भारत सरकार से जल्द ही धनराशि प्राप्त होने वाली है भुगतान किया जाएगा।'' डी.सी मनरेगा शाहजहांपुर

# व्यापार मण्डल के सहयोग से सभी दुकानों पर चिपकाए गए स्टीगर

**शाहजहांपुर।** घंटाघर पर व्यापार मण्डल के महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम अपनी व्यापार मंडल के स्थानीय पदाधिकारियो के साथ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी जी, अपर पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार जी , अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भावरे दीक्षा एवं टीएसई विनय कुमार पांडेय सदर थाने की टीम के साथ घंटाघर से मशीनरी मार्केट होते हुए बहादुरगंज तक पुलिस अधीक्षक द्वारा बनवाये गए स्टीगर सभी दुकानों पर चिपकाए गए । इस मौके पुलिस अधीक्षक राजेश दीवेदी ने सभी से अहवाहन किया गया की बाज़ार में दो पहिया वाहन सफेद पट्टी के अंदर रखे बाज़ार में यातायात के नियमों का पालन करे। महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने कहा कि कोई भी चार पहिया वाहन मेन बाज़ार में खड़ा करके ना जाये उसी से जाम लगती है उसकी सूचना ट्रैफिक विभाग को देवे सभी दुकानदारों से कहा की ग्राहकों की मोटरसाइकिल सफेद पट्टी के अंदर लगवाये जिससे ट्रैफिक बाधित नहीं होगा। इस मौके पर कंचन गुप्ता , पंकज टंडन , रविन्द्र सिंह , हनी सिंह,अशोक गुप्ता, प्रमोद मल्होत्रा,योगेन्द्र अरोड़ा,लकी ख़ान , रेहान मिर्जा , डॉ शब्बन आदि प्रमुख बाज़ारी के प्रतिनिधि शामिल हुए ।

# पत्नी का गला रेतकर मौत के घाट उतारने वाला पति गिरफ्तार

**जलालाबाद।** धारदार हथियार से पत्नी का गला रेतकर मौत के घाट उतारने वाला पति पुलिस ने गिरफ्तार किया है गुनारा गांव की प्रीति की शुक्रवार देर शाम धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई थी। जिसमें पति सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था मौके से फरार हुए पति को पुलिस तलाश रही थी जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर आला कत्ल बरामद कर लिया है। जिला हरदोई के थाना शाहबाद के गांव कालागढ़ी निवासी धर्मवीर की पत्नी सुशीला ने जलालाबाद पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने बेटी प्रीति की शादी १ साल पहले गुनारा निवासी नरेश के बेटे अजय के साथ की थी ससुराली दहेज में बाइक की मांग पर अड़े थे तभी कुछ दिन के लिए बेटी को मायके बुला लिया था। शुक्रवार की देर शाम सूचना मिली कि उसकी बेटी की हत्या कर दी गई है रोते बिलखते परिजन बेटी की ससुराल गुनारा पहुंचे तो वह खून से लथपथ चारपाई पर पड़ी थी गला कटा हुआ था सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और फरार हुए पति की तलाश में पुलिस की टीमें गठित कर तलाश शुरू की। शनिवार देर रात पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। तहरीर के मुताबिक पुलिस ने दामाद अजय व उसके भाई विजय, भाभी रेशमा, नंद बिट्टू, बहनोई मुकेश तथा बिचवनिया राम विकास के विरुद्ध दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया। इधर मृतका की मां ने बताया कि दामाद बेटी को लगातार प्रत्याड़ित कर रहा था, फोन पर बात भी नहीं करता था, उन्होंने बताया की शादी के समय बाइक ना लेकर दामाद ने सोने की चेन मांग ली थी। अब कुछ दिनों से दामाद बाइक की मांग पुन: करने लगा था जिसको लेकर वह बेटी को प्रत्याड़ित करता रहता था इसी सिलसिले में उसने प्रीति की हत्या कर दी। उधर हत्यारे अजय के पिता नरेश ने बताया कि उसका बेटा पत्नी को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार को परेशान करता था, जिससे परेशान होकर उन्होंने लगभग ६ माह से किनारा कर लिया था। बेटे व बहू को एक मकान व दुकान दे दिया था जिसमें वह लोग रहते थे परिवार के किसी भी सदस्य से आना जाना भी नहीं था वह अपने बड़े बेटे विजय व उसकी पत्नी के साथ अलग मकान में रहता है शुगर, ब्लड प्रेशर व चरम रोग से ग्रसित है अपने जीवन के दिन काट रहा है, ६ माह पहले ही उसकी पत्नी का स्वर्गवास हो गया है बेटे ने अपनी पत्नी को कैसे मार डाला उसे इसकी कोई जानकारी नहीं है।

# इग्नू जून सत्रांत परीक्षाएं १२ से होगी शुरू

**शाहजहांपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) से अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए जून २०२५ सत्र की सत्रांत परीक्षाएं १२ जून से आरंभ होकर १९ जुलाई ल तक चलेंगी। यह जानकारी इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि इग्नू के लखनऊ क्षेत्रीय केंद्र के अंतर्गत आने वाले ३२ जिलों के परीक्षार्थियों हेतु कुल १८ परीक्षा केंद्रों पर इन परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। इन केंद्रों पर इग्नू के हजारों छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित होंगे। डॉ. मिश्रा ने जानकारी दी कि इस बार ल स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज पर भी इग्नू की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इन केंद्रों पर विद्यार्थियों की सुविधा के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।परीक्षाएं दो पालियों में संचालित की जाएंगी। प्रथम पाली सुबह १० बजे से दोपहर १ बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर २ बजे से शाम ५ बजे तक सम्पन्न होंगी। स्वामी शुकदेवानन्द कॉलेज शाहजहांपुर के समन्वयक डॉ. प्रभात शुक्ल ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों को विकलांगता से संबंधित दिशा-निर्देशों का क?ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। यह सुनिश्चित किया गया है कि दिव्यांग छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें सुगमता से परीक्षा देने का अवसर प्राप्त हो। सभी छात्रों को परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए इग्नू द्वारा जारी हॉल टिकट तथा विद्यार्थी परिचय पत्र मुख्य रूप से लेकर आना है। इसके अभाव में किसी भी छात्र को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा हॉल में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, ब्लूटूथ डिवाइस आदि को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है। परीक्षा के दौरान यदि कोई छात्र नियमों का उल्लंघन करते पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। छात्रों को सलाह दी गई है कि वे समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचें ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

# १९ लोगों को भेजा गया नेत्र आपरेशन के लिये

**शाहजहांपुर।** सावन कृपाल रूहानी मिशन की स्थानीय शाखा कृपाल आश्रम के तत्वाधान में. २७वाँ मोतियाबिन्द नेत्र आपरेशन शिविर का आयोजन शंकरा आई हास्पिटल कानपुर के सहयोग से किया गया। शंकरा आई हास्पिटल, कानपुर से आयी टीम डा० पंखुड़ी, अनुज शर्मा, अमरजीत, इकलाख, गायत्री का संस्था के अध्यक्ष गिरीश चन्द्र गुप्ता उपाध्यक्ष, हरपाल अग्रवाल, सचिव डॉ० के०सी० रस्तोगी, रामकुमार मौर्य, गौर कौर आदि ने स्वागत किया। सचिव एवं प्रबन्धक डॉ० कैलाश चन्द्र रस्तोगी ने बताया कि सावन कृपाल रूहानी मिशन कृपाल आश्रम सदैव सेवा के कार्यों जैसे- रक्तदान, नेत्र परीक्षण चिकित्सालय, महिला सिलाई केन्द्र, होम्योपैथिक चिकित्सालय आदि के कार्यों में तत्पर रहता है। इसी कड़ी में हर माह के दूसरे रविवार को मोतियाबिन्द नेत्र आपरेशन शिविर लगाकर पी?त मानवता की सेवा करने का प्रयास किया जाता है।

# डीआईओएस ने निलंबन आदेश का किया अनुमोदन

**जलालाबाद( स्वतंत्र भारत )।** काकोरी शहीद इंटर कालेज की प्रबंध समिति की बैठक के प्रस्ताव के आधार पर विद्यालय प्रबंधक के आदेश दिनांक १ अप्रैल द्वारा अनुशासनहीनता, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से मारपीट, धमकी व प्रवक्ता को प्रत्याड़ित व अभद्र भाषा का प्रयोग करने एवं अनुपस्थित रहकर उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर करने, समिति के पदाधिकारियों के खिलाफ अभद्र भाषा प्रयोग करने, प्रधानाचार्य व लिपिक को धमकाने प्रबंधक को प्रबंधक ना मानने जैसे गंभीर आरोप लगने के बाद मनोज कुमार सिंह कनिष्ठ सहायक को निलंबित किया गया था जिसके सिलसिले में गत १५ मई को जिला विद्यालय निरीक्षक के समक्ष अपना-अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया था। संबंधित पक्षों द्वारा प्रस्तुत किया गया अभिकथन तथा उपलब्ध कराए गए सुसंगत पत्राजातों एवं कार्यालय में गठित पत्रावली में उपलब्ध पत्राजातों के परीक्षण से स्पष्ट होता है कि अपचारी कनिष्ठ सहायक द्वारा विद्यालय में गंभीर अनुशासनहीनता करने तथा विद्यालय का वातावरण तनाव पूर्ण करने की स्थिति जो अत्यंत गंभीर प्रमाणित प्रतीत होती है। इस संदर्भ में जिला विद्यालय निरीक्षक हरवंश कुमार द्वारा निर्णय लेते हुए उक्त समीक्षा के आधार पर आरोप गंभीर होने की स्थिति में मनोज कुमार सिंह कनिष्ठ सहायक के दिनांक १ अप्रैल २०२५ को किए गए निलंबन का अनुमोदन उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा अधिनियम १९२१ भाग-१ की धारा १६ छ के विनिमय (७) के अंतर्गत प्रदान किया है जिसकी प्रतिलिपि संयुक्त शिक्षा निदेशक बरेली मंडल बरेली, वित्त एवं लेखाधिकारी शाहजहाँपुर को भी भेजी गई है।

# सीएम के जन्मदिन पर किया भंडारे का आयोजन

**शाहजहांपुर।** विश्व हिंदू महासंघ जिला शाहजहांपुर द्वारा हनुमत धाम पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के जन्मदिन के उपलक्ष में भंडारा का आयोजन किया गया । हनुमत में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आकर बाबा के दर्शन कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। मंडल प्रभारी बरेली संजय गुप्ता ने कहा की इस प्रकार के कार्यक्रम ११ जून तक चलेगे जिला अध्यक्ष राजन सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज के जन्मदिन के उपलक्ष में विश्व हिंदू महासंघ के द्वारा स्वाभिमान सप्ताह का आयोजन किया गया जो कि दिनांक ५ से ११ जून तक विभिन्न प्रकार के भंडारे एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए गा इसके नियमित आज हनुमत धाम में भंडारे का आयोजन किया गया।
जिसमें मुख्य रूप से जिला महामंत्री सुनील कुमार श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार, जिला प्रभारी बलराम सिंह, जिला संयोजक विक्रम कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता प्रकोष्टि एड पवन कुमार, जिला मंत्री राजाराम, अजय सिंह, आयुष श्रीवास्तव ,भानू प्रताप,दाता राम, शेर बहादुर, जयराम , रोहित, विकास, मनोज कुमार, अशोक कुमार, आशीष, राकेश कुमार, योगेश, मधुबाला, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जल सेवा कर राहगीरों को पिलाया ठंडा शर्वत

**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व सैनिको द्वारा मनोकरण मंदिर रेती में एक जल सेवा का आयोजन कर राहगीरों को ठंडा शर्वत पिलाया गया। पूर्व सैनिकों द्वारा यह यह जल सेवा अपने भूतपूर्व महासचिव स्वर्गीय सुबोध दीक्षित जी की स्मृति में की गयी। कार्यक्रम में सुबोध दीक्षित जी के परिवार सहित समाजसेवी सरदार राजू बग्गा, सुरेंद्र कश्यप आदि लोगों की गरिमामई उपस्थिति रही । कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष रमेश दीक्षित सहित मनोज अवस्थी (कोषाध्यक्ष) सुदेश मिश्रा (महासचिव) योगेंद्र त्यागी(संगठन मंत्री) एड. पी पी सिंह, सोमेश मौर्या, पुष्पेंद्र शुक्ला, हरिओम सिंह, एमपी सिंह, राजेश मौर्या, शोभित शुक्ला, पवन तिवारी, अवधेश मिश्रा विवेक भारती, नवीन मिश्रा, राधे श्याम आदि पूर्व सैनिको ने उपस्थित रहकर जल सेवा की।

# जिला कांग्रेस ने किया विधिक सहायता शिविर का शुभारंभ



**शाहजहांपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में युवा कांग्रेस द्वारा राजीव भवन, कांग्रेस कार्यालय में निशुल्क विधिक सहायता शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश गुप्ता (मुन्ना), जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राम जी अवस्थी (एड.), महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष अर्चना बाल्मीकि,नि.जिला उपाध्यक्ष गायत्री प्रकाश अवस्थी (एडवोकेट) व विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रमोद पांडेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश गुप्ता (मुन्ना) ने कहा कि यह शिविर आम जनता की कानूनी समस्याओं को निशुल्क समाधान प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के हर दुख-दर्द में साथ ख?ी है और उनकी समस्याओं के निदान के लिए प्रतिबद्ध है। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राम जी अवस्थी(एड.) ने बताया कि इस शिविर में विधिक विशेषज्ञों की टीम आम लोगों की कानूनी उलझनों को सुनकर उनके समाधान के लिए निशुल्क सलाह और सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल समाज के हर वर्ग को न्याय तक पहुंचाने के लिए उठाया गया कदम है। अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष श्री सईद अंसारी ने कहा कि यह शिविर विशेष रूप से उन लोगों के लिए लाभकारी होगा जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और कानूनी सहायता प्राप्त करने में असमर्थ हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की। यह निशुल्क विधिक सहायता शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को प्रात: ११ बजे से राजीव भवन में आयोजित होगा, जहां लोग अपनी कानूनी समस्याओं के लिए विशेषज्ञों से परामर्श ले सकते हैं। जिला कांग्रेस कमेटी ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे इसी प्रकार आने वाले शिविरो में भाग लें और अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें।शिविर में प्रमुख रूप से हाइकोर्ट अधिवक्ता आकाश पांडेय,आलोक शर्मा,निहाल खान,प्रशांत शंखधार,अरुण दीक्षित,मनमोहन मिश्रा,दीपक वर्मा आदि योग्य अधिवक्ताओ द्वारा समस्याओं को सुनकर उनको हल कराया गया।आज समस्याओं में प्रमुख रूप से जमीन कब्जा,श्रम विवाद,पारिवारिक विवाद आदि से सम्बंधित समस्याओं का मौके पर सुनकर उनको विधिक सहयता दी गयी साथ ही अभिभावकों व अन्य प्रशासनिक समस्याओं को भी मौके पर सुनवाई कर हल कराया गया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश दीक्षित,अनिल श्रीवास्तव,सुशील प्रकाश शर्मा,संजय सक्सेना,कृष्ण विनोद मिश्रा,हरनाम कटियार,अनिल श्रीवास्तव,सोभित मिश्रा,प्रत्युष मिश्रा,शहनबाज खान,शाश्वत मिश्रा,अनस अंसारी,नितिन तिवारी,जितेंद्र पाल,केशव मिश्रा,अनुभव कटारिया,सुधांशु मिश्रा,हितेंद्र प्रजापति, दीपांश वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# ईओ ने किया गौशाला का निरीक्षण, व्यवस्थाएं मिली चाक चौबंद

**अल्हागंज( स्वतंत्र भारत )।** विगत दिनों एसडीएम जलालाबाद के द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र का औचक निरीक्षण सुबह-सुबह किया गया था। जिस दौरान गौशाला में गंदगी एवं गोवंश को पानी पिलाने वाले कुंड में गंदा पानी निरीक्षण के दौरान मिला था। इसके बाद नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी ने गौपालक पर कार्रवाई करते हुए हटाया था। अधिशासी अधिकारी ने गौशाला पहुंचकर औचक निरीक्षण किया और नए गौपालक का उत्साह वर्धन किया। आपको बताते चले कि विगत दिनों एसडीएम जलालाबाद के द्वारा सुबह-सुबह औचक निरीक्षण नगर क्षेत्र का किया गया था। जिस दौरान गौशाला में एसडीएम को गंदगी मिली थी और गोवंश को पानी पिलाने वाले कुंड में भी गंदा पानी भरा मिला था। जिसको देखकर एसडीएम ने नाराजगी व्यक्त की थी जिसका संज्ञान लेते हुए नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी शैलेश पांडे ने गौपालक को ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने पर गौपालक को हटा दिया गया। नए गोपालक को ड्यूटी पर लगा दिया था। शनिवार को अधिशासी अधिकारी शैलेश पांडे एवं अन्य नगर पंचायत कर्मचारी के साथ गौशाला का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। गौशाला में सफाई एवं प्रकाश की व्यवस्था का जायजा लिया। साफ सफाई एवं गोवंश को पानी पिलाने वाले कुंड में साफ पानी भरा मिला। जिसके लिए नए गोपालक का अधिशासी अधिकारी ने उत्साहवर्धन किया। शैलेश पांडेय अधिशासी अधिकारी ने बताया एसडीएम जलालाबाद के निर्देशानुसार गौशाला में व्यवस्थाएं चाक चौबंद करा दी गई है। गौपालक ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने कारण हटाकर, दूसरे गौपालक को गौशाला की जिम्मेदारी सौपी है। मेरे द्वारा स्वंय निरीक्षण किया गया था। सारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद मिली है।

# काकुत्स्थ विकास महासभा ने किया शर्बत वितरण

**शाहजहांपुर।** काकुत्स्थ विकास महासभा १०००२ व्दारा काकुत्स्थ महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं लडडू का भोग लगाकर शर्बत वितरण किया गया। काकुत्स्थ विकास महासभा ने गदियाना तिराहे पर बर्फखाने के सामने टेन्ट लगाकर राहगीरों को शर्बत का वितरण किया । भंयकर गर्मी मे राहगीरों को शर्बत पिलाकर उनके सूखे गले को राहत दी। कार्यक्रम मे रमेश काकुत्स्थ,जिला अध्यक्ष राजेश काकुत्स्थ, मुकेश काकुत्स्थ, सुरेश काकुत्स्थ, मीरा काकुत्स्थ, चन्द्र प्रकाश काकुत्स्थ, सुभाष आदि सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# खजूर न देने पर महिला व उसके बच्चों को मारा पीटा

**मिर्ज़ापुर, परौर -शाहजहांपुर ( स्वतंत्र भारत )।** थाना क्षेत्र के गांव हरी नगला मजरा हरनोखा थाना परौर निवासी पूजा पत्नी तेजराम ने प्रभारी निरीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका लड़का अरविंद खजूर तोड़कर लाया था। खजूर गांव के अवधेश ने खाने को मांगे लड़के ने खजूर देने से मना कर दिया। तभी मेरे लड़के को अवधेश, अवधेश की पत्नी गीता, अवधेश के लड़के आशीष, अवधेश के भाई जागेश्वर, ने मुझे मेरे लड़के अरविंद व बच्चों को लाठी डंडों एवं लात घूसों से मारा पीटा व गंदी गंदी गालियां दी तथा जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में महिला ने उपरोक्त लोगों के विरुद्ध जांच के उपरांत कार्यवाही की मांग की है।

# एलपीजी: इसके सुरक्षित उपयोग को समझना जरुरी: अनुज

**जलालाबाद( स्वतंत्र भारत )।** विश्व एलपीजी दिवस के अवसर पर अंश माडर्न इंडेन गैस सर्विस जलालाबाद स्वामी ई. अनुज गुप्ता द्वारा विशेष सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र की उन महिलाओं के लिए कार्यशाला रखी गई जो घरों में एलपीजी गैस का उपयोग भोजन पकाने के लिए करती हैं। ई. अनुज गुप्ता ने कहा कि महिलाएं एलपीजी के सुरक्षित उपयोग के बारे में जागरूक हों तो घटनाएं व दुर्घटनाएं होने से बच सकती हैं, वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी का उपयोग तेजी से बढ़ा है



लेकिन इसकी जानकारी के अभाव में लोग सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करते जिससे गंभीर घटनाएं घटित हो जाती हैं। कार्यशाला में इंजीनियर अनुज गुप्ता ने बताया कि एलपीजी हमारे जीवन को सरल और सुविधाजनक बनता है लेकिन इसके सुरक्षित उपयोग को समझना और उसपर अमल करना अत्यंत आवश्यक है छोटी सी लापरवाही हादसे का कारण बन सकती है इसलिए माताऐं व बहनें गैस का सावधानी पूर्वक उपयोग करें। कार्यशाला में बताया गया सिलेंडर की जांच, रेगुलेटर की फिटिंग, चूल्हे का सुरक्षित उपयोग, गैस लीक की पहचान, अग्नि सुरक्षा के उपकरणों का उपयोग और आपातकालीन स्थिति में उचित कदम उठाने की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को सुरक्षा पुस्तिका भी प्रदान की गई महिलाओं ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की मांग रखी।

# पुरानी रंजिश के चलते दो भाइयों को पीटा

**भावलखेड़ा।** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के सराय काइया मोहल्ला निवासी इरफान उर्फ लल्ला पुत्र बलीउल्ला ने एफआईआर दर्ज कराई है। इरफान का आरोप है कि वह ७ जून को अपने मकान से थोड़ी दूरी पर मजार के पास बैठा हुआ था। जहां पुरानी रंजिश को लेकर आशिक, आमिर, आरिफ और तस्लीम ने गाली गलौज की गाली गलौज का विरोध किया तो मारपीट शुरू कर दी सभी ने डंडो बेल्टो आदि से मारा पीटा। इरफान और भाई एहसान घर की ओर भागे तो आरोपियों ने घर में बंद कर मारपीट की और धमकी देते हुए भाग गए। घटना में इरफान और एहसान घायल हो गए हैं। एहसान के एक हाथ और एक पैर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने आशिक पुत्र नासिर, आमिर पुत्र आशिक, आरिफ पुत्र आशिक, और आरिफ पुत्र नसीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत, मां-बाप घायल

## रविवार सुबह खुटार बंडा मार्ग पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास हुआ भीषण हादसा



**खुटार( स्वतंत्र भारत )।** खुटार बंडा रोड पर निर्माणधीन ओवरब्रिज के पास बंडा की ओर से आ रही कार ने बाईपास से आ रहे बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार पति पत्नी और उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची १०८ एंबुलेंस तीनों घायलों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां से उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। लेकिन परिजन तीनों को पीलीभीत के निजी अस्पताल ले गए। जहां से युवक को बरेली के लिए रेफर किया गया। परिजन उसे बरेली ले जा रहे थे, तभी उसने दम तोड़ दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने हादसे के बाद कार और बाइक को कब्जे में लेकर थाने पर खड़ा कर दिया है।

पीलीभीत जनपद के थाना पूरनपुर के गांव गहलुइया में रहने वाले ४० वर्षीय शरीफउल्ला अपनी पत्नी मीरा बी, २० वर्षीय बेटे गुलाब खां के साथ बाइक से निर्माणाधीन बाईपास से होकर खुटार के गांव कैहमरिया के मजरा चठिया में अपने साढू के घर ईद मिलने के लिए जा रहे थे। सुबह ९:३० बजे के करीब जब वह निर्माणाधीन बाईपास से खुटार बंडा रोड पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार से बंडा की ओर से आ रही कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगते ही बाइक सवार पति-पत्नी और उनका बेटा उछलकर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद राहगीरों ने मामले की सूचना डायल ११२ पुलिस के साथ ही डायल १०८ एंबुलेंस को दी। खबर लगते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पहुंचाया। जहां उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पीडित परिवार के लोग अस्पताल पहुंच गए और वह तीनों घायलो को शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज ले जाने के बजाय पीलीभीत ले गए। जहां उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से गुलाब खां की हालत देखते हुए डॉक्टर ने उसे बरेली ले जाने की सलाह देते हुए रेफर कर दिया। परिवार के लोग गुलाब खां को बरेली ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। गुलाब खां की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसा करने वाली कार और बाइक को कब्जे में लेकर थाने पर खड़ा कर दिया है। घटना से परिवारिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जबकि घायल सरीफुल्ला और उनकी पत्नी मीरा बी का पीलीभीत के अस्पताल में उपचार चल रहा है। गाडी खुटार के रुरा गांव निवासी खाद व्यापारी की बताई जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में महिला सहित दो लोग घायल

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** बीती रात शनिवार को सड़क दुर्घटना में अलग-अलग जगहों पर एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए। इलाज को सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। थाना मदनापुर गांव दिउचरा निवासी कल्यान तिलहर से बाइक पर घर को जा रहे थे। बरखेड़ा जयपाल मार्ग पर गांव वंधीचक के पास रात ९:३० बजे अज्ञात बाइक से टक्कर हो गई। जिससे बाइक चालाक कल्यान गंभीर रूप से घायल हो गए। बही इलाज को सीएचसी में भर्ती कराया। जहाँ डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया और हालत बिगड़ने पर परिजनों ने कटरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। थाना क्षेत्र के गांव जन्यूरी निवासी भानु बाइक से पत्नी पूनम को घर ले जा रहे तभी रात १० बजे निगोही मार्ग गांव डभौरा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक पर सवार पूनम गंभीर रूप से घायल हो गई। भानु के हल्की चोट लग गई। इलाज को सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीर अवस्था में महिला को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# गोद भराई के एक दिन पहले युवती प्रेमी संग हुई फरार

## युवती व प्रेमी के परिजनों के बीच पूरे दिन चली पंचायत

**खुटार( स्वतंत्र भारत )।** गोद भराई की रस्म होने से एक दिन पहले ही एक युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर दोनो के परिजनो के बीच पूरे दिन पंचायत होती रही। लेकिन बात नहीं बनी। युवती प्रेमी के साथ शादी की जिद पर अडी है। घटना को लेकर तरह तरह की चर्चाएं रही है। थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती पड़ोस के एक गांव में बने स्कूल में प्राइवेट टीचर के पद पर तैनात थी। जबकि उसी स्कूल में क्षेत्र के एक दूसरे गांव का युवक भी प्राइवेट टीचर के पद पर तैनात था। दोनों में काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उधर युवती के परिजनों ने उसकी शादी जनपद खीरी के मोहम्मदी थाना क्षेत्र में तय कर दी थी। जिसकी गोद भराई विगत शनिवार को होनी थी कि युवती शुक्रवार को ही प्रेमी टीचर को अपने गांव बुला लिया और घर से चुपके से उसके साथ फरार हो गई। युवती के घर में मौजूद न होने पर परिजनों ने उसकी इधर-उधर खोजबीन शुरू की। जिस पर पता चला कि पड़ोस के ही गांव में रहने वाला एक टीचर जोकि युवती के साथ ही पढाता था, वह लेकर गया है। जिस पर युवती के परिजन उक्त टीचर के घर पहुंचे और दोनों के परिजनों में बैठकर पूरे दिन पंचायत चलती रही। युवती के परिजनों ने युवती को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन युवती अपने परिजनों के साथ घर जाने को राजी नहीं हुई और प्रेमी के साथ ही शादी करने की जिद पर अड़ी रही। जिस पर युवती के परिजन युवती को उसके प्रेमी के घर ही छोड़कर वापस घर चले गए। उधर प्रेम प्रसंग के चलते गांव व क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं होती रही। बताते चलें कि युवक व युवक एक ही बिरादरी के होने के कारण किसी ने भी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की जरूरत नहीं समझी। थाना प्रभारी आरके रावत ने बताया कि इस मामले में थाने में किसी प्रकार की सूचना नहीं है सूचना मिलने पर जांच की जाएगी।

# भैंसी नदी को पुनर्जीवित करने के लिए डीएम ने कई घाटों का किया निरीक्षण

**पुवायां( स्वतंत्र भारत )।** डीएम ने रविवार को कई समाज सेवी और भैंसी बचाओ के कार्यकर्ताओं के साथ नदी के कई घाटों पर पहुंचकर निरीक्षण किया और उसको पुनर्जीवित करने की एक योजना अधिकारियों के साथ बने इस दौरान जिला अधिकारी ने कहा है की भैंसी नदी को पुनर्जीवित करने में जो भी समस्याएं आएंगी उन्हें किसी भी तरीके से दूर किया जाएगा। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह रविवार १० बजे भैंसी नदी को पूर्ण जीवित करने के उद्देश्य से निकले और सबसे पहले उन्होंने गोमती और भैंसी नदी के संगम पन्न घाट पर पहुंचकर नदी का निरीक्षण किया नदी को कैसे पुनर्जीवित किया जा सकता है वहां घाट पर मौजूद ग्रामीण और इससे पहले भैंसी नदी बचाओ के कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत की और उनसे पूछा किस तरीके से नदी को जीवित किया जा सकता है क्या-क्या समस्याएं आएंगे जिन्हें हटाया जाएं। कुछ लोगों ने बताया कि भैंसी नदी को जोत कर लोगों ने कब्जा कर लिया है कहीं प्रशासनिक
नॉलेज छोड़ दिए गए हैं कहीं डंपिंग ग्राउंड बना दिया गया है तो इस दौरान जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि नदी को पुनर्जीवित करने के लिए कोई भी समस्या आडे आएगी उसको दूर किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश हैं की नदी जहां भी विलुप्त हो रही हैं उनको जीवित किया जाए। शाहजहांपुर में भैंसी नदी को पुनर्जीवित किया जाने की योजना है प्रयास यह है कि ३ महीने के अंदर नदी को पुनर्जीवित करने का प्रयास हो सके। इस दौरान भारतीय नदी बचाओ अभियान के तहत डॉ विजय पाठक, राजीव सिंह, केके गुप्ता, आलोक मिश्रा, संजय त्रिपाठी, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, विपिन शुक्ला सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### गहलुइया पहुंचकर भैंसी नदी को शारदा नहर से जोड़ने के दिए निर्देश

**बंडा।** लोकभारती संस्थान के पुरजोर प्रयासों के बाद आखिरकार जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने भैंसी नदी को पुनर्जीवित करने के फैसले पर मुहर लगाते हुए खुद को भी उसका हिस्सेदार बना लिया। दरअसल लोकभारती संस्थान कोरोना काल से पहले से ही भैंसी नदी को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने में जुटा हुआ था। जहां नदी को बचाने के लिए संगठन के द्वारा आए दिन कई तरह के कार्यक्रमों को आयोजित किया गया जिसमें आम जनता को जागरूक करने के साथ साथ नदी की साफ सफाई भी कराई गई थी। नदी के मिटते हुए अस्तित्व को बचाने के लिए संगठन के प्रयासों के चलते पूर्व में नदी को शारदा नहर से जोड़कर काफी दूरी तक पानी पहुंचाया गया था लेकिन कोरोना काल के आते ही सब कुछ बंद करना पड़ गया। इसी को देखते हुए पिछले कुछ माह से लोकभारती संस्थान कई अन्य संगठनों के साथ मिलकर भैंसी नदी का पुनरुत्थान द्वितीय चरण को लेकर लगातार कार्यक्रम किए जा रही थी। इसी दिशा में लोकभारती संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर विजय पाठक, प्रान्त उपाध्यक्ष राजीव सिंह, कुंवर नीरज सिंह सहित कई अन्य कार्यकर्ता जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह से मिले थे। जिसके बाद से जिलाधिकारी ने पुवायां में पन्नघाट को स्थलीय निरीक्षण किया। उसके बाद रविवार को ब्लॉक बंडा के गांव गहलुइया पहुंचकर भैंसी नदी को गहलुइया से निकली शारदा नहर से जोड़ने के निर्देश दिए।

# वित्तमंत्री ने किया २४ परियोजनाओं का शिलान्यास

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत २४ परियोजनाओं का ४२४.२२ करोड़ का शिलान्यास ८ जून को शहीद द्वार टाउनहाल में मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नगर आयुक्त डा. बिपिन कुमार मिश्र द्वारा मंत्री को बुके देकर स्वागत सम्मान किया गया। संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी द्वारा महापौर को बुके देकर स्वागत सम्मान किया गया। इसके साथ ही अन्य अतिथियों का भी स्वागत सम्मान किया गया। इसके उपरांत नगर आयुक्त द्वारा अपने सम्बोधन में कार्यक्रम में उपस्थित सभी का स्वागत सम्बोधन किया। महापौर द्वारा अपने सम्बोधन में नगर निगम के चौमुखी विकास के लिए मंत्री का आभार जताया। इस अवसर पर वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा महानगर वासियों को सौगात देते हुए ४२४ करोड़ की २४ परियोजनाओं का शिलान्यास बटन दबाकर किया गया। इसके उपरांत मंत्री द्वारा २४ परियोजनाओं के विषय मे अवगत कराते हुए कहा गया कि नगर निगम, शाहजहांपुर को स्मार्ट सिटी के रूप में भी विकसित किया गया, जिसमें सभी को अपने कर्तव्यों को समझकर महानगर को बेहतर बनाना पड़ेगा। महानगर वासियों से अपील की गई कि महानगर को शुद्ध वातावरण उपलब्ध कराने हेतु ज्यादा से ज्यादा पौधे रोपित करने व उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाने की अपील की गई।

### इन २४ परियोजनाओं का हुआ शुभारंभ

अमृत २.० योजना अन्तर्गत पुनर्गठन पेयजल योजना लागत १८५.०० करोड पेयजल पुनर्गठन योजना के अन्तर्गत २१ नलकूप ६ ओवरहेड टैंक, ३३३ कि.मी. पाइप लाइन एवं ४५००० घरों को पेयजल कनेक्शन से आच्छादित किया जायेगा। राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजना अन्तर्गत ककरा में कन्वेंशन सेंटर- लागत ३४.९० करोड़ ककरा स्थित कन्वेंशन सेंटर १५०० व्यक्तियों की क्षमता का होगा जिसमें ८ सुसज्जित कक्ष, १ सभागार, ४ सामान्य कक्ष, लिफ्ट के साथ दो मंजिल भवन का निर्माण होगा तथा पर्याप्त हरित क्षेत्र एवं पार्किंग स्थल भी विकसित होगा। मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना अन्तर्गत स्पोर्टस काम्प्लेक्स निर्माण। राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजनान्तर्गत कामर्शियल काम्प्लेक्स का निर्माण। राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजनान्तर्गत ककरां में अर्बन हॉट एंड प्लाजा लागत-रूपए २२.३९ करोड शाहजहाँपुर में ककरा कांकर कुण्ड में निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय के निकट अर्बन हॉट एंड प्लाजा का निर्माण कराया जायेगा। राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजनान्तर्गत केरूगंज चौराहा पाकड चौकी से (एस०टी०पी०) व गौशाला से होते हुए एन०एच० ३० शाहजहाँपुर बरेली हाइवे तक स्मार्ट रोड के निर्माण कार्य। राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजनान्तर्गत शहीद द्वार में प्लेनेटोरियम का निर्माण। अमृत २.० योजनान्तर्गत लोधीपुर में २४झ७ जलापूर्ति का कार्य। मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना अन्तर्गत शहीद द्वार में मैकनाईज्ड कार पार्किंग का निर्माण। राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजनान्तर्गत पक्का पुल से नए पुल तक पक्की दीवार एवं पथ विकास के साथ हनुमतधाम के चारों ओर सौन्दर्गीकरण का कार्य। राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजनान्तर्गत नगर निगम शाहजहाँपुर में वार्ड नंबर-६ मोहल्ला अजीजगंज में शमशानघाट से जिला चिकित्सालय के पीछे होते हुए एन०एच० तक हाटमिक्स सड़क निर्माण कार्य। राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजनान्तर्गत रोजा में जोनल कार्यालय/जोनल नागरिक सुविधा केन्द्र। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना अन्तर्गत शाहजहाँपुर में विभिन्न ३४ स्थलों पर विकास कार्य। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत चिनौर में कल्याण मंडप निर्माण। राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजनान्तर्गत गाँधी भवन का सौन्दर्दीकरण। राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजनान्तर्गत नगर निगम, शाहजहाँपुर में व्यस्ततम मार्गों पर स्टील रेलिंग लगाये जाने का कार्य। राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजनान्तर्गत ककरा कांकर कुण्ड में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजनान्तर्गत हरित शवदाह गृह की स्थापना। उपवन योजना अन्तर्गत मियाँवाकी पार्क एवं उपवन विकास कार्य सहित २४ परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम का समापन जिलाधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, नगर आयुक्त डॉ० बिपिन कुमार मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व अध्यक्ष, कार्य-कारिणी के उप-सभापति, कार्यकारिणी सदस्य, पार्षद, जन-प्रतिनिधि व नगर निगम से अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन कवि डा. इंदु अजनवी द्वारा किया गया।

# मिर्ज़ापुर के युवक की दिल्ली में निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर दर्दनाक मौत

**मिर्ज़ापुर( स्वतंत्र भारत )।** लगभग १५ वर्षों से दिल्ली में रहकर मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करने वाले क्षेत्र के ग्राम शेरपुर कोरिया निवासी ६० वर्षीय बुधपाल सिंह की निर्माणाधीन बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से गिरकर दर्दनाक मृत्यु हो गई। जिससे मृतक का परिवार बेहद दुखी है। शाहजहांपुर जिले के मिर्ज़ापुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत शेरपुर कोरिया निवासी मृतक बुधपाल सिंह की पत्नी छोटी बिटिया ने रोते बिलखते हुए बताया कि उसके पति गांव में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने दिल्ली से गांव आए थे। लगभग १५ दिन गांव में रहकर वे बीती एक जून को दिल्ली चले गए थे। बीती पांच जून को उसे सूचना मिली कि उसके पति बुधपाल सिंह की निर्माणाधीन बिल्डिंग में मजदूरी करते समय तीसरी मंजिल से गिर कर मृत्यु हो गई। पति की मृत्यु की सूचना पर वह अपने नाबालिग बड़े पुत्र विकास सिंह व अन्य परिवार के लोगों के साथ दिल्ली गई,तब पुलिस ने उनका पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव उसे सौंपा। मृतक का शव ग्राम शेरपुर कोरिया आने पर मृतक की पत्नी छोटी बिटिया, बड़ी बेटी २१ वर्षीय प्रेसी, १६ वर्षीय विकास सिंह व सबसे छोटे पुत्र दस वर्षीय कन्हैया का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी का कहना है कि अब उसके परिवार का गुजारा कैसे होगा। कमाने वाला तो चला गया।

# शराब बनाने के उपकरण और सैकड़ों लीटर लहन व शराब के साथ ६ लोग पकड़े

**पुवायां।** पुवायां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग जगह से छह लोगों को पकड़ा हौ जिनके पास से ५०० लीटर लहन और १२५ लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। इसके अलावा आरोपियों के पास से शराब बनाने के उपकरण में भट्टी आदि भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लक्ष्मी नारायण निवासी चादर गोटिया, जय देवी पत्नी मनीराम निवासी बिजला बढारू, मनीराम निवासी बिजला बढारू, ऋषिपाल मुखिया निवासी ग्राम बितौनी, राजेंद्र निवासी कुंवरपुर रघुवीर निवासी कुंवरपुर थाना पुवायां को शराब और लहन के साथ गिरफ्तार किया है। इस दौरान आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में दरोगा यतेंद्र पाल सिंह, करतार सिंह, महिला दरोगा मनीषा चौधरी, धीरज सिंह, रामनरेश, सुनील कुमार, विपुल मलिक, बिजेंदर, पुरनपाल, निर्दोष कुमार आदि लोग टीम में शामिल रहे।

# बाइक के पैसे मांगने पर युवक ने पीटकर किया घायल

**बंडा( स्वतंत्र भारत )।** बाइक खरीद में धोखाधड़ी करने के बाद युवक द्वारा पैसे वापस मांगने पर आरोपी ने सिर पर हमला कर दिया। खून से लथपथ पीड़ित बंडा थाने पहुंचा और कार्यवाही की मांग की। जनपद पीलीभीत के थाना घुंघचिहाई के गांव गुलड़िया भूपसिंह निवासी विजय कुमार ने कुछ दिन पहले बंडा कस्बे के एक मोहल्ले के युवक से ४७,५०० रुपए में बाईक खरीदी थी जिसमें युवक ने कहा था कि वह बाइक की बची हुई किश्तें समय पर फाइनेंस वालों को देता रहेगा लेकिन युवक ने ऐसा नहीं किया जिस पर फाइनेंस वाले बाईक खींचकर अपने साथ लेकर चले गए। जिसके बाद से लगातार विजय बाईक विक्रेता से अपने पैसे वापस मांग रहा था। पैसे वापस न करने पर विजय ने शुक्रवार को बंडा थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी जिस पर कोई भी कार्यवाही नहीं हुई। रविवार को जब विजय आरोपी की दुकान पर पैसे वापस मांगने पहुंचा तो आरोपी उसे गालियां देने लगा। गालियों का विरोध करने पर आरोपी ने विजय के सिर पर डंडा मार दिया जिसके बाद पीड़ित खून से लथपथ बंडा थाने पहुंचा और दोबारा तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। जहां पुलिस ने उसे मेडिकल परीक्षण के लिए बंडा के सरकारी अस्पताल में भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि दोनों पक्षों में झगड़े के साथ साथ मारपीट हुई है। तहरीर मिली है, जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## ईद की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न, गले मिलकर दी मुबारकबाद

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** शनिवार को नगर के मौजमपुर और उम्मरपुर के ईदगाहों पर शांतिपूर्ण तरीके से पुलिस बल की मौजूदगी में ईद की नमाज संपन्न हो हुई। मोहल्ला मौजमपुर स्थित बड़ी ईदगाह और उम्मरपुर स्थित ईदगाह पर पुलिस बल की मौजूदगी में शांतिपूर्ण तरीके से प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बीच ईद की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। मौजपुर ईदगाह से जाने वाले कच्चे रास्ते पर सर्व सहमति से इस बार ईद की नमाज ना पढ़कर ईदगाह में ही पढ़ी गई। नमाज के बाद गले मिलकर व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, कांग्रेस नेता चांद अंसारी व सपा छात्रसभा के जिलाउपाध्यक्ष कामरान अंसारी साहित तमाम नागरिकों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। उम्मरपुर ईदगाह में मौलाना जुबैर ने ईद की नमाज पढ़ाई। इसके बाद सपा नेता लाल बाबू ने सबसे गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। गांव ख्वाजा सराय उर्फ सरैया में कारी मखदूम अशरफने ईद उल फित्तर की नमाज पढ़ाई और सपा ज़िला सचिव नईम हुसैन लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दी। इस दौरान एसडीएम डॉ रविन्द्र कुमार, सीओ ज्योति यादव, कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार एवं उपनिरीक्षक देवेश कुमार सहित पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# पति सहित नौ लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट

**खुटार( स्वतंत्र भारत )।** जनपद लखीमपुर के मैलानी थाना क्षेत्र के गांव बांकेगंज निवासी स्वर्गीय राजीव कुमार की पत्नी मुन्नी देवी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन्होंने अपनी ननद रितु सिंह जोकि अनाथ थी। जिसकी शादी खुटार क्षेत्र के गांव हरिहरपुर निवासी छोटे लाल के बेटे सूरज के साथ २३ जून २२ को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार की थी। जिसमें उन्होंने अपनी सामर्थ्य के अनुसार काफी दान दहेज भी दिया था। शादी हो जाने के बाद कुछ समय तक ससुराली जन दहेज से संतुष्ट रहे। लेकिन कुछ समय बाद रितु से कहा कि अपने मायके से २ लाख रुपए की नगदी लेकर आओ। जिस पर रितु ने अपने मायके वालों को दो लाख रुपये देने की बात की। जिस पर मायके वालों ने दो लाख देने से इनकार कर दिया। जिस पर ससुरालीजन रितु को शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना देने लगे। जिस पर रितु ने मायके पहुंचकर पूरी घटना बताई। जिस पर दोनों पक्षों में दो लाख अतिरिक्त दहेज को लेकर कई बार पंचायते भी हुई। लेकिन ससुरालीजन २ लाख की नगदी लेने पर डटे रहे। जिस पर पति सूरज, ससुर छोटेलाल, सास प्रेमा देवी, देवर निलेश, ननद लज्जा देवी, प्रियांशु देवी, रुचि देवी व जेठ रविंद्र व सुरेंद्र ने १८ मार्च २५ को ऋतु के साथ जमकर मारपीट कर उसकी हत्या कर दी। हत्या करने के बाद ससुराली जनों ने मायके बगैर सूचना दिए ही ऋतु के शव का आनन फानन में अंतिम संस्कार भी कर दिया था। मुन्नी देवी ने बताया कि संस्कार हो जाने के बाद उन्हें गांव के एक व्यक्ति द्वारा फोन से सूचना दी गई। जिस पर वह गांव पहुंची और जानकारी की। जिस पर ससुराली जनों ने उन्हें भी गाली गलौज कर भगा दिया। जिस पर मुन्नी देवी ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। मुन्नी देवी की तहरीर पर पुलिस ने कोई भी कार्रवाई ना कर उसे ठंडे वस्ते में डाल दिया। जिस पर उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने मुन्नी देवी के प्रार्थना पत्र के आधार पर पति सहित नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश कर दिया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सभी नौ लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

### रिक्शा खड़ा करने के विरोध पर मारपीट

**भावलखेड़ा( स्वतंत्र भारत )।** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मिश्रीपुर गांव के रहने वाले इकबाल ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इकबाल का आरोप है कि वह लोक पुरवा थाना मझिला जनपद हरदोई का रहने वाला है। मिश्रीपुर में उसने एक प्लाट खरीदा था। इस प्लाट को बनवाने परिवार समेत आया हुआ था। प्लाट के सामने तकदीर पुत्र नईम रिक्शा लेकर आया और सामने खड़ा कर दिया। इकबाल ने रिक्शा हटाने को कहा तो तकदीर, शकील, नसीम, नेईम आदि तलवार और लाठी डंडे लेकर आ गए और परिवार को बेरहमी से पीटा। मारपीट में वासिद, इकबाल, सलमान, हसीना पत्नी वासिद, साकिर, आसमा पत्नी साकिर निवासी मिश्रीपुर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों का इलाज जिला अस्पताल में कराया है। घटना में वासिद पुत्र साबिर गंभीर रूप से घायल हो गया।

# त्याग, बलिदान और कुर्बानी का त्योहार ईद-उल-अजहा शांति एवं सौहार्द पूर्ण संपन्न

## धूमधाम के साथ मनाया गया बकरीद का त्योहार, एक दूसरे को दी मुबारकबाद




**निगोही-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** बकरीद जिसे ईद उल अजहा या ईद उल जुहा के नाम से भी जाना जाता है। इस्लाम धर्म का एक प्रमुख त्यौहार है। यह पर्व हर साल इस्लामिक कैलेंडर के आखिरी महीने की दसवीं तारीख को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है जो शनिवार के दिन शांति व्यवस्था के साथ सकुशल संपन्न हुआ। ईदगाह में ईद उल जुहा की नमाज़ अदा की गयी और एक दूसरे को गले मिल कर मुबारक बाद दी गयी। एसडीएम, नायब तहसीलदार, सीओ के नेतृत्व में काफी सुरक्षा बल मुश्तैद रहा। सभी राजनीतिक दलों, स्वयंसेवक संगठन एवं प्रशासनिक अधिकारियों, गणमान्य लोगों ने ईद के पावन अवसर पर क्षेत्र की जनता को मुबारकबाद दी। स्थानीय कस्बे के प्रमुख ईदगाहों में ईदगाह गुलशन ए राजा में मौलाना साईद उल कादरी, ईदगाह गौस नगर में हाफिज मौलाना फजल खान, जामा मस्जिद में हाफिज तस्लीम रजा नूरी, इस्लाम नगर गोटिया में हाफिज जामिल अली, खेड़े वाली मस्जिद में मौलाना मोहम्मद उबैस ने नमाज अदा करायी। मुल्क में अमन चैन तरक्की के लिए दुआ की। जहां
हजारों मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा की वहीं ग्रामीण अंचलों में ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज अदा की गयी। लोग एक दूसरे के गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दिया तथा मंगल भविष्य की कामना की। दूसरे अन्य संप्रदाय के लोगों ने मुस्लिम भाइयों के घरों में जाकर मुबारकबाद दे रहे हैं। इस बार पूरे क्षेत्र में एक साथ ईद का त्यौहार मनाया गया। कस्वा के गौस नगर ईदगाह में बेतहाशा भीड़ थी। ईद का त्योहार मोहब्बत भाईचारे का संदेश देता है। इस मौके पर पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, निगोही नगर पंचायत चेयरमैन मनोज वर्मा, सभासद संतराम सक्सेना, जिला पंचायत सदस्य पति समाजसेवी सत्यपाल एडवोकेट, व्यापार मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना कुशवाहा, रवि कुशवाहा, मोवीन इदरीसी आदि लोगों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार अति गरीबों में खैरात बांटी और ईद के मौके पर मुबारकबाद दी।

**कांट।** त्याग बलिदान और कुर्बानी का त्योहार ईद उल अजहा शांति एवं सौहार्द पूर्ण संपन्न हो गया। नमाज के बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हो गया। बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की। नगर की बड़ी ईदगाह में भारी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने पहुंचकर ईद उल अजहा की नमाज अदा की। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना रिजवान राजा खान ने नमाज अदा कराई। सभी ने अल्लाह से मुल्क की तरक्की, खुशहाली एवं शांति सौहार्द की कामना की। इसके अलावा नगर की कई अन्य मस्जिदों के अलावा रावतपुर बरेंडा, भानपुर, उमरहा सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में भी ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई गई। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष रईस मियां, अधिशासी अधिकारी नूरजहां, शमसुद्दीन सिद्दीकी, प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह, अपराध निरीक्षक सत्य सिंह, जामा मस्जिद ईद गाह कमेटी के अध्यक्ष शहजाद अहमद खान, डॉक्टर शोएब खान, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, सपा नेता लखन प्रताप ने एक दूसरे को बधाई दी है।





# खबर एक नजर

## ट्रस्ट के डॉ हरिओम बाजपेयी उपाध्यक्ष व डॉ कल्पना मिश्रा सचिव हुई नियुक्त

**लखीमपुर-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** लखनऊ के हजरतगंज में बहुत बड़े स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, नगर विकास मंत्री ए के शर्मा, वन मंत्री अरुण सक्सेना, विधान परिषद के सभापति मानवेंद्र सिंह, राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री राष्ट्रीय कवि वेद व्रत बाजपेयी जी व कई अन्य वरिष्ठ चिकित्सको ने बढ़ चढ़कर भाग लिया वहीं पर डॉ हैनीमैन चैरिटेबल ट्रस्ट के फाउंडर डॉ आदर्श त्रिपाठी के द्वारा डॉ हरिओम बाजपेयी को उपाध्यक्ष व डॉ कल्पना मिश्रा को सचिव नियुक्त किया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय कवि वेद व्रत बाजपेयी, डॉ आदर्श त्रिपाठी व जिलाध्यक्ष डॉ अमित शुक्ला के द्वारा नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया ट्रस्ट का उद्देश्य गरीब एवं असहाय मरीजों की मदद करना समय समय पर फ्री कैम्प के माध्यम से लोगों के बीच होम्योपैथी दवाओं का प्रचार प्रसार कर होम्योपैथी को आगे बढ़ाना है।



## मुकदमा पंजीकृत

**मोहम्मदी खीरी (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली अंतर्गत प्रार्थी वेदप्रकाश पुत्र रामपाल( जाति पासी )निवासी ग्राम दूधोरिया थाना मोहम्मदी जिला लखीमपुर खीरी का निवासी है, वादी द्वारा थाना पर प्रार्थना पत्र दिया कि घटना दिनांक 25७5७2025 समय करीब 17रू00 बजे शाम की है वादी ग्राम दूधोरिया थाना मोहम्मदी ब्रहम बाबा मंदिर स्थित मंदिर पर महात्मा के लिए गोबर कंडा लेकर वाटी बनाने के लिए लेकर गया था तभी गांव के ही चंद्रप्रकाश व प्रवीण व पंकज पुत्रगण जगदीश प्रसाद (जाति पंडित )ने मंदिर पर कंडा ले जाते हुए देखा उक्त विपक्षीगण आग बबूला हो गए , वादी को गंदी-गंदी मां बहन की गलियां देने लगे कहा कि साले पासी के दिमाग खराब हो गए हैं इसने मंदिर पर कंडा व महात्मा की सेवा करके मंदिर का अछूत कर दिया है साले पसिया सुन ले यदि दोबारा मंदिर पर दिखाई दिया तो हम लोग तुझे जान से मार डालेंगे । वादी ने जब गलिया देने से मना किया तो उक्त विपक्षगण लाठी डंडो से मारा पीटा इतने में गांव के तमाम लोग आ गये जिन्होंने घटना को देखा और वादी को बचाया विपक्षी गन्दी गन्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए, उपरोक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0स0423७25 धारा 115(2)७352७351(3) इदे व 3 (1)द,ध व 3(2)अ बध्ेज बज 1.चंद्रप्रकाश 2.प्रवीण 3 पंकज पुत्रगण जगदीश प्रसाद निवासी उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत कर विवेचना क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी महोदय द्वारा सम्पादित की जायगी।

## निघासन मे नहीं थम रही चोरियाँ

**निघासन-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** थाना क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।खैराहनी के बाद बरोठा के एक गुड़ व्यापारी के यहां चोरो ने निशाना बनाते हुए ढाई लाख रुपए की नगदी समेत अन्य समान चोरी कर फरार हो गए। व्यापारी ने इसकी सूचना झण्डी पुलिस को दी है। निघासन थाना क्षेत्र के ग्राम खैराहनी में चोरों ने निशाना बनाया था पुलिस उसका खुलासा कर पाती की चोरों ने बरोठा के गुड़ व्यापारी महेश कुमार के यहां निशाना बनाते हुए में गेट का ताला तोड़ कर लाकर तोड़ कर ढाई लाख रुपए की नगदी समेत कासे के बर्तन चोरी कर ले गये।पिड़ित व्यापारी महेश ने की लिखित तहरीर झण्डी पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है।

## सोशल मीडिया पर असलहा लहराना पड़ा भारी, आरोपी को दबोचा

**लखीमपुर खीरी (स्वतंत्र भारत)।** सोशल मीडिया पर अवैध असलहे का प्रदर्शन करना एक युवक को भारी पड़ गया। थाना सिंगाही पुलिस ने शुक्रवार देर रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से एक अवैध अद्धा (315 बोर तमंचा) बरामद किया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।जानकारी के अनुसार, ग्राम बंजरिया फार्म निवासी काका सिंह उर्फ फत्ते सिंह पुत्र हरभजन सिंह सोशल मीडिया पर अवैध तमंचा लहराते हुए वीडियो पोस्ट कर रहा था। इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा को मिली, जिसके बाद उन्होंने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी निघासन के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी अजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि, सोशल मीडिया के माध्यम से डर और दहशत फैलाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। अवैध हथियारों से समाज में खौफ फैलाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।पुलिस टीम में उपनिरीक्षक कृष्णचंद्र तिवारी, हेड कांस्टेबल राजीव कुमार, कांस्टेबल पोपिल बंसला व कुलदीप यादव शामिल रहे। पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ थाना सिंगाही में मुकदमा संख्या 133७25, धारा 3७25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है और लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है।

## नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में विवाद के बाद बदला फाइनलिस्ट

**पड़रियातुला (स्वतंत्र भारत)।** स्वर्गीय सोमा देवी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला संपन्न हुआ। गोला विधायक अमन गिरी ने फीता काटकर और बल्ले से शॉट खेलकर टूर्नामेंट के फाइनल मैच का उद्घाटन किया। मूल फाइनल एसआरएस टाइगर्स और किंग्स इलेवन पंजाब के बीच होना था। किंग्स इलेवन के बल्लेबाज लकी के बल्ला बदलने के लिए क्रीज छोड़ने पर रन आउट की अपील हुई। मैन अंपायर ने बिना लेग अंपायर से सलाह लिए बल्लेबाज को आउट दे दिया। लेग अंपायर के हस्तक्षेप पर बल्लेबाज को नॉट आउट करार दिया गया। इस फैसले से नाराज एसआरएस टाइगर्स मैदान छोड़कर चली गई। कमेटी ने सेमीफाइनल में पराजित खन्ना वॉरियर्स को फाइनल में मौका दिया। 8 ओवर के मैच में किंग्स इलेवन पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 87 रन बनाए। छोटू ने 17 गेंदों में 48 रन की पारी खेली। खन्ना वॉरियर्स की टीम 69 रन ही बना सकी। भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह ने विजेता टीम को ट्रॉफी और नगद पुरस्कार प्रदान किया। लकी को टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन और विकेट लेने के लिए मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। कार्यक्रम में एडवोकेट मनोज खन्ना, दिनेश गुप्ता, विजय सिंह, अमन प्रीत सिंह,श्याम खन्ना,रामनरेश मौर्य,कमांडो ओमकार सिंह समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# जिलेभर में अकीदत के साथ पढ़ी गई बकरीद की नमाज, चला कुर्बानियों का दौर






- **डीएम-एसपी सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने किया मस्जिदों व ईदगाहों का दौरा**
- **बच्चों में बांटे टॉफी व बिस्किट**

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर खीरी।** बकरीद के अवसर पर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने गोटैय्याबाग मस्जिद, ईदगाह और खीरी टाउन का दौरा कर यह संदेश दिया कि प्रशासन केवल नियमों का पालन कराने वाला तंत्र नहीं, बल्कि समाज के हर सुख-दुख में भागीदार भी है।भ्रमण के दौरान डीएम और एसपी ने बच्चों को टॉफियां और बिस्कुट बांटे। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जहां स्वच्छता व्यवस्था और घर-घर अवशेष संग्रह प्रणाली का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा, वहीं एसपी संकल्प शर्मा ने शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस बल की तैनाती की समीक्षा की। बकरीद के इस अवसर पर खीरी में अमन, शांति और भाईचारे की मिसाल कायम हुई। पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा और पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

**खीरी।** कस्बा खीरी में शुक्रवार को ईद-उल-अजहा का पर्व मुस्लिम समाज द्वारा हर्षोल्लास, उत्साह और पूर्ण अमन-चैन के साथ मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम बहुल मोहल्लों में रौनक दिखी। लोग नए पारंपरिक वस्त्र पहनकर मस्जिदों व ईदगाहों की ओर रवाना हुए। ईदगाह और मस्जिदों में सामूहिक रूप से नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान देश की सलामती, आपसी भाईचारे और अमन-शांति के लिए दुआ मांगी गई। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और कुर्बानी का सिलसिला शुरू हो गया। नमाज के बाद लोगों ने अपने-अपने घरों में कुर्बानी अदा की। कुछ जगहों पर सामूहिक कुर्बानी भी की गई, लेकिन प्रशासन की गाइडलाइन का पूरी तरह पालन किया गया। पीस कमेटी बैठकों में पहले ही खुले में कुर्बानी न करने, साफ-सफाई बनाए रखने और सौहार्द बिगाड़ने वाली कोई गतिविधि न करने की अपील की गई थी। खीरी कस्बे की प्रमुख मस्जिदों और ईदगाह पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। संवेदनशील स्थानों पर लगातार गश्त की गई। साथ ही सोशल मीडिया पर निगरानी रखी गई ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। ईदगाह पर अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम, सीओ रमेश कुमार तिवारी, थाना प्रभारी विवेक उपाध्याय, खीरी चैकी प्रभारी साधना यादव, सदर एसडीएम अश्वनी सिंह, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार तथा चेयरपर्सन प्रतिनिधि फहीम अहमद भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मौके पर रहकर पूरी व्यवस्था का जायजा लिया और त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के प्रयासों को सुनिश्चित किया। धार्मिक मान्यता अनुसार, ईद-उल-अजहा तीन दिन तक मनाया जाता है, लेकिन पहले दिन की कुर्बानी का विशेष महत्व होता है। इसी को लेकर शुक्रवार को अधिकतर लोगों ने कुर्बानी की रस्म अदा की। फिलहाल खीरी कस्बे सहित जनपद भर में ईद-उल-अजहा का पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। प्रशासन की मुस्तैदी और आमजन के सहयोग से पर्व के आयोजन में कोई बाधा नहीं आई। अधिकारियों ने आगे भी शांति और नियमों के पालन की अपील की है।

**निघासन।** कोतवाली निघासन क्षेत्र की झंडी चैकी अंतर्गत ग्राम बरोठा में ईद-उल-अजहा का पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने स्थानीय मस्जिद में सुबह के समय शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा की। नमाज के बाद एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई। खास बात यह रही कि हिंदू समाज के लोगों ने भी अपने मुस्लिम भाइयों को गले लगाकर ईद की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान दोनों समुदायों ने मिलकर यह संदेश दिया कि हिंदुस्तान की गंगा-जमुनी तहजीब आज भी जीवंत है और समाज में आपसी सौहार्द एवं भाईचारे की मिसाल कायम है। पुलिस प्रशासन की निगरानी में पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। सुरक्षा के दृष्टिकोण से झंडी चैकी पुलिस पहले से ही सतर्क थी और पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस मौके पर झंडी चैकी इंचार्ज दुर्गेश शर्मा, कांस्टेबल आलोक, कांस्टेबल सुरेंद्र, ग्राम रोजगार सेवक अमर प्रकाश शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि चंद्रहास राज, पैकरमा गौतम समेत समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे। प्रशासन ने ग्रामवासियों द्वारा दिए गए सहयोग की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन आपसी एकता और सामाजिक समरसता को और मजबूती प्रदान करते हैं।

**मितौली।** कस्बा सहित क्षेत्र के ईदगाहों में ईद-उल अजहा की नमाज शांतिपूर्वक अदा की गई। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद-उल अजहा की मुबारकबाद दी। लोगो ने अपने अपने घरों में कुर्बानी भी कराई। मितौली कस्बे में शनिवार को ईद- उल अजहा (बकरीद) का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कस्बे की नई ईदगाह पर सबसे पहले सुबह 7रू30 बजे नमाज अदा की गई। यहां पर मस्जिद के इमाम मौलाना एजाज अहमद ने ईद की नमाज अदा कराई। कादरी मस्जिद इस्लामनगर में सुबह 8रू00 बजे ईद की नमाज अता की गई। यहाँ पर जामा मस्जिद के इमाम मौलाना रफीक ने ईद की नमाज अदा कराई। पुरानी ईदगाह में सुबह 8रू30 बजे ईद की नमाज अदा की गई। यहाँ पर नूरी जामा मस्जिद के इमाम मौलाना इरफान ने ईद उल अजहा( बकरीद) की नमाज पढ़ाई। इस दौरान सभी नमाजियों ने मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी। बच्चों ने भी नमाज पढ़कर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद हिन्दू भाईयों ने मुस्लिम भाईयों के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाहों के बाहर लगे मेले में बच्चे लुफ्त उठाते नजर आए। ईद की नमाज के बाद लोगो ने अपने घरों में कुर्बानी भी कराई। इस मौके पर ईदगाह और मस्जिदों के बाहर सुरक्षा के मुकम्मल इंतजामात किए गए थे। एसडीएम रेणु मिश्रा , सीओ मितौली जितेंद्र सिंह परिहार ,थाना प्रभारी मितौली शिवा जी दुबे ने ईदगाहों और मस्जिदों में जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

**खमरिया।** ईसानगर क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर शनिवार को ईद उल अजहा के अवसर पर मस्जिदों में शांतिपूर्वक नमाज अदा की गई। नमाजियों ने बाद नमाज एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान क्षेत्र के खमरिया व ईसानगर थाना प्रभारी की देखरेख में बड़ी संख्या में पुलिस प्रशासन चाक चैबंद रहा। ईद उल अजहा के त्यौहार को लेकर शनिवार को क्षेत्र में लोग सुबह से ही तैयारियों में जुट गए। हजारों लोग ईद की नमाज अदा करने के लिए सुबह से ही अलग-अलग मस्जिदों में एकत्रित होने लगे। जिसके बाद करीब नौ बजे तक नमाज अदा करते हुए सभी ने देश में अमन शांति बनी रहने के लिए दुआ मांगी। नमाज अदा होने के बाद सभी एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद उल अजहा की नमाज के वक्त मस्जिदों के आस-पास व गांवों में किसी भी प्रकार की अनहोनी या विवाद न हो उसके लिए सुरक्षा की दृष्टि से खमरिया थाना प्रभारी निरीक्षक ओपी राय, ईसानगर थानाप्रभारी देवेंद्र कुमार गंगवार के साथ नायब तहसीलदार वीरेंद्र यादव, कानूनगो, बलराम सिंह लेखपाल अभिषेक तिवारी, उपनिरीक्षक सुनील बाबू अवस्थी, अशोक कुमार सिपाही रवि यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिस के जवान मस्जिदों के इर्द गिर्द व गांवों में मौजूद रहे। इस दौरान थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार गंगवार व ओपी राय ने बताया कि त्योहार के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर एक मस्जिद के पास व गांव में बड़ी संख्या में फोर्स की तैनाती करने के साथ ही वह स्वयं क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर नजर रखे रहे। क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

## अवैध कट के चलते गई बाप-बेटी की जान, मां बेहद गंभीर गंभीर

स्वतंत्र भारत

**मैगलगंज-खीरी।** थाना मैगलगंज क्षेत्र के लड़ैती देवी पेट्रोल पंप के सामने बने अवैध कट ने एक बार फिर जानलेवा रूप धारण कर लिया। रविवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में सीतापुर निवासी बाइक सवार अवनीश पुत्र श्रीपाल और उनकी तीन वर्षीय मासूम बेटी प्रियांशी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। परिवार किसी निजी कार्य से बाइक पर सवार होकर जा रहा था, तभी अवैध कट पर सामने से आ रही तेज रफ्तार इनोवा कार ने सीधी टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक पर सवार लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायलों को तत्काल एम्बुलेंस की सहायता से महोली सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यह दुर्घटना पूरी तरह से पेट्रोल पंप के सामने बने अवैध कट की वजह से हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार यह कट राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (छभ्।प्) की स्वीकृत योजना में शामिल नहीं है। इसके बावजूद यह अवैध रूप से वर्षों से खुला है और इससे पहले भी कई हादसे इसी स्थान पर हो चुके हैं।

### अवैध कट अस्थायी रूप से बंद

**मैगलगंज-खीरी।** मैगलगंज क्षेत्र स्थित लड़ैती देवी पेट्रोल पंप के सामने बना अवैध कट वर्षों से सड़क हादसों का कारण बनता आ रहा था। स्थानीय नागरिकों और यात्रियों की सतत मांग और मीडिया में उठे मुद्दे के बाद अब अंततः भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने इस कट पर कार्रवाई करते हुए उसे अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। शनिवार को छभ्।प् की टीम ने भारी क्रेन मशीन की मदद से मौके पर पहुंचकर कट को बंद करने की प्रक्रिया शुरू की और कंक्रीट बैरियर लगाकर आवाजाही पूरी तरह रोक दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कट न तो अधिकृत था, न ही इसके आस-पास कोई चेतावनी चिन्ह या बोर्ड लगाए गए थे। इसी कारण तेज गति से गुजरते वाहनों और अचानक मुड़ते दोपहिया व चैपहिया वाहनों के बीच अक्सर टक्करें हो जाती थीं। अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है और अनेक घायल हुए हैं। जनता की मांग है कि केवल अस्थायी नहीं, इस अवैध कट को स्थायी रूप से बंद किया जाए।



## दिल्ली के व्यवसायी से ठगी करने वाले व्यक्ति को निघासन पुलिस ने किया गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत




**निघासन -खीरी।** दो दिन पूर्व दिल्ली के एक व्यापारी की पत्नी की किडनी को तंत्र मंत्र से ठीक करने तथा पीली धातु को सोने की ईंट बताकर ठगी करने वाले एक गिरोह के सदस्य को निघासन पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, इतना ही नहीं ठगी करने वाले ने दिल्ली के व्यापारी को अपना नाम पता गलत बताकर ठगी की थी, किंतु पुलिस ने अपनी सतर्कता दिखाते हुए व्यापारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से पंद्रह हजार की नगदी ,एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी के साथ साथ पीली धातु की ईंट भी बरामद की है। पुलिस उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा है। ठगी करने वाले अभियुक्त पर पहले से ही 10 मुकदमे दर्ज हैं।

दिल्ली के व्यापारी नरेश कुमार जैन पुत्र स्व रामेश्वर दयाल जैन निवासी मकान नं0 42 अपर ग्राउंड फ्लोर गली नं0-2 शास्त्री पार्क थाना कृष्णानगर दिल्ली की तहरीरी सूचना कि वादी की पत्नी की किडनी ठीक करने व पीली घातु की ईंट को सोने की ईंट का लालच देकर झांसे में लेकर ठगी करने के सम्बन्ध में थाना निघासन पर बीएनएस बनाम मुस्ताक आदि 2 नफर नामजद पंजीकृत कराया था। विवेचना से अभियोग में धारा 318(4), 319(2), 308(5), 316(2), 317(2) बीएनएस के अपराध का होना पाया गया है व गिरोह के अन्य सदस्यों का नाम प्रकाश में आया है। अन्य अभियुक्तों की धड़ पकड़ जारी है। कोतवाली प्रभारी महेश चंद्र ने बताया की अभियुक्त के पास एक अदद कार स्विप्ट डिजायर रजि0नं0 न्च31ब्।2058, एक अदद ईंट पीली घातु की व रूपये 15,000 नकदी की बरामदगी अभियुक्त इरफान पुत्र मुस्ताक को सिंगाही रोड मोटे बाबा नामक स्थान पर मुखबिर सूचना पर झण्डी चैकी प्रभारी दुर्गेश कुमार द्वारा मय फोर्स के साथ गिरफ्तार किया गया है

## गांव-गांव में मनाया जाए महाराजा सुहेलदेव का विजय दिवस-रमाशंकर राज



स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर-खीरी।** जिला पंचायत सभागार में महाराजा सुहेलदेव विजय दिवस स्मृति समिति के तत्वाधान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति के अध्यक्ष एवं ब्लाक प्रमुख बेहजम रमाशंकर राज ने सर्व समाज से 10 जून को गांव-गांव में महाराजा सुहेलदेव का विजय दिवस मनाने की अपील की। कार्यक्रम के संयोजक असीम विक्रम सिंह ने महाराजा सुहेलदेव के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और सर्व समाज को समरसता से साथ में चलने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख नकहा पवन गुप्ता ने कार्यक्रम में आए सभी लोगों से देश की एकता और अखंडता के लिए एकजुट होकर काम करने के लिए अपील की। मुख्य वक्ता एडवोकेट राहुल तिवारी सनातन ने कहा कि महाराजा सुहेलदेव विजय दिवस उत्सव सनातन धर्म की शौर्यगाथा और हिंदुत्व की अमर विजयकथा है। 10 जून उस ऐतिहासिक विजय की स्मृति है जब भारत माता के सपूत महाराजा सुहेलदेव ने बहराइच के रण में विदेशी मुगल आक्रांताओं को उनकी हैसियत दिखा दी थी। यह वह दिन है जब अधर्म, अत्याचार और आक्रोश का अंत हुआ था और सनातन धर्म के जयघोष से भारतभूमि गूंज उठी थी। आज जब हम सोशल मीडिया पर उत्सव मनाते हैं। जुलूस निकालते हैं तो हमें यह भी संकल्प लेना चाहिए कि महाराजा सुहेलदेव केवल हमारे जयकारों में न रहें बल्कि हमारे कर्मो में बसें। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत वाजपेई ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गंगाराम राजवंशी, भानु प्रताप राही, केशव भार्गव, नन्हें पासी, मुन्नालाल राज प्रधान, बलवीर प्रधान, डा शिव शरण राज, नेपाल प्रधान, मयंक अवस्थी, प्रशांत लाला व संजीव अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

## डॉक्टर कौशल वर्मा नें लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प

गोला गोकर्णनाथ। सनशाइन हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर के संचालक डॉक्टर कौशल वर्मा नें कुम्भी क्षेत्र के ग्राम बस्तौली स्थित रामचंद्र स्मारक विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया है। कैंप में आर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर कौशल वर्मा की मौजूदगी में 250 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाएं दी गई हैं। इस दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर,यूरिक एसिड, नसों व फिजियोथैरेपी की जांचे की गई। स्वास्थ्य कैम्प में आसपास के आधा दर्जन से अधिक गांव के जरूरतमंदों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया है। डॉक्टर समय समय पर शारीरिक रूप से अक्षम जरूरतमंद मरीजों को उपकरण व नगद धनराशि भी बांटते रहते हैं। इस अवसर पर डॉ सौरभ बाजपेई, नीरज शुक्ला, अचल शुक्ला, प्रताप शंकर शुक्ला, रामनाथ राठौर, अखिलेश दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## प्रार्थना पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

**गोला गोकरननाथ खीरी।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते दिन सुरक्षा गार्ड से मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर कोई बातचीत में सुरक्षा गार्ड प्रभाकर सिंह ने 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी प्रभाकर सिंह का आरोप है की मोटरसाइकिल स्वामी राम मूर्ति मिश्रा ने सुरक्षा गार्ड से गाली गलौज करते हुए उसे हेलमेट से मारा जिससे उसके सर पर चोट आई सुरक्षा गार्ड ने लिखित प्रार्थना पत्र पुलिस को देते हुए जिला अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी और उप जिलाधिकारी के साथ अधीक्षक समुदाय स्वास्थ्य केंद्र गोला को भी प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है और कहां है इस स्थिति में सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी कर पाना कठिन होगा।

## रामनगर पीपापुल आज से बंद

**बिजुआ खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के विकास खंड बिजुआ में शारदा नदी पर बना रामनगर पीपापुल आज से बंद कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड ने यह निर्णय मानसून के आगमन और नदी के जलस्तर में वृद्धि की संभावना को देखते हुए लिया है। पीपापुल की बंदी का निर्णय पहले से ही 15 जून को लिया जा चुका था। इस पुल की बंदी से बिजुआ और निघासन क्षेत्र के लोगों को अब भीरा-पलिया शारदा पुल या शारदा नगर पुल के रास्ते लंबी दूरी तय करनी होगी। यह पुल विशेष रूप से बिजुआ और निघासन विकास खंड के शारदा नदी की तलहटी में बसे गांवों के लिए महत्वपूर्ण था। इस वर्ष रामनगर कलां में स्थापित पीपापुल से स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिली थी। पिछले वर्ष बाढ़ के कारण कई गांव जलमग्न हो गए थे। तब लोगों को आवागमन के लिए नावों का सहारा लेना पड़ा था।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## सुधार की जरूरत

सर्वोच्च और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में रक्षा क्षेत्र पहले नंबर पर आता है। माना जाता है कि इससे जुड़े कार्यों और निर्णयों में किसी तरह की टालमटोल या लापरवाही नहीं बरती जाती। पर ऐसे मामलों की कई परतें भी होती हैं जिनमें जाने पर दूसरे पक्ष भी सामने आते हैं। इनसे ये भी सोचना पड़ता है कि इस क्षेत्र में मजबूती के दावे का आधार अंदर ही अंदर प्रभावित तो नहीं हो रहा। गत दिनों वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने कहा कि रक्षा प्रोजक्ट्स के मामले में टाइमलाइन बड़ा मुद्दा है। मेरे विचार में एक भी प्रोजक्ट ऐसा नहीं है जो समय पर पूरा हुआ हो। कई बार हम कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय जानते हैं कि यह सिस्टम समय पर नहीं आएगा फिर भी उसे साइन करते हैं। हालांकि यह बात उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बाद कही जिसमें भारत द्वारा पड़ोसी देश पाकिस्तान को चार दिनों में ही घुटनों पर ला दिया गया और जिसे खुद उन्होंने राष्ट्रीय जीत कहा था लेकिन यह इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे रक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही की जरूरत नए सिरे से सामने आती है। दरअसल रक्षा परियोजनाओं में विलंब के कई कारण हैं। इनमें कुछ संरचनात्मक तो कुछ प्रबंधन से जुड़े हैं। वैश्विक आपूर्ति श्रंखला में समस्याएं विशेष रूप से 1998 में परमाणु परीक्षणों के बाद भारत पर लगे प्रतिबंधों से कुछ कंपनियों की उत्पादन क्षमता पर असर पड़ा। वायुसेनाध्यक्ष ने ये तथ्य भी विशेष रूप से उठाया कि कई बार कॉन्ट्रैक्ट पर दस्तखत के समय ही पता रहता है कि समय सीमा अवास्तविक है। फिर भी सारी औपचारिकताएं पूरी की जाती हैं लेकिन इससे प्रक्रिया शुरू से बिगड़ जाती है। इससे जवाबदेही की कमी भी उजागर होती है। हालांकि इन बिंदुओं के साथ यह बात भी ध्यान रखी जानी चाहिए कि भारत की रक्षा खरीद प्रक्रिया प्रक्रिया जटिल और समय लेने वाली है। लेकिन प्रोजेक्ट्स में देरी से एयर फोर्स की युद्ध क्षमता पर तो असर पड़ता ही है, रक्षा उद्योग में विश्वास भी प्रभावित होता है। ऑपरेशन सिंदूर से यह भी साफ हो गया है कि मॉडर्न वारफेयर में हवाई ताकत का अहम रोल है। इसलिए ये जरूरत है कि रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों में संगठनात्मक सुधार हों। एयर चीफ मार्शल का कथन इसलिए भी अत्यंत संवेदनशील है कि यह रक्षा क्षेत्र में काफी गहरे तक जा चुकी समस्याएं सामने लाता है। रक्षा सौदों में बिचौलियों और घूसखोरों के स्कैंडल सामने आ भी चुके हैं।

## बढ़ते कदम

किसी समय देश के पिछड़े राज्यों की अग्रिम पंक्ति में उत्तर प्रदेश को इस तरह रखा जाता था मानो यही इसका भाग्य है। तत्कालीन केंद्र व राज्य सरकारें इसकी प्रगति के लिए काम करने के दावे तो बहुत करती रहीं लेकिन यह जबानी जमाखर्च ही रहा। दिलासा जरूर देती रहीं कि आबादी की दृष्टि से बहुत बड़ा राज्य होने के कारण स्थिति सुधरने में वक्त लगेगा। लेकिन पिछले करीब आठ सालों से यूपी की तस्वीर इस तरह बदल रही है कि 'मजबूर यूपी' की तस्वीर अब नहीं डराती। विकास की रफ्तार अब इतनी तेज है कि यहां के छोटे शहर भी कामयाबियों के झंडे गाड़ रहे हैं। योगी आदित्यनाथ सरकार के यह अनुभव करने के बाद कि यूपी को अग्रणी राज्य बनाने के लिए अन्य पक्षों के साथ इसका औद्योगिक विकास भी जरूरी है, व्यापक पैमाने पर निवेश आकर्षित कर इस दिशा में तेजी से काम चल रहा है। इसका परिणाम यह है कि अब यहां छोटे शहर नए उद्योग शुरू करने में अग्रणी हो गए हैं। इन शहरों-जिलों ने साठ प्रतिशत से ज्यादा की बेहतरीन कामयाबी हासिल की है। जबकि लखनऊ, प्रयागराज, गाजियाबाद आदि जैसे बड़े जनपद केवल पैंतीस प्रतिशत परियोजनाएं ही जमीन पर उतार पाए। अब स्थिति बदल जाने से साफ हो गया है कि इन जिलों के उद्यमियों, विशेष रूप से युवाओं के बीच ये आशा बलवती हुई है कि 'कुछ नहीं' से 'बहुत कुछ' बनने के रास्ते में आने वाली बाधाएं अब दूर हो चुकी हैं। इसीलिए बलिया जैसे एक समय के बेहद पिछड़े रहे जिले में 69 प्रतिशत प्रोजेक्ट मूर्त रूप ले चुके हैं। निराशा के आशा में बदलने के इतने महत्वपूर्ण और व्यापक स्तर के परिवर्तन के पीछे निश्चित रूप से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विकासपरक सोच व उत्साही दृष्टिकोण मुख्य कारण हैं ही, सरकारी मशीनरी को अधिकतम गंभीर, सक्रिय और जवाबदेह बनाने से भी यह उपलब्धि हासिल हो सकी है। यूपी अब औद्योगीकरण की राह पर तेजी से चल पड़ा है और जल्दी ही यह देश का प्रमुख औद्योगिक केंद्र बनकर उभरेगा।

## काँव-काँव


♦♦♦

**आरसीबी इवेंट फर्म के अधिकारी हुए गिरफ्तार**
जश्न की दीवाली में इज्जत का दीवाला निकला!
**राममंदिर निर्माण में लगा पैंतालीस किलो सोना**
तुलसी के राम भक्तों के हृदय में रहते हैं!
**चिनाब रेलवे ब्रिज अब नया पर्यटन स्थल-मोदी**
मुफ्त राशन के बाद मुफ्त पर्यटन भी दें हुजूर!
**पंद्रह दिनों में बीस गुना बढ़ गये कोरोना मामले**
बिहार की रैलियों में कोरोना का प्रवेश वर्जित!
**भीषण गर्मी के कहर से पूरी दुनिया में हाहाकार**
हरेभरे जंगलों में आग लगाकर नये शहर बनेंगे!
**स्टारलिंक कंपनी शुरू करेगी भारत में व्यापार**
इंटरनेट खाओ, इंटरनेट ओढ़ो, पहनो, बिछाओ!

♦♦♦

# राष्ट्रीय एकता का सूत्र अद्वैत

जीवन संघर्ष नहीं है। संघर्षपूर्ण जीवन तनाव देता है। पूरे जीवन को संघर्ष मानने का मूल द्वैतवाद है। द्वैतवाद का अर्थ है कि यहां इस जगत् में दो प्रमुख पक्ष हैं। एक मैं हूं और दूसरा यह संसार। मैं हूं और दूसरे आप। मैं और तुम दो हैं। आध्यात्मिक तल पर ईश्वर एक है, दूसरा मैं हूं। भक्त और भगवान दो हैं। प्रकृति में प्रकाश और अंधकार




-हृदयनारायण दीक्षित

का द्वैत है। शीत और ताप का द्वैत है। सब तरफ दो का दर्शन। सृष्टि में अनेक जीव हैं। वनस्पतियां हैं। सबके रूप भिन्न-भिन्न हैं। जैव विविधता खूबसूरत है। सामाजिक क्षेत्र में पंथिक विभाजन हैं। आर्थिक आधार पर गरीब और धनी में द्वैत है। जाति विभाजन में द्वैत है ही। लेकिन भारत में इस द्वैत के भीतर अद्वैत के दर्शन का विकास हुआ। अद्वैत का अर्थ है दो नहीं। दसों दिशाओं में व्याप्त एक ही परम तत्व भिन्न-भिन्न रूपों में रूप प्रतिरूप हो रहा है। पूरे अस्तित्व को एक जानने की अनुभूति ऋग्वेद के रचनाकाल में प्रकट हुई। उपनिषदों में व्यापक हुई। ब्रह्मसूत्रों में सिद्धांत बनी। बादरायण ने व्यवस्था दी। शंकराचार्य ने अद्वैत दर्शन का अभियान बनाया। रूप, लिंग, कुल, वंश, विश्वास, पंथ के आधार पर विभक्त समाज को अविभक्त देखने की दृष्टि अद्वैत कही गई। यह दर्शन निर्विकल्प है।

शंकर के अद्वैत का मूल अर्थ है इस अस्तित्व का प्रत्येक रूप और अंश उस एक ब्रह्म का ही रूप है। बृहदारण्यक उपनिषद में बहुत खूबसूरत ढंग से पूर्ण का अर्थ समझाया गया है। ऋषि कहते हैं, 'यह पूर्ण है। वह पूर्ण है। यह पूर्ण उस पूर्ण का विकास है। पूर्ण में पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है। पूर्ण से पूर्ण का गुणा करने पर भी पूर्ण पूर्ण ही रहता है।' बहुत आश्चर्यजनक है यह पूर्ण। इसी पूर्ण के बोध में आनंद ही आनंद है। आचार्य शंकर के शब्दों में कहें तो उपनिषदों का आनंद सत् चित् आनंद है। यही सच्चिदानंद है। आनंद का अपना आनंद है। तैत्तिरीय उपनिषद के ऋषि ने आनंद की मीमांसा की है और बताया है कि मनुष्य की तरुणाई, श्रेष्ठ आचरण, शील और बल संवृद्धि और धरती पर अधिकार यहां आनंद देता है। यहां आनंद के सारे स्रोत भौतिक हैं। ऋषि आगे जोड़ते हैं कि, 'लेकिन इच्छारहित ज्ञानी को यह आनंद स्वाभाविक रूप से प्राप्त है।' फिर कहते हैं, 'इस आनंद का 100 गुना आनंद गंधर्व आनंद है। गंधर्व आनंद संस्कृति का पर्यायवाची है।' संस्कृति से जुड़े लोग साधारण मनुष्य की तुलना में 100 गुना आनंद पाते हैं। लेकिन यह आनंद भी इच्छाशून्य ज्ञानी को स्वाभाविक रूप से प्राप्त है। आनंद के अनेक तल हैं। फिर पूर्वजों और पितरों के स्मरण को आनंदपूर्ण बताया गया है। यह भी अभिलाषाशून्य ज्ञानी को सहज प्राप्त है। आनंद अभीप्सु है। आनंद सब की प्यास है।


कठोपनिषद के ऋषि ने ठीक कहा है कि यह आत्मतत्व प्रवचन से नहीं मिलता और बुद्धि से भी नहीं। शंकराचार्य इसी ज्ञान को भारत के कोने-कोने तक पहुंचाने में संलग्न थे। उन्होंने अपने शिष्यों के साथ देश के प्रसिद्ध तीर्थों का दर्शन किया। तीर्थ केन्द्रों पर भी वेदांत विषय पर उन्होंने आमजनों का प्रबोधन किया और कड़ाई के साथ वैदिक परंपरा के विरोधियों की बातों का खंडन किया। उनके दिग्विजय अभियान में दक्षिण में सेतुबंध पहला पड़ाव था। मार्ग में उन्हें अनेक संतों विद्वानों से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने विद्वानों के प्रश्नों के उत्तर दिए। शंकर ने रामेश्वरम में पूजा की। फिर वह पांड्य और चोल क्षेत्रों की ओर बढ़े। जगह-जगह पर शास्त्रार्थ होते थे और वह सदाचरण व वेदांत को श्रेष्ठ बताते रहे। हस्तगिरि पर्वत पर अवस्थित कांचीनगर में आचार्य ने देवी के मंदिर की स्थापना की। फिर वे विदर्भ पहुंचे। राजा ने उनका स्वागत किया। वहां भैरवमातावनुयायियों की संख्या ज्यादा थी। आचार्य ने उन सबके बीच भी वेदांत दर्शन का विचार रखा। कर्नाटक प्रवास में आचार्य का सामना कापालिक मतानुयायियों से हुआ। इस मत का मुखिया आचार्य का विरोधी था। 'आदि शंकराचार्य जीवन और दर्शन' नामक पुस्तक में जयराम मिश्र ने लिखा है कि, ÷कापालिकों की पराजय हुई। आचार्य शंकर ने स्वयं भी महाकापाली भैरव की स्तुति की। फिर आचार्य पश्चिमी समुद्र के प्रसिद्ध तीर्थ गोकरना पहुंचे। शंकर और नीलकंठ का शास्त्रार्थ हुआ। नीलकंठ और आचार्य के मध्य हुआ प्रश्नोत्तर दर्शन की अमूल्य निधि है। अंततः नीलकंठ ने आचार्य का शिष्यत्व स्वीकार कर लिया। आचार्य शंकर ने शिष्यों के साथ सौराष्ट्र क्षेत्र का भी भ्रमण किया। अनेक स्थानों पर उन्होंने अद्वैत का प्रचार किया। विद्वानों ने उनकी प्रशंसा की। उन्होंने प्रसिद्ध नगरी द्वारिका में प्रवेश किया। यह वैष्णवों का गढ़ था। शंकर के



तर्क स्वीकार्य योग्य माने गए। उन्होंने उज्जैनी की यात्रा में भी संवाद बनाया। वे शिष्यों को लेकर महाकाल मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भी गए। भट्ट भास्कर उस क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्वान थे। उन्होंने अनेक ग्रंथों की रचना की थी। शास्त्रार्थ के दौरान भट्ट भास्कर ने शंकर से सहमति व्यक्त की। परम पूर्ण तत्व को अलग-अलग विभाजित देखना भ्रम है और एकात्म देखना सत्य है। आचार्य का जैन मतावलंबियों से भी शास्त्रार्थ हुआ और उन्होंने उनको भी अद्वैत से सहमत कराया। बौद्ध मतावलंबियों का प्रभुत्व अभी कम नहीं था। अनेक बौद्ध विद्वानों ने वैदिक धर्म स्वीकार कर लिया। वह जगन्नाथ पुरी भी गए। मगध मार्ग से जाते मगधपुर, यमस्तपुर आदि अनेक नगरों में बौद्धों का बहुमत रहा है। मगध में अनेक मत प्रचलित थे। उस समय कुबेर के उपासक, इन्द्र के उपासक और यम उपासक आदि अनेक मत थे। वह सब अपने को वेद का अनुयायी मानते थे। शंकराचार्य की अद्भुत प्रतिभा ने उनके अंधविश्वास दूर कर दिए।

आचार्य शंकर ने सनातन धर्म के सभी संप्रदायों का वैदिक दृष्टि से शुद्धिकरण किया। हिन्दू धर्म की कथित विभाजित प्रवृत्तियों को समन्वित रूप दिया। एक नया इतिहास गढ़ा। वे प्रयाग भी गए और वाराणसी भी। आचार्य शंकर प्रयाग से वाराणसी तक 7 दिन में पहुंचे थे। काशी में उन्होंने महादेव विश्वनाथ के दर्शन किए। पूजा की। पूरब पश्चिम उत्तर दक्षिण आचार्य शंकर की धूम थी। वह उत्तर प्रदेश के नैमिषारण्य तीर्थ भी गए। यह प्राचीन काल से ही प्रतिष्ठित स्थान है। यह एक समय वैदिक संस्कृति का महत्वपूर्ण केन्द्र था। यहाँ कर्मकाण्ड की प्रधानता थी। वहाँ पहुँचने पर आचार्य को प्राचीन संस्कृति के कोई लक्षण नहीं दिखलायी पड़े। इससे वे बहुत दुखी हुए। वहाँ बौद्ध तांत्रिकों की प्रधानता थी। आचार्य ने वहाँ कुछ दिनों तक निवास कर वेदान्त सिद्धान्त का प्रचार किया। उन्होंने इस बात को सप्रमाण सिद्ध किया कि गौतम बुद्ध के सारे सिद्धान्त अद्वैत-सिद्धान्त पर ही आश्रित हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि वहाँ के लोग वेदोक्त रीति से धर्म-कर्म में प्रवृत्त होकर उपासना में अनुरक्त हुए। इसी प्रकार अयोध्या में भी उनका प्रवास हुआ। उन्होंने बंगाल का भी भ्रमण किया था। राष्ट की सांस्कृतिक एकता की नींव वैदिक ऋषियों ने रखी थी। शंकराचार्य ने आगे बढ़कर सांस्कृतिक एकता का विशाल भवन खड़ा किया। एक बार फिर जातिभेद, सांप्रदायिकता, आर्थिक गैरबराबरी, राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर आचार्य शंकर जैसे राष्ट्रव्यापी अभियान की आवश्यकता है।

## प्रेमचंद की कहानियां



### राजा हरदौल

लोगों ने करवटें बदल कर रात काटी जैसे दुखित मनुष्य विकलता से सुबह की बाट जोहता है, उसी तरह बुंदेले रह-रह कर आकाश की तरफ देखते और उसकी धीमी चाल पर झुंझलाते थे। उनके जातीय घमंड पर गहरा घाव लगा था। दूसरे दिन ज्यों ही सूर्य निकला, तीन लाख बुंदेले तालाब के किनारे पहुंचे। जिस समय भालदेव शेर की तरह अखाड़े की तरफ चला, दिलों में धड़कन-सी होने लगी। कल जब कालदेव अखाड़े में उतरा था, बुंदेलों के हौसले बढ़े हुए थे; पर आज वह बात न थी। हृदय में आशा की जगह डर घुसा था। कादिरखां कोई चुटीला वार करता तो लोगों के दिल उछल कर होंठों तक आ जाते। सूर्य सिर पर चढ़ा जाता था और लोगों के दिल बैठे जाते थे। इसमें कोई संदेह नहीं कि भालदेव अपने भाई से फुर्तीला और तेज था। उसने कई बार कादिरखां को नीचा दिखलाया; पर दिल्ली का निपुण पहलवान हर वार संभल जाता था। पूरे तीन घंटे तक दोनों बहादुरों में तलवारें चलती रहीं। एकाएक खटाके की आवाज हुई और भालदेव की तलवार के दो टुकड़े हो गये। राजा हरदौल अखाड़े के सामने खड़े थे। उन्होंने भालदेव की तरफ तेजी से अपनी तलवार फेंकी। भालदेव तलवार लेने के लिए झुका ही था कि कादिरखां की तलवार उसकी गर्दन पर आ पड़ी। घाव गहरा न था, केवल एक 'चरका' था; पर उसने लड़ाई का फैसला कर दिया।हताश बुंदेले अपने-अपने घरों को लौटे। यद्यपि भालदेव अब भी लड़ने को तैयार था; पर हरदौल ने समझा कर कहा कि 'भाइयो, हमारी हार उसी समय हो गयी जब हमारी तलवार ने जवाब दे दिया। यदि हम कादिरखां की जगह होते तो निहत्थे आदमी पर वार न करते और जब तक हमारे शत्रु के हाथ में तलवार न आ जाती, हम उस पर हाथ न उठाते; पर कादिरखां में यह उदारता कहां बलवान् शत्रु का सामना करने में उदारता को ताक पर रख देना पड़ता है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**गृहासक्तस्य नो विद्या नो दया मांसभोजिनः।**
**द्रव्यलुब्धस्य नो सत्यं स्त्रैणस्य न पवित्रता।।**

घर के सुखों में मोह रखने वाला व्यक्ति विद्या-प्राप्ति नहीं कर सकता, मांस खाने वाले व्यक्ति के मन में दयाभाव उत्पन्न नहीं हो सकता, धन का लोभी व्यक्ति कभी सत्य-भाषण नहीं कर सकता और स्त्रियों से लगाव रखने वाला कामी व्यक्ति पवित्र एवं सदाचारी नहीं हो सकता।

♦♦♦

# इतिहास को मरोड़ने से नकारापन नहीं छिपता

कभी कभी ऐसा प्रतीत होने लगता है कि हमारा देश संभवतःआदिम युग में पहुंच गया है और चूंकि देश अभी सौ फीसदी शिक्षित नहीं हो पाया है, इसलिए समाज को चाहे जैसे भी हो, इतिहास की अच्छी बुरी बातों से उसे भ्रमित करके रखा जाए। यही बात राजनीतिज्ञों को लाभ पहुंचता है और सही



-निशिकांत ठाकुर

जानने और बताने वाला बगलें झांकने लगता है। आज यह एक आम बात हो गई कि अपनी भाषा प्रवाह में प्रवाहित करके जो समाज का जितना मस्तिष्क 'साफ' कर सकता है, कर दे। और, इतना साफ कर दे कि उसमें कभी कोई सच की बात भी करना चाहे, तो ऐसी कोशिश की जाए कि उसके मस्तिष्क में वह सच घुसने ही न पाए। अभी तक हमारा देश यह समझने से इनकार करता आ रहा है कि प्रधानमंत्री यदि सरदार बल्लभ भाई पटेल होते तो ऐसा नहीं होता, वैसा नहीं होता। जबकि, इतिहास साक्षी है कि सरदार पटेल की मृत्यु 15 दिसंबर, 1950 में ही हो चुकी थी। फिर भारतीय लोकतंत्र घोषित होने के बाद जो चुनाव हुआ, वह 1951-52 में हुआ। अब तो यह भी कहा जा रहा है कि वीर सावरकर यदि नहीं होते तो 1857 की क्रांति ही नहीं हुई होती। जबकि सच्चाई यह है कि वीर सावरकर का जन्म ही 1883 में हुआ था । यही सच है और आजादी के बाद का सच्चा इतिहास भी है। अब इस पर कोई कितना भी मंथन कर ले, लेकिन जो बीता हुआ काल है, कतई वापस नहीं लौट सकता। ठीक उसी तरह, जिस तरह आप गंगा को समुद्र से वापस नहीं ला सकते हैं, वैसे ही वर्षों पूर्व मृत व्यक्ति को जीवित नहीं कर सकते।

आइए, आजादी के इतने दिन गुजर जाने के बावजूद हम उन्हीं लम्हों को बार-बार याद करते रहते हैं कि आजादी के उपरांत यदि ऐसा होता, तो यह नहीं होता, वैसा होता तो वह नहीं होता। आप इतिहास को जानना चाहते हैं, तो सच यह है कि अंग्रेज बहुत ही चतुर और विभेदकारी नीति पर चलते थे। यही कारण था कि उसने भारत ही नहीं, विश्व के कई देशों पर वर्षों तक शासन किया। भारत पर लगभग पौने दो सौ साल तक अंग्रेजों द्वारा राज्य करने का एक कारण यह भी है। उनकी नीति इतनी सोची-समझी और परिपक्व होती थी कि कोई उस नीति को तोड़ना भी चाहे, तो आसानी से न तो उसे तोड़ सकता था, न ही उसकी नीतियों की काट बना सकता था। ऐसा ही उसने भारत को गुलाम बनाने के बाद किया था। इसलिए सबसे पहले उसने भारतीय परंपरागत शिक्षा नीति में घुसकर उसे नष्ट करने के लिए मैकाले जैसा शिक्षाविद् से भारतीय शिक्षा नीति में बदलाव करने को कहा। साथ ही, यह भी कहा कि नीति कुछ इस तरह बनाई जाए कि हिंदू-मुसलमान रेल की पटरी की तरह चले तो साथ-साथ, लेकिन जुड़े कहीं भी नहीं। ऐसा इसलिए किया, क्योंकि भारत में वर्चस्व केवल हिंदुओं और मुसलमानों का था, जो साथ-साथ रहते थे और अंग्रेजों के लिए कभी भी खतरा बन सकते थे। इसलिए उसने विचारधाराओं को बदलने का निर्देश शिक्षा में परिवर्तन लाकर करने का दिया। मैकाले ने भारत में रहकर ही दोनों के बीच असली मुद्दों से भटकाकर फूट डालने के लिए अपनी सबसे बड़ी योजना को लागू किया। इसके कारण जहां कभी हिन्दू-मुस्लिम साथ-साथ रहते थे, साथ बैठकर खाते थे, वही अब फूट डालकर एक-दूसरे को जानी दुश्मन बनाकर अपना पहला नियम लंबे समय तक भारत में लागू किया। जिसमें वह सफल भी रहा। भारत में हिंदू-मुसलमान अनावश्यक लड़ते रहे और अंग्रेज आराम से लंदन में बैठकर वंशी बजाते रहे। उनकी नीति इतनी कामयाब थी कि भारत को दो टुकड़ों में बांटने के बावजूद हम आज भी लड़ते रहते हैं और यदि हमने अपने देशहित के लिए समझदारी का परिचय नहीं दिया, तो पता नहीं कितने दिनों तक एक दूसरों को दिग्भ्रमित करके मरने मिटने के लिए सदैव तैयार रहेंगे। यहां यह भी जानना जरूरी है कि यह देश भारतीयों कहिए या भरतवंशियों का है, लेकिन मुगल भी हमें लूटते रहे, पर वह अपने को भारतीय होना ही स्वीकार किया तथा जिन्होंने भारत को अपना दुश्मन माना, वे हमारे देश को बांटकर अलग देश बनाकर चले गए। यहां इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अंग्रेजों से आजादी दिलाने के लिए उन्होंने भारत की धरती को ही सलाम किया और भारतीय होकर अपने को गौरवान्वित महसूस करते हुए आज भी हमारे सुख-दुख में खड़े रहते हैं तथा वे अपने होने का अहसास कराते रहते हैं। हम किसी भी दशा में उनके इस भाईचारे को नकार नहीं सकते और न ही उन्हें अपने से अलग कर सकते हैं। आज भी आजादी के साक्षी के रूप में मुंबई स्थित गेटवे ऑफ़ इंडिया और दिल्ली के इंडिया गेट पर खुदे उन शहीदों की सूची देख सकते हैं। हां, कुछ बहके हुए दहशतगर्द आज भी हमारे देश में मौजूद हैं, जो बार-बार हमें डराने-धमकाने का कार्य करते रहते हैं, पर इस बार जिसकी सजा उनके साथ-साथ ही उनकी दहशतगर्दी के ठिकानों पर हमला करके हमारे सैनिकों ने नष्ट कर दिया है। उन दहशतगर्दों ने हमारे देश के मनोरम स्थान पहलगाम में 26 निर्दोषों को मौत की नींद सुलाकर देश में हाहाकार मचा दिया। वैसे, निर्दोषों की कायराना हत्या करके वह बच नहीं सके और भारत ने ऑपरेशन 'सिंदूर' के जरिये उनके अधिकांश ठिकानों को नष्ट कर दिया, लेकिन कुत्ते की दुम सीधी कहां हो सकती है ! अपनी अकड़ में वह आज भी है और आगे भी रहेगा। भारत ने अपनी साफ-सुथरी छवि को बनाए रखने के लिए अपने एक योग्य संसदीय दल को विश्व के अनेक देशों में भेजकर पाकिस्तानी अकड़ को ढीला करने का प्रयास किया है। इसी क्रम में कई देश, जो भारतीय नीति से सहमत नहीं थे, उन्होंने भारत के निर्दोष होने की बात को स्वीकार किया और अपना पक्ष भारत के प्रति साझा किया। इसका भी असर भारत की अगली विदेश नीति पर पड़ेगा, फिर इसका लाभ भी उसे मिलेगा। भारत अपनी नीति में सफल रहा है और आगे भी रहेगा, लेकिन अब आजादी के इतने वर्षों बाद यह कहना कि यदि सरदार वल्लभ भाई पटेल होते, तो भारत को इन आतंकियों से जूझना नहीं पड़ता। किसी भी तरह से उचित नहीं माना जा सकता कि हम वर्षों बाद एक मृतात्मा को कोसते हुए सार्वजनिक रूप से बिना समझे अपमानित करते रहें। यह प्रश्न बड़ा टेढ़ा है, लेकिन शासन करने के लिए समाज को गुमराह करना भी एक नीतिगत विषय भी है। इसलिए आजादी के इतने लंबे वर्षों बाद उसे अपमानित किया जाए, जिसका बंटवारे में कम-से-कम योगदान रहा था। ऐसा इसलिए, क्योंकि बंटवारा एक मजबूरी थी, अन्यथा उस समय क्या स्थिति हो सकती थी, इसकी आज केवल कल्पना की जा सकती है; क्योंकि उस काल का कोई गवाह आपके सामने आज नहीं है। हमारे राष्ट्रपिता ने स्पष्ट रूप से कह दिया था कि यदि बंटवारा होता है, तो उनकी लाश पर ही होगा, लेकिन अंग्रेजों की नीति के आगे उनकी भी नहीं चली, ऐसे में बंटवारा तो होना ही था। चूंकि सरदार वल्लभ भाई पटेल जीवित नहीं थे, इसलिए महात्मा गांधी के उत्तराधिकारी पं. जवाहरलाल नेहरू जिन्होंने गांधी, सरदार पटेल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आजादी के लिए काम किया था और पढ़े-लिखे राजनीति के उद्भट विद्वान तथा उस काल के भारत के रग-रग से वाकिफ होने के कारण जनता ने उन्हें हाथों हाथ लिया और स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला।

## प्रेरक प्रसंग

### प्रेम की महिमा

किसी नगर में एक साधु रहता था। उसका एक छोटा-सा आश्रम था। गिने-चुने उसके शिष्य थे, किन्तु उसका रहन-सहन इतना शुद्ध और सात्विक था, व्यवहार इतना मधुर था और वाणी इतनी प्रेममय थी कि नगर के ही नहीं, बाहर के भी नर-नारियों का तांता लगा रहता था। साधु आनंद विभोर होकर प्रत्येक आगंतुक का स्वागत करता था और उसे सब प्रकार से संतुष्ट करके विदा करता था।

एक दिन एक धनी-मानी व्यक्ति साधु के पास आया। वह बहुत उत्तेजित था। लड़का घरबार छोड़कर साधु के आश्रम में आ गया था। उस आदमी ने आते ही साधु पर तीखे वचनों के वाण छोड़े और बड़े कटु शब्दों में कहा, 'आपके पाखंडभरे जीवन ने मेरे लड़के को बहका दिया है। मेरा वह अकेला बेटा है। यदि मेरा बस चले तो आपके आश्रम में आग लगा दूं।'वह व्यक्ति इतना उद्विग्न था कि उसकी वाणी रुक ही नहीं रही थी और वह साधु पर बड़े ही कठोर प्रहार कर रहा था।

साधु उसकी ओर देखकर मुस्करा रहे थे, लेकिन उनकी यह मुद्रा आग में घी का काम कर रही थी।

थोड़ी देर में उस व्यक्ति का आवेग थमा तो साधु ने बड़ी सरलता से कहा, 'एक बात जानते हो?'
उस आदमी ने तीव्र स्वर में पूछा, 'क्या?'
साधु बोले, 'जो शब्द आदमी के मुंह से निकलता है, वह बाहर ओ से पहले उसी की जीभ का स्पर्श करता है। कड़ुआ शब्द दूसरे पर जो भी असर करे लेकिन पहले उसी के मुंह को कड़ुवा कर देता है। क्यों, इतना बोलने के बाद तुम्हारा मुंह कैसा हो रहा है?' साधु की बात बड़क मर्म की थी। उस आदमी ने अपनी जीभ को परखा तो सचमुच उसका स्वाद कसैला हो रहा था।

साधु ने आगे कहा, 'क्रोध की अग्नि पहले उसी आदमी को जलाती है, जो क्रोध करता है। तुम अपनी हालत देखो और अपने लड़के को देखो।'

उस आदमी ने आश्रम की बाईं ओर निगाह दौड़ाई तो पाया कि उसका लड़का हंसता, मस्ती से, अपने काम में लगा था।

वह आदमी आया था अपने बेटे को लेने के लिए, लेकिन साधु के प्रेम ने उसे ऐसा जकड़ा कि वह स्वयं आश्रम को नहीं छोड़ सका।

## आपका पत्र मिला


### जनहित में संतुलित हों वित्तीय नीतियां

भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार तीसरी बार रेपो दरों में कटौती करते हुए 0.5 प्रतिशत की कमी की है और साथ ही कैश रिजर्व रेश्यो (सीआरआर) में भी 1 प्रतिशत की कमी की है। यह निर्णय आर्थिक वृद्धि को गति देने के उद्देश्य से लिया गया है, ताकि बैंकों के पास कर्ज देने के लिए अधिक धन हो और निवेश व खपत को बढ़ावा मिल सके। महंगाई दर नियंत्रित रहने की उम्मीद के चलते यह निर्णय संभव हो सका है, लेकिन वैश्विक परिस्थितियाँ, जैसे रूस-यूक्रेन युद्ध और अमेरिका की टैरिफ नीतियों से ग्रोथ की राह अभी भी अनिश्चित बनी हुई है। हालांकि, इस मौद्रिक नीति में कुछ चिंताजनक पहलू भी हैं। ब्याज दरों में कटौती से जहां उद्योगों और व्यापारिक वर्ग को राहत मिलेगी, वहीं बुजुर्ग जमाकर्ताओं को अपनी जमाओं पर आधा प्रतिशत कम ब्याज मिलेगा, जिससे उनके जीवनयापन पर असर पड़ेगा। सरकार को इस वर्ग के लिए विशेष नीति बनाते हुए उन्हें आम ब्याज दर से कम से कम 2 प्रतिशत अधिक ब्याज देना चाहिए ताकि वे सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। इसके साथ ही, सरकार को अपने गैर-उत्पादक खर्चों में भी भारी कटौती करनी चाहिए। वीवीआईपी सुविधाएं सीमित हों, नेताओं के साथ चलने वाले काफिलों की संख्या घटाई जाए और अनावश्यक अवकाशों में कमी की जाए। इससे न केवल सरकारी संसाधनों की बचत होगी, बल्कि प्रशासनिक कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। वास्तव में, आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय का संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। आरबीआई का कदम सराहनीय है, लेकिन सरकार को भी संवेदनशील वर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए अपनी नीतियों को जनहित में संतुलित करना होगा।

**विभूति बुपक्या**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# जा रहे ऋषिकेश तो यहां पर जरूर जाएं



अगर आप भी दिल्ली में रहते हैं और कही धार्मिक और आध्यात्मिक जगह पर घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको ऋषिकेश जाना चाहिए। यह दिल्ली के करीबी पर्यटन स्थलों में से एक है। ऋषिकेश योग और आध्यात्म की नगरी है और यहां का एडवेंचर भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

खास बात यह है कि आप यहां पर किसी भी समय घूमने के लिए जा सकते हैं। ऐसे में आप इस वीकेंड ऋषिकेश को एक्सप्लोर कर सकते हैं और इस दौरान आपको ज्यादा खर्च भी नहीं करना पड़ेगा। वहीं अगर आप ऋषिकेश घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको यहां की पांच खास जगहों को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

### त्रिवेणी घाट

ऋषिकेश जाने के दौरान कुछ समय त्रिवेणी घाट पर जरूर बिताना चाहिए। यहां पर तीन नदियों का संगम होता है।

धार्मिक मान्यता है कि गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम है। हिंदू पौराणिक कथाओं में यह स्थान सबसे पवित्र माना जाता है। इस घाट पर सुबह, दोपहर और शाम के समय तीन बार गंगा आरती होती है। ऐसे में आपको शाम की गंगा आरती में जरूर शामिल होना चाहिए।

### बकेश्वर मंदिर

ऋषिकेश का त्र्यंबकेश्वर मंदिर फेमस लक्ष्मण झूला के पार स्थित है। त्र्यंबकेश्वर मंदिर की स्थापना श्री श्री 108 भ्रमभीम स्वामी कैलाशानंद ने की थी। यह मंदिर 13 मंजिला और यह भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर 13 मंजिल मंदिर के नाम से जाना जाता है।

### वशिष्ठ गुफा आश्रम

ऋषिकेश से करीब 25 किमी दूर प्राचीन आश्रम वशिष्ठ गुफा है। वशिष्ठ गुफा शांति और ध्यान के लिए अच्छा स्थान है। बताया जाता है कि इस गुफा में स्वामी पुरुषोत्तमानंद ने तप किया था। यहां पर आने वाले पर्यटकों को इस गुफा को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

### जानकी सेतु

आध्यात्मिक शहर ऋषिकेश में मौजूद जानकी सेतु की खूबसूरती पर्यटकों का मन मोह सकती है। दरअसल, जी 20 बैठक के दौरान इस स्थान को बहुत सुंदर तरीके से सजाया गया था। सेतु और आसपास की दीवारों पर रंग-बिरंगी तस्वीरें जानकी सेतु पुल की सुंदरता में चार चांद लगाती है। वहीं यह फोटोशूट के लिए भी बेहतरीन जगह है।

ऋषिकेश में योग पार्क और प्रियदर्शनी पार्क भी बना हुआ है।

### बीटल्स आश्रम

बता दें कि साल 1961 में महर्षि महेश योगी द्वारा ऋषिकेश में योग और ध्यान की शिक्षा के लिए एक आश्रम का निर्माण कराया गया था। वहीं 60 के दशक में फेमस बीटल्स बैंड ध्यान की खोज में इस आश्रम पहुंचे थे। तब से यह आश्रम बीटल्स आश्रम के नाम से जाना जाने लगा। इस आश्रम में बीटल्स बैंड के सदस्य आकर रुके थे।

# 'प्यार मोहब्बत शरबत' से गर्मियां होंगी छूमंतर, आज ही आजमाएं



**'प्यार मोहब्बत शरबत'** ये नाम सुनने में जितना अच्छा और सूदिंग लगता है इसका स्वाद उतना ही लाजवाब होता है. गुलाबी रंग के इस शर्बत में जो चीजें पड़ती हैं वह सब के सब अपने आप में प्राकृतिक कूलर्स हैं. इसका मुख्य इंग्रीडिएंट है तरबूजज्जी हां, इसके साथ ही इसमें पड़ता है दूध, रूह अफजा और चीनी. बर्फ से साथ एक खास मात्रा में इसे मिलाकर तैयार किया जाता है। वैसे तो पुरानी दिल्ली की जामा मस्जिद के एक छोर पर ठेले वाला गर्मियों में हर साल ही ठेला लगाता है लेकिन इस बार कोरोना वायरस की दूसरी लहर के कारण लॉकडाउन लगा हुआ है। ऐसे में घर बैठे बनाना सीखें कूल एंड रिफ्रेशिंग 'प्यार मोहब्बत शरबत'।

### प्यार मोहब्बत शरबत बनाने के लिए सामग्री--

तरबूज - 1 किलो
ठंडा दूध - 1 लीटर
रूह आफज़ा- आधा कप
पिसी चीनी - आधा कप
आइस क्यूब - 20
गुलाब की पत्तियां- गार्निशिंग के लिए

### प्यार मोहब्बत शरबत बनाने की विधि-

-प्यार मोहब्बत शरबत बनाने के लिए सबसे पहले तबूज को बीच से काट लें और फिर इसका हर छिलका उतार लें।

- इसके बाद तरबूज को टुकड़ों में काट लें।

-तरबूज के बीज निकाल लें और इसे मिली में डालकर चला लें. अब एक बर्तन में ठंडा दूध, रूह आफज़ा, चीनी और पिसा हुआ तरबूज डालकर मिक्स कर लें और इसे एक बार फिर ब्लेंडर में डालकर ब्लेंड करें।

-इसे सर्विंग ग्लास में निकालें और ऊपर से आइस क्यूब डालें. गुलाब की पंखुड़ियों से गार्निश करें।


-लीजिए तैयार है गर्मियों को मात देने के लिए आपका प्यार मोहब्बत का शरबत. पिएं और घर में सबको पिलायें।

# बेहतर याददाश्त और तेज दिमाग के लिए करें ये मानसिक व्यायाम



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तेज दिमाग और बेहतर याददाश्त हर किसी की जरूरत बन गई है। चाहे पढ़ाई हो, नौकरी या उम्र बढ़ने के साथ दिमागी सेहत बनाए रखना हो, मानसिक व्यायाम इसमें अहम भूमिका निभाते हैं। शरीर की तरह दिमाग को भी रोज कसरत की जरूरत होती है। रोजाना सिर्फ 15-20 मिनट के कुछ आसान ब्रेन बूस्टिंग एक्सरसाइज से दिमाग को तेज, सक्रिय और स्वस्थ बनाया जा सकता है।

इन आसान मानसिक व्यायामों को दिनचर्या में शामिल कर आप अपने मस्तिष्क को बेहतर बना सकते हैं। तेज दिमाग जन्मजात नहीं होता, बल्कि सही अभ्यास से इसे बेहतर बनाया जा सकता है। आइए जानते हैं दिमाग तेज और याददाश्त बेहतर बनाने के लिए कुछ असरदार व्यायाम के बारे में।



### पहेलियां और पजल्स

क्रॉसवर्ड, सुडोकू, मैथ पजल्स और लॉजिकल प्रश्नों को हल करने से मस्तिष्क की क्षमता और स्मरणशक्ति तेज होती है। तेज दिमाग के लिए पजल्स और पहेलियों को हल करना चाहिए, इससे मस्तिष्क की कसरत होती है।

### म्यूजिक थेरेपी

क्लासिकल म्यूजिक या इंस्ट्रुमेंटल सुनना मानसिक शांति देता है और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ाता है। कुछ खास ब्रेन वेव म्यूजिक भी उपयोगी होता है। शारीरिक गतिविधि दिमाग में रक्त के प्रवाह को बढ़ाती है, जिससे दिमाग को ऑक्सीजन और पोषक तत्व मिलते हैं।

### ध्यान और प्राणायाम

ध्यान, प्राणायाम और डीप ब्रीदिंग दिमाग की ऑक्सीजन सप्लाई बढ़ाते हैं, जिससे फोकस, एकाग्रता और स्मृति में सुधार आता है। यह तनाव कम करने के साथ ही ध्यान केंद्रित करने और याददाश्त को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।

### योग

सामान्य तौर पर नींद की कमी, कम ऊर्जा और थकान सहित कई कारणों से याददाश्त कमजोर हो सकती है। याददाश्त और तेज दिमाग के लिए पद्मासन, सर्वांगासन , पश्चिमोत्तानासन और हलासन योग का अभ्यास नियमित किया जा सकता है।

# रामबाण की तरह काम करता है लौकी का जूस

ऐसी कई सब्जियां होती हैं, जिन्हें डाइट में शामिल करना सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इन्हीं में से एक है लौकी। जिसे आप बतौर जूस ले सकते हैं। अगर सुबह खाली पेट इसका एक गिलास पिया जाए तो इससे ना केवल शरीर अच्छे से डिटॉक्स होता है, बल्कि पाचन सुधरता है और कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं खुद ब खुद ही ठीक हो जाती है।

**हाई बीपी** -जिन लोगों को हाई बीपी की शिकायत रहती है, उन्हें लौकी के जूस को अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। दरअसल, इसमें पोटैशियम अच्छा खासा होता है, जो शरीर में सोडियम को बैलेंस करता है और नसों को रिलैक्स करता है। यही वजह है कि सुबह खाली पेट एक गिलास बिना नमक वाला ताजा लौकी जूस पीने से उन्हें काफी फायदा मिलता है।

**डायबिटीज़** -अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं, तो भी आप लौकी के जूस को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। दरअसल, लौकी का जूस न ज्यादा कैलोरी वाला होता है और न ही मीठा, इसलिए यह शुगर कंट्रोल के लिए एक बढ़िया ऑप्शन हो सकता है। साथ ही साथ, इसमें फाइबर होता है जो खाने को धीरे-धीरे पचने देता है, जिससे आपको ब्लड शुगर स्पाइक नहीं होता है। इससे इंसुलिन सेंसेटिविटी भी बेहतर होती है।

**कब्ज़ और गैस**- जिन लोगों का पेट अच्छी तरह साफ नहीं होता या उन्हें दिनभर गैस आदि की प्रॉब्लम रहती है, उन्हें लौकी का जूस पीना चाहिए। ये पेट को ठंडक देता है। साथ ही साथ, फाइबर रिच होने की वजह से आपकी कब्ज की शिकायत भी दूर होती है। पाचन के लिए लौकी का जूस काफी अच्छा माना गया है, क्योंकि इससे गैस, एसिडिटी जैसी दिक्कतों से भी राहत मिलती है।

# लगातार बढ़ता तापमान और गर्मी हो सकती है जानलेवा

## महिलाओं में कैंसर का खतरा कई गुना बढ़ा



साल-दर साल बढ़ती गर्मी-तापमान ने स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौतियां पैदा कर दी हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि इसके अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रकार के स्वास्थ्य दुष्प्रभाव हो सकते हैं जिसको लेकर सभी लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता होती है। हर साल गर्मी के रिकॉर्ड टूटते जा रहे हैं। कहीं 45 डिग्री तो कहीं 50 डिग्री से ऊपर तापमान पहुंच रहा है। ये केवल मौसम की बात नहीं रह गई है, बल्कि अब यह हमारे शरीर, कामकाज को भी नुकसान पहुंचा रहा है। खबरों से पता चलता है कि गर्मी बढ़ने के कारण होने वाली समस्याओं के चलते हर साल लाखों लोगों को हीटस्ट्रोक का सामना करना पड़ रहा है, इसके अलावा इसके तमाम दुष्प्रभावों के चलते बड़ी संख्या में मौतें भी हो रही हैं। इसी से संबंधित एक हालिया अध्ययन में वैज्ञानिकों ने बताया है कि लगातार बढ़ते तापमान ने महिलाओं में कैंसर का खतरा कई गुना बढ़ा दिया है।

### अध्ययन में क्या पता चला?

शोधकर्ताओं ने अध्ययन के लिए मध्य पूर्व और उत्तर अफ्रीका के 17 देशों जैसे इराक, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, सऊदी अरब, सीरिया, ट्यूनीशिया, संयुक्त अरब अमीरात और फिलिस्तीन जैसे देशों को शामिल किया। इन देशों में तापमान में तेजी से हो रही बढ़ोतरी के कारण इन्हें जलवायु परिवर्तन के प्रति सबसे संवेदनशील माना गया है। 2050 तक इन देशों में तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। शोधकर्ताओं ने इन देशों में 1998 से 2019 के बीच महिलाओं में कैंसर के मामलों और तापमान में आए बदलाव का विश्लेषण किया।

### कैंसर के मामले और मौतों में बढ़ोतरी

फ्रंटियर्स इन पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार जैसे-जैसे तापमान बढ़ा, वैसे-वैसे कैंसर के मामलों और मौतों में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। कैंसर के मामलों की तरह ही इससे होने वाली मौतों में भी चिंताजनक इजाफा दर्ज हुआ है। तापमान में हर डिग्री की वृद्धि के साथ कैंसर से मौतों का आंकड़ा प्रति लाख महिलाओं में 171 से बढ़कर 332 तक पहुंच गया। अध्ययन के अनुसार कतर, बहरीन, जॉर्डन, सऊदी अरब, यूएई और सीरिया जैसे देशों में कैंसर के मामलों और मौतों में सबसे तेज बढ़ोतरी देखी गई। उदाहरण के लिए कतर में हर डिग्री तापमान वृद्धि के साथ स्तन कैंसर के मामले प्रति लाख महिलाओं में 560 तक बढ़े, जबकि बहरीन में यह संख्या 330 रही।

### बढ़ते तापमान के और भी कई दुष्प्रभाव


स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सूर्य की रोशनी हमारे लिए जरूरी तो है पर इसके अधिक संपर्क में रहने के कारण भी कई तरह की दिक्कतें हो सकती हैं। धूप में ज्यादा देर तक रहना विशेषतौर पर अधिक तापमान की स्थिति कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का भी कारण हो सकती है। गर्मी के दिनों में बाहर बहुत अधिक समय बिताने से त्वचा कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है, ये ऑटोइम्यून बीमारियों के लिए भी जोखिम कारक हो सकती है। हीटवेव का आपकी किडनी पर भी नकारात्मक असर हो सकता है, वहीं जिन लोगों को पहले से ही किडनी की दिक्कत है उन्हें और भी सावधान रहना चाहिए। अत्यधिक गर्मी के संपर्क में रहने वाले लोगों में इलेक्ट्रोलाइट्स का असंतुलन, किडनी इंजरी होने या किडनी में पथरी होने का खतरा काफी बढ़ जाता है।

# क्या एआई मानवीय मेधा के लिए एक नई चुनौती है



-डॉ. अमित द्विवेदी

21वीं सदी की वैज्ञानिक क्रांति का सबसे चर्चित अध्याय बन चुका है -आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस। मशीनों को सोचने, समझने, निर्णय लेने और रचनात्मक कार्यों में सक्षम बनाना, विज्ञान की एक ऐसी छलांग है जिसने मानवीय मेघा की परिभाषा और प्रभुता दोनों को चुनौती दी है। जिस प्रकार मानव ने प्रकृति पर विजय पाई, अब वह 'स्व' के सृजन में लग गया है -एक ऐसा कृत्रिम बौद्धिक स्वरूप, जो स्वयं मनुष्य के लिए ही अनिश्चितताओं का जनक बनता जा रहा है। तो क्या एआई वाकई मानवीय मेघा के लिए चुनौती है ? या यह उसी मेघा का एक विस्तार मात्र है? यह प्रश्न आज सिर्फ तकनीकी नहीं, बल्कि दार्शनिक, सामाजिक और नैतिक विमर्श का भी विषय बन चुका है। एआई का मूल सिद्धांत यह है कि कंप्यूटर या मशीनें मानव-जैसी संज्ञानात्मक क्षमताओं को अर्जित कर सकें - जैसे भाषा को समझना, निर्णय लेना, सीखना, तर्क करना और भविष्यवाणी करना। बीते दशक में मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग और न्यूरल नेटवर्क्स के विकास ने एआई को ऐसी ऊँचाइयों पर पहुँचा दिया है,जहाँ वह केवल अनुकरण नहीं, बल्कि नवाचार करने लगा है।




उदाहरण के लिए, जीपीटी जैसे बड़े भाषा मॉडल न केवल मानव जैसी भाषा में संवाद करते हैं, बल्कि कविता, कथा, निबंध और संगीत की भी रचना कर सकते हैं। एआई और मानवीय मेघा की तुलना करते समय यह समझना आवश्यक है कि दोनों की कार्यप्रणाली मूलतः भिन्न है। मानव बुद्धि जैविक है - वह अनुभव, भावना, स्मृति, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और चेतना से निर्मित होती है। वहीं, एआई डेटा-संचालित गणनाओं और एल्गोरिदम पर आधारित है। मानव की मेघा अनुभवजन्य और नैतिक होती है। वह मूल्यांकन करती है - क्या सही है, क्या उचित है। वहीं एआई की बौद्धिकता निष्पक्ष और अमूर्त होती है दृ वह केवल पैटर्न और आँकड़ों पर काम करती है। यहाँ सवाल उठता है - यदि एआई मानवीय निर्णयों को चुनौती देने लगेए जैसे न्यायालय में राय देनाए शिक्षा में मूल्यांकन करना, या कला में सौंदर्यबोध परखना - तो क्या वह मानवीय मेघा का स्थान ले सकता है एआई के आगमन ने वैश्विक रोज़गार संरचना में भूचाल ला दिया है। मैक्किंज़े की एक रिपोर्ट के अनुसार, आने वाले 10 वर्षों में लगभग 40 करोड़ नौकरियाँ एआई और ऑटोमेशन से प्रभावित होंगी। शिक्षण, लेखा, अनुवाद, पत्रकारिता और यहाँ तक कि चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में भी एआई की पहुँच बढ़ रही है। परिणामस्वरूप यह बहस जन्मी है कि क्या श्मानव के सोचने की जरूरत अब खत्म होने वाली हैघ्श्यह स्थिति एक दोहरी चुनौती प्रस्तुत करती है एक ओर मनुष्य को नई कौशलों को सीखने की आवश्यकता हैए जैसे कोडिंगए डेटा विश्लेषणए एआई की नैतिकता आदि। दूसरी ओर, मानव मूल्यों और रचनात्मकता को बचाए रखने का संघर्ष भी जारी है। एआई से क्या कला और साहित्य की रचनात्मकता भी असुरक्षित हैं, यह प्रश्न भी विचारणीय है, कला और साहित्यए जिनके बारे में सदैव माना गया कि वे मानवीय चेतना की सर्वोच्च अभिव्यक्ति हैंए अब ।प् की प्रयोगशाला में हैं। एआई जेनरेटेड चित्रए उपन्यास, संगीत और फिल्में सामने आ चुकी हैं। जीपीटी मॉडल्स द्वारा लिखे गए लेख कई बार मानव लेखकों से अधिक स्पष्ट और प्रभावशाली प्रतीत होते हैं।यहाँएक गंभीर दार्शनिक प्रश्न खड़ा होता है दृश्क्या रचनात्मकता केवल अंतर्ज्ञान और भावना से उत्पन्न होती हैए या क्या वह भी गणनात्मक संरचनाओं में बदली जा सकती है?'

इसका अंतिम उत्तर और निष्कर्ष सरल नहीं हैए लेकिन यह तय है कि मानव की विशिष्टता अब स्वतःसिद्ध नहीं रही।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ सोमवार, 9 जून 2025

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, त्रयोदशी तिथौ सोम वासरे 09/37/ विशाखा नक्षत्रे 15/31/ शिव योग 13/09/ तैतिल करणे 09/37/ वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा घं.08मि.51पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** बुद्ध आद्रा नक्षत्र में घं.14 मि.58 पर।

**मेष :** अच्छे सहयोगीयों की तलाश रहेगी। परिजनो से मतभेद होंगे। मानसिक तनाव होगा। पूंजी निवेश से धनागम होगा।

**वृष :** बडे व्यय की पूर्ति होगी। परिवारिक सूचना से विचलित रहेंगे। विरोधी कमजोर होंगे। किसी की मदद में समय बीतेगा।

**मिथुन :** परिस्थितियों की जटिलता चिंता बढाएगी। सत्परामर्श से लाभ होगा। कनिष्ठ जनों पर व्यय होगा। आलस्य का त्यागें।

**कर्क :** नए लोगों से मेलजोल बढ़ेगा। कार्य क्षेत्र का विस्तार होगा। परिवार में तनाव रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**सिंह :** साझेदारी के व्यापार में हानि होगी। सत्परामर्श से लाभ होगा। अभाव गस्तता दूर होगी। व्यक्तित्व विकास होगा।

**कन्या :** शारीरिक अरोग्यता रहेगी। सत्कर्म की वृद्धि होगी। संतान चिंता रहेगी। शत्रु पख की प्रबलता रहेगी।

**तुला :** गृह उपयोगी वस्तुओं पर व्यय होगा। सुसंगति लाभ होगा। लेखन अध्यय में अभिरूचि रहेगी। यात्राओं पर व्यय होगा।

**वृश्चिक :** मान-हानि भय रहेगा। व्यापार में सामान्य बाधा रहेगी। व्यय भार में कमी कठिन होगी। सत्परामर्श का लाभ होगा।

**धनु :** कार्य योजना में परिवर्तन करेंगे। लाभप्रद स्थितियां रहेगी। आकस्मात जिम्मेदारी वहन करनी पड़ेगी। मित्र समागम होगा।

**मकर :** आर्थिक योजनाएं सिद्धप्रद होंगी। पुरानी समस्याओं का निवारण होगा। वाणी कौशल से कार्य पूर्ण होंगे। क्रोधाधिक्य त्यागें।

**कुंभ :** मनोरंजन आदि पर अति व्यय सं बचे। अर्था भाव आएगा। परिजनो की चिंता। नए अवसरों को टाले नहीं।

**मीन :** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। संचित कोष बढ़ेगा। जमीन जायदाद की चिंता रहेगी। यात्रा से लाभ होगा।

# पूरे जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा का पर्व

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। सीतापुर। पूरे जनपद में मुस्लिम समुदाय के लोगो ने हर्षोल्लास के साथ ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार मनाया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ईदगाहो, मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रही। लोगों ने घरों में बकरों की कुर्बानियां दी। सभी मस्जिदों, ईदगाहों में अलग-अलग समय में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। मस्जिदों में सुबह ५.४५ बजे से नमाज अदा करने का सिलसिला शुरू कर दिया गया था। इसी क्रम में पुराने सीतापुर स्थित ईहगाह पर नगर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मुनीन्द्र अवस्थी ने पहुंचकर वहां पर मौजूद मौलाना शौकत कासमी से गले मिलकर बकरीद की बधाई दी। मुनीन्द्र अवस्थी ने कहा कि त्यौहार आपसी सौहार्द के साथ मनाना चाहिये इससे एकजुटता बनी रहती है।

वही पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, सांसद राकेश राठौर, सहित भारी संख्या में राजनैतिक लोग मौजूद रहे। वही महमूदाबाद संवाददाता के अनुसार स्थानीय रेलवे स्टेशन ईदगाह में सुन्नी समुदाय के लोगों को मौलाना कारी फ्हीमुद्दीन ने ईद-उज-अजहा की नमाज अता कराई। शिया समुदाय के लोगों को खुदागंज की मस्जिद में मौलान सज्जाद हुसैन द्वारा नमाज अता कराई गई। हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अता करके देश में अमन चौन व शांति की दुआ परवर दिगार से मांगी।

एसडीएम बीके सिंह, सीओ वेद प्रकाश, ईओ शैलेंद्र दुबे, कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह, कस्बा इंचार्ज दीपक राठौर भारी पुलिसबल के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। नूरपुर ईदगाह में कारी मो. हनीफ पैंतेपुर जामा मस्जिद में कारी मो. रफीक, कटरा बाजार में मौ. रईस कासमी, नई बाजार में मो. उस्मान कासमी, बेलदारी टोला में मो. नूरूल हुदा, उमर कालोनी में मौलाना रमजान अली, तहसील मस्जिद में अब्दुल कवि नदवी ने, सदरपुर में मौलाना हाफ़िज़ अख्तर अली ने ईद-उल-अजहा की नमाज लोगों को अदा कराई। रामपुर मथुरा, सदरपुर, खुरवल, बहादुरगंज, बांसुरा, बकहुंआ बाजार, चांदपुर, बेहमा, बाबूपुर, सरैंया बाजार, शेखपुर, धरमपुर, मीरानगर, लोधासा, गोड़ैचा, सेमरी सहित इलाके के विभिन्न स्थानों पर बकरीद का पर्व उल्लास और शांति के साथ मनाया गया। बकरीद के मौके पर बच्चों में भारी उत्साह दिखा। कुबार्नी के लिए चिहिंत स्थानों पर ही कुर्बानी कराई गई तथा खून व अवशेष की गड्ढा खुदवाकर वहीं पटवा दिया गया।







## सांसद राकेश राठौर ने बिसवां विधान सभा क्षेत्र हेतु शुरू किया सांसद जन सेवा वाहन

### महेंद्र सिंह यादव लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि किये गये मनोनीत

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर । बिसवां विधान सभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सिंह चौहान के सौजन्य से सांसद राकेश राठौर ने आज अपने आवास कार्यालय से ष् सांसद जन सेवा वाहन को हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन किया । महेंद्र सिंह यादव को आज सीतापुर लोकसभा क्षेत्र का सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया गया । इस अवसर पर सासंद राकेश राठौर ने कहा बिसवां विधान सभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सिंह चौहान ने जन हित मे बिसवां में आम नागरिको की स्वास्थ्य , तहसील और थानो की समस्याओ के पारदर्शी निस्तारण के लिए सांसद जन सेवा वाहन शुरू कर भारतीय समाज और राजनीति में अभिनव प्रयोग किया है , शीघ्र ही सीतापुर लोकसभा क्षेत्र की हर विधान सभा क्षेत्र में सांसद जन सेवा वाहन शुरू किया जायेगा । इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि बिसवां प्रदीप सिंह चौहान ने कहा की १२ जून को बिसवां विधान सभा क्षेत्र मे सांसद सहायता केंद्र भी शुरू किया जायेगा जहां सांसद जन सेवा वाहन आम जनता के हित में उपलब्ध रहेगा । इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ममता बर्मा ने कहा सांसद राकेश राठौर का सांसद जन सेवा वाहन और ष् सांसद सहायता केंद्र शुरू करना भारतीय राजनीति में पहला अभिनव प्रयोग है , इस अवसर पर किसान नेता शिव प्रकाश सिंह ने कहा यह सीतापुर की राजनीति में जन पक्षधर प्रयोग है ।



मजदूर नेता सुनीला रावत , जिला पंचायत सदस्य सुनीता चौधरी , अच्छे भाई , संदीप राज , शिक्षाविद दिनेश अवस्थी , ओंकार मिश्र , डा अवधेश श्रीवास्तव , सूरज शुक्ला , सत्य देव पांडे आदि मौजूद रहे । सांसद जन सेवा वाहन और सांसद सहायता केंद्र के लिए सम्पर्क मोबाइल नंबर -- ७३७६४७९५००, ९४१५०६२१५१ जारी किये गये है।

## सम्पूर्ण समाधान आज

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर । जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ०९ जून २०२५ दिन सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक तहसील में किया जाएगा। उक्त तिथि को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सिधौली में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन प्रस्तावित है।

## बाइक में अचानक लगी आग

( स्वतंत्र भारत )

महमूदाबाद-सीतापुर। लखनऊ मार्ग स्थित रेलवे क्रासिंग के निकट रिश्तेदारी जा रहे युवक की बाइक में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते बाइक धू-धूकर जलने लगी और थोड़ी ही देर में जलकर खाक हो



गई। सूचना के बाद भी फायर बिग्रेड मौके पर नहीं पहुंची। बाराबंकी के निंदूरा के सिराज पुत्र नियाज पत्नी व दो बच्चों के साथ बकरीद के मौके पर रिश्तेदारी महमूदाबाद के सहदेवा जा रहे थे। सिराज ज्योंही लखनऊ मार्ग स्थित रेलवे क्रासिंग पर पहुंचे अचानक उनकी बाइक में धुआं उठने लगा। धुंआ उठता देख सिराज पत्नी व बच्चों संग बाइक छोड़ कर दूर खड़े हो गए और मदद की गुहार लगाने लगे। देखते ही देखते बाइक धू-धूकर जलने लगी औ थोड़ी ही देर में जलकर खाक हो गई। सूचना के बाद भी फायर बिग्रेड मौके पर नहीं पहुंची। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि जानकारी मिली थी, जबतक पुलिस पहुंची तबतक बाइक पूरी तरह जल चुकी थी।

## सभी क्षेत्रों में समय पर कार्यवाही और संवाद आवश्यक है-राकेश राठौर

### सांसद राकेश राठौर के प्रतिनिधि बने महेन्द्र यादव, कार्यकर्ताओं में हर्ष

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। सीतापुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर ने महेंद्र यादव को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। यह जानकारी सांसद राठौर ने रविवार को अपने सीतापुर स्थित आवास पर आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान दी। प्रेस वार्ता में सांसद राकेश राठौर ने बताया महेंद्र यादव को लोकसभा ३० सीतापुर का सांसद प्रतिनिधि मनोनीत करता हूँ ये मेरी गैर मौजूदगी में होने वाली सभी बैठकों में भाग लेंगे तथा विकास और कानून व्यवस्था से संबंधित मामलों में भी प्रतिभाग करेंगे सांसद ने यह भी कहा कि क्षेत्रीय जनता से उनका गहरा संपर्क है। उन्होंने कहा कि यादव का राजनीतिक अनुभव और जनता से जुड़ाव लोकसभा क्षेत्र में जन समस्याओं के समाधान में सहायक सिद्ध होगा। सांसद राठौर ने कहा, सीतापुर लोकसभा क्षेत्र बड़ा है और सभी क्षेत्रों में समय पर कार्यवाही और संवाद आवश्यक है। ऐसे में एक भरोसेमंद प्रतिनिधि की आवश्यकता थी, जिसे महेंद्र सिंह यादव के रूप में पूरी तरह उपयुक्त पाया गया है।



## डाक विभाग अब केवल पत्र एवं पार्सल ही नहीं अपितु ज्ञान वितरण का भी माध्यम बनेगा

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर । अधीक्षक डाकघर ने बताया कि भारतीय डाक विभाग अब केवल पत्र एवं पार्सल ही नहीं अपितु ज्ञान वितरण का भी माध्यम बनेगा। इस दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सार्थक नयी मेल सेवा 'ज्ञान पोस्ट' का शुभारम्भ किया जा रहा है। यह सेवा डाक विभाग की नयी मेल सेवा है, जिसके अंतर्गत मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों की पुस्तकें, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से सम्बंधित अध्ययन सामग्री और सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक साहित्य को विशेष रियायती दरों पर भेजा जा सकता है। यह सेवा खासतौर पर उन छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, कोचिंग संस्थानों और प्रकाशकों के लिए उपयोगी है जो शैक्षिक सामग्री को किफायती तरीके से देशभर में भेजना चाहते हैं। हालांकि इसके अंतर्गत कुछ सीमाएं भी हैं। इसके द्वारा गैर वाणिज्यिक शैक्षिक सामग्री ही स्वीकृत है अर्थात कोई भी वाणिज्यिक या व्यावसायिक प्रकाशन इसके अंतर्गत स्वीकृत नहीं होंगे। इस सेवा में मासिक पत्रिकाएं, विज्ञापन, व्यापारिक सामग्री या व्यक्तिगत पत्र नहीं भेजे जा सकते हैं। यह सेवा विशुद्ध रूप से अध्ययन और ज्ञानवर्धक सामग्री प्रेषण के लिए है। ज्ञान पोस्ट के अंतर्गत पैकेजों को ३०० ग्राम तक के पैकेट के लिए केवल २० रुपए से शुरू होकर और ५ किलोग्राम तक के पैकेट के लिए अधिकतम १०० रुपए (लागू करों के अनुसार) बेहद सस्ती दरों पर भेजा जा सकता है। बुकिंग करने हेतु भार के अनुसार दरों का विवरण के अनुसार ३०० ग्राम तक २० रूपये, ३०१ ग्राम से ५०० ग्राम तक २५ रूपये, ५०१ ग्राम से १००० ग्राम तक ३५ रूपये, १००१ ग्राम से २००० ग्राम तक ५० रूपये, २००१ ग्राम से ३००० ग्राम तक ६५ रूपये, ३००१ ग्राम से ४००० ग्राम तक ८० रूपये तथा ४००१ ग्राम से ५००० ग्राम तक १०० रूपये तक भेजा जा सकता है।

## एकल ग्रामीण उद्योग संस्थान नैमिषारण्य में धूमधाम से मनाया गया पर्यावरण दिवस

( स्वतंत्र भारत )

मिश्रित-सीतापुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एकल ग्रामीण उद्योग संस्थान नैमिषारण्य में धूमधाम से पर्यावरण दिवस मनाया गया । आयोजित कार्यक्रम में ५ जून को जल जीवन , जंगल , जमीन को बचाने की मुहिम को आगे बढ़ाने हेतु जूआरसी नैमिष के सीटीएल , डब्लू इसी के बच्चों व किसानों ने प्रतिभाग किया । आयोजित कार्यक्रम में जीआरसी संचालन समिति के अध्यक्ष सुधीर सिंह तथा उपाध्यक्ष डा. सागर ने पेड़ पौधे रोपण का कार्य किया । और पर्यावरण दिवस का महत्व बताते हुए सुधीर चौधरी डीआरसी इंचार्ज नैमिषारण्य ने गंगा दशहरा के महत्व पर भी प्रकाश डाला । सभी बच्चों ने मास्क व ग्लव्स पहन कर सड़क के किनारे व प्लाट में पड़े कचरे को , व प्लास्टिक बोतल, पोलीथीन आदि को उठाकर बोरे और डस्टबीन में डाल कर कूड़ा दान को भेजा । इसके अलावा सभी बच्चो , किसानों ने गंगा दशहरा के अवसर पर नैमिष राजघाट पहुंच कर गोमती नदी का पूजन किया तथा उसके बाद सभी को जलपान कराके कार्यक्रम का समापन किया गया । इस अवसर पर जीआरसी के सभी कार्यकर्ता , किसान सीटीएल , डब्लू ईसी के बच्चों सहित सैकड़ो लोग उपस्थिति रहे ।

## पुलिस ने पन्द्रह वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा गंभीर अपराधो में संलिप्त अपराधियों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण में निम्नलिखित थानों की पुलिस टीमों द्वारा न्यायालय में प्रचलित वाद/थाने पर पंजीकृकृत अभियोग से संबंधित कुल १५ वांछित/वारण्टी को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाना बिसवां पुलिस टीम द्वारा वारंटी अभियुक्तगण कुम्भा पुत्र कल्लू पासी निवासी ग्राम झौब्बा खुर्द थाना बिसवां , दीपक पुत्र गयाप्रसाद निवासी बंबौर थाना बिसवां , कामता प्रसाद पुत्र बिंद्रा प्रसाद निवासी ग्राम बंबौर थाना बिसवां , मेटी उर्फ खुशीराम पुत्र मुलचन्द्र निवासी गनेशपुर कंकरकुई थाना बिसवां , रामशरण पुत्र गिरवर निवासी सिकरहना




थाना बिसवां , इमाम अली पुत्र आशिक अली निवासी समनपुरवा म. बोहरा थाना बिसवां को गिरफ्तार किया गया। थाना मिश्रित पुलिस टीम द्वारा वाद संख्या ५१६४/२१ में वारंटी सलमान पुत्र नवाब अली निवासी ग्राम कोहरावां थाना मिश्रिख जनपद सीतापुरको गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना मानपुर पुलिस टीम द्वारा वाद संख्या १७४/०५ में वारंटी रजने पुत्र सकटू निवासी ग्राम नसीरपुर खाले मो० कैमहरा खुर्द थाना मानपुर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना संदना पुलिस टीम द्वारा मु०अ० सं० १०४/२०२५ धारा ६४(१)/११५(२)/ बीएनएस व = पाक्सो एक्ट में वांछित मनीष कुमार पुत्र स्व० चन्दर उर्फ कुशेन्द्र निवासी ग्राम रमुवापुर थाना मछरेहटा तथा वाद संख्या १८६४/०५ में वारंटी अभियुक्त बृजपाल उर्फ बिरजू गोडिया पुत्र रामलाल गोडिया निवासी ग्राम बरबटपुर थाना संदना जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# ज्येष्ठ माह के चतुर्थ शनिवार को भक्तों ने कराये विशाल भण्डारे

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। खैराबाद नगर के मोहल्ला सुजावलपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में शनिवार को एक दिवसीय धार्मिक आयोजन बड़े ही धूमधाम एवं श्रद्धा भाव से संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में नगरवासियों की भारी भीड़ उमड़ी, और श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह व भक्ति के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता द्वारा विधिवत पूजा-पाठ व मंत्रोच्चारण के साथ की गई। उन्होंने भगवान शिव की आराधना करते हुए नगर में सुख-समृद्धि व शांति की कामना की। इस पावन अवसर पर सामूहिक सुंदरकांड पाठ का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एक स्वर में श्रीरामचरितमानस का पाठ करते हुए भक्तिभाव में डूबकर प्रभु श्रीराम व बजरंग बली हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया। सुंदरकांड पाठ के पश्चात हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना कर उन्हें भोग अर्पित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसाद स्वरूप भोजन ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में भक्तजन उमड़े। भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक भोजन परोसा गया, जिसमें बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों सहित हर वर्ग के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की सफलता में आयोजकों की मेहनत एवं नगरवासियों का सहयोग सराहनीय रहा। आयोजन को सफल बनाने में कई सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य व्यक्तियों की सक्रिय भूमिका रही। जिन में प्रमुख रूप से रवि जायसवाल, जयमल सिंह, श्याम प्रकाश शुक्ला, रामसेवक कनौजिया, सौरभ, मनीष कुमार धुरिया, अंकित मिश्रा, गौरव अग्रवाल, शुभम जायसवाल, शुभ जायसवाल, गीता जायसवाल, धर्मेंद्र मौर्य, सरवन सैनी सहित अन्य अनेक श्रद्धालु एवं नगर के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे। इसी प्रकार इण्डस्ट्रीरियल एरिया में संजीव अग्रवाल जिलाध्यक्ष लघु उद्योग भारतीय द्वारा भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से यतीन्द्र अवस्थी बबलू, आशीष शास्त्री, मोहित अग्रवाल, राघव, माधव, सहित भारी संख्या मे ंलोग मौजूद रहे। वही जेल रोड स्थित पत्रकार जीतेन्द्र शुक्ला द्वारा भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में पत्रकारो सहित अन्य लोगो ने भी प्रसाद ग्रहण किया।

वही दुर्गापुरवा स्थित लगेलट्ठ आश्रम में नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू व उनके सहयोगियों द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जो देर शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राज्यमंत्री प्रतिनिधि महेश राठौर, महेन्द्र जायसवाल, जीतेन्द्र मिश्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे।







# जिलाधिकारी पहुंचे लीलौर झील, वर्तमान स्थिति का जायजा लेने के बाद दिए जरूरी दिशा-निर्देश

-स्वतंत्र भारत-

**आंवला/सिरौली।** डीएम अविनाश सिंह रविवार को महाभारत कालीन लीलौर झील का निरीक्षण करने पहुंचे, इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी व नगर आयुक्त भी साथ रहे। इस दौरान उन्होंने झील को विकसित करने के निर्देश दिए हैं।



निरीक्षण के दौरान डीएम अविनाश सिंह ने पाया कि लीलौर की झील में पानी बहुत कम है। कम पानी को देखकर सिंचाई विभाग के एक्सईएन विनोद कुमार गुप्ता को इसमें पानी भरने को टयूववेल आदि की व्यवस्था करने को कहा। इस दौरान उन्होंने झील को घूमकर देखा जिसमें टूटीं हुई पुलिया देखकर उनकी मरम्मत कराने को बीडीओ से कहा कि वह मनरेगा योजना से रास्ते और पुलियों की मरम्मत कराएं। साथ ही इसे पर्यटन के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए हैं और इससे लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा।

जिलाधिकारी ने झील के निरीक्षण के बाद चौपाल लगाई जिसमें लीलौर सहसा के ग्रामीण ने राशन घटतौली करने की शिकायत की जिस पर डीएम ने एसडीएम को जांच के आदेश दिए हैं। दिव्यांग रूपराम ने राशनकार्ड बनाने तथा पेंशन बनवाने की मांग की। इस पर बीडीओ को निर्देश देते हुए दोनों कार्य शीघ्र कराने के आदेश दिए। आवारा पशुओं द्वारा नुकसान करने की शिक़ायत पर डीएम ने गांव में वृहद गौशाला बनवाने को एसडीएम एन राम से कहा है।

डीएम अविनाश सिंह ने महाभारत कालीन प्राचीन लीलौर झील पर पौधारोपण भी किया। सीडीओ दिव्यानी व नगर आयुक्त ने भी एक एक पौधा लगाया। इस दौरान एसडीएम एन राम, नायाब तहसीलदार दीपक कुमार, शीषपाल विष्ट, अमित राना, प्रमोद, थानाध्यक्ष रामरतन सिंह, बीडीओ ओमप्रकाश प्रजापति,सफाई कर्मी संघ अध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह, सचिव करन सिंह, माखन लाल आदि मौजूद रहे।

## महानिदेशक के आदेश पर आंवला पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**आंवला।** पैगा की रहने वाली महिला ने उच्चाधिकारियों को सौंपे प्रार्थना पत्र में बताया कि वह पिछले महीने की 26 तारीख को पड़ोस में सब्जी लेने गई थी। जब वह वापस आई तो देखा कि उसके घर का दरवाजा अंदर से बंद था। घर में रखे सोने चांदीं के जेवर व नगद 40,000 रु कोई चोर चोरी कर ले गया। जिसकी शिकायत उसने थाना आँवला में की थी। बाद में घर पहुंच कर पता चला कि वह चोरी गांव के ही कुछ लोगों ने की है। इसे उसने स्वीकार कर लिया व रुपए और सामान वापस करने की बात कही। मगर अब वह टालमटोल करने लगा और धमकी देने लगा।

परेशान महिला ने थाना आंवला में शिकायत की मगर सुनवाई ना होने पर पुलिस महानिदेशक को से शिकायत की जिसके आधार पर आँवला पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# बरेली पुलिस ने खोली 13 हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की फाइलें, गौकशी से लूट जैसे अपराध शामिल

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** जिले में अपराध नियंत्रण और अपराधियों पर सख्त निगरानी के उद्देश्य से बरेली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 13 हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के खिलाफ उनकी बी श्रेणी की हिस्ट्रीशीट खोली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कदम उठाया गया, जिससे जनपद में आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सके।

पुलिस द्वारा जिन अपराधियों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है, वे गंभीर अपराधों में शामिल रहे हैं। इनमें गौकशी, नकबजनी, चोरी, लूट, एनडीपीएस एक्ट, धोखाधड़ी, मारपीट और रंगदारी जैसे मामले शामिल हैं। संबंधित थानों से उनके पूरे आपराधिक रिकॉर्ड एकत्र किए गए और उनकी निरंतर निगरानी के आदेश जारी किए गए हैं।



पुलिस के अनुसार, आंवला थाना क्षेत्र के दानिश पुत्र फहीम पर वाहन चोरी और नकबजनी के 12 मामले दर्ज हैं, वहीं सेंथल थाना हाफिजगंज के जुबैर पुत्र बाबू कुरैशी नामक अपराधी पर गौकशी के 12 मुकदमे हैं। हाफिजगंज के औरंगाबाद निवासी शिवम पर चोरी और लूट के 12 मामले दर्ज हैं। थाना आंवला के गांव पचघेर सोनू यादव उर्फ जितेंद्र पुत्र दान सिंह पर धोखाधड़ी के 8 मामले, गौसिया चौक थाना आंवला के अकबर उर्फ टेनी इब्बन अली पर मारपीट और रंगदारी के 8, पीलीभीत के पूरनपुर निवासी शाकिर पुत्र मोहम्मद साबिर पर गौकशी के 7, और लोहार नंगला थाना फतेहगंज पश्चिमी निवासी मुन्ना उर्फ अभय पुत्र रक्षपाल पर नकबजनी के 7 मामले पंजीकृत हैं।

इसके अतिरिक्त, अन्य अपराधियों जैसे मो. अली, यामीन, जुबैर अहमद, रईस, अजीम और रफीक के खिलाफ भी 2 से 6 मामलों के बीच गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

बरेली पुलिस का कहना है कि इन हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी से न सिर्फ अपराधों पर अंकुश लगेगा, बल्कि आम जनता में सुरक्षा का भाव भी मजबूत होगा। यह कार्रवाई जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति को सुधारने और अपराधियों में डर पैदा करने के उद्देश्य से की गई है। पुलिस आगे भी इस प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रखेगी।

# पड़ोसी ने काटी ब्लेड से गर्दन हालत गंभीर, आरोपी फरार

**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र के गंगापुर पक्का बाग में उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक ने अपने पड़ोसी पर ब्लैड से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में 44 वर्षीय हरीश पुत्र स्व. चंद्रसेन गंभीर रूप से घायल हो गया।



घायल को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

घायल के भाई ओमप्रकाश ने बताया कि हरीश पल्लेदारी का काम करता है। सोमवार सुबह उसकी पड़ोसी काला पुत्र भगवत से मामूली कहासुनी और हंसी-मजाक में हो गई थी। बात बढ़ने पर काला ने धमकी दी 'तुझे मारूंगा।'

इसके बाद हरीश काम पर चला गया। करीब एक घंटे बाद, जब वह मनोहरी दाल गोदाम में माल उतार रहा था, तभी काला ने पीछे से आकर ब्लैड से उसकी गर्दन पर कई वार किए और मौके से फरार हो गया।

घायल को लेकर परिजन बारादरी थाने पहुंचे, जहां से पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया और मेडिकल परीक्षण भी कराया।

फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है।

# 'सुरक्षित और स्वस्थ भोजन से मोटापे को रोकें'

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर 'मुख्य थीम 'साइंस इन एक्शन' के तहत, एफएसएसएआई की विशिष्ट थीम 'सुरक्षित और स्वस्थ भोजन से मोटापे को रोकें' पर खाद्य सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन (एफएसडीए) लखनऊ ने विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2025 के अवसर पर बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज परसाखेड़ा में एक वृहद जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस वर्ष की मुख्य थीम 'साइंस इन एक्शन' के तहत, एफएसएसएआई की विशिष्ट थीम 'सुरक्षित और स्वस्थ भोजन से मोटापे को रोकें' पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।




कार्यक्रम का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। इसमें खाद्य पैकेजिंग और लेबलिंग के महत्व, व्यक्तिगत स्वच्छता (पर्सनल हाईजीन) के नियम ईट हेल्दी ईट राइट और 'डार्ट टेस्ट', जैसे सरल परीक्षणों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने इन विषयों पर विस्तार से चर्चा की, जिससे उपस्थित लोगों को सुरक्षित खाद्य पदार्थों की पहचान और चयन में मदद मिल सके।

इस कार्यक्रम में खाद्य व्यवसाय संचालकों, आम नागरिकों, होटल और खाद्य निर्माण से जुड़े प्रतिनिधियों सहित विभिन्न हितधारकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

अपूर्व श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त खाद्य -सेकेंड, और खाद्य सुरक्षा अधिकारी, ने खाद्य सुरक्षा के महत्व और इससे संबंधित नियमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने मोटापे से होने वाली विभिन्न बीमारियों और उनसे बचाव के उपायों पर भी गहन चर्चा की, जिसमें संतुलित आहार और सुरक्षित खाद्य प्रथाओं को अपनाने पर जोर दिया गया।उन्होंने उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा मानकों, नियमों और स्वच्छ प्रथाओं के सख्त

### विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर अफसरों ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया

पालन के महत्व पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर, खाद्य व्यवसाय संचालकों को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई। सत्र के दौरान, खाद्य व्यवसाय संचालकों, द्वारा पूछे गए प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर भी दिए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को अपनी उपस्थिति और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

अधिकारियों ने सभी नागरिकों के लिए सुरक्षित और पौष्टिक भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एफएसडीए की प्रतिबद्धता दोहराई और खाद्य सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने में जनभागीदारी का आग्रह किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने छापा मारकर अपराधी पकड़ा, तमंचा व कारतूस बरामद

**भुता।** पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे हैं अपराधियों की धड़पकड़ अभियान के तहत थाना भुता की पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक स्थान पर अचानक छापा मारकर एक अभियुक्त सुमित यादव को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से 315 बोर तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। थाना भुता की पुलिस ने एक सूचना पर थाना प्रभारी भारत सिंह के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने उदयपुर जाने वाली नहर पुलिया ईट भट्टे के पास से अचानक छापा मार कर ग्राम सोरहा थाना बीसलपुर पीलीभीत निवासी सुमित सिंह यादव को गिरफ्तार कर लिया है जिसके पास से एक 315 बोर तमंचा तथा जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। इससे पहले भी थाना भुता की पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 13 अपराधियों को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। तथा क्षेत्र में हुई चोरी की वारदातें को शीघ्र खुलासा किए जाने के लिए पुलिस जगह-जगह छापामारी कर रही है । थाना प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह का कहना है कि क्षेत्र में हुई चोरियों का खुलासा करके शीघ्र चोरों को सलाखों के अंदर भेजा जाएगा।



### पर्वतीय समाज का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**बरेली।** पर्वतीय समाज (रजि.) बरेली का शपथ ग्रहण समारोह कूर्माचल नगर भोले नाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया, जिस में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि संजीव अग्रवाल विधायक कैन्ट, राजेश मिश्रा पूर्व विधायक, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ .अनिल शर्मा, समाजसेवी डॉ.विनोद पागरानी की गरिमामय उपस्तिथि में अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह दियोलिया,,उपाध्यक्ष मदन सिंह बिष्ट, महासचिव डॉ. नरेंद्र सिंह बिष्ट, सलाहकार कुँवर सिंह बिष्ट,वरिष्ठ सचिव चन्द्र प्रकाश जोशी, संरक्षक गिरीश चंद्र पांडे, डॉ .मान सिंह नेगी, कोषाध्यक्ष इंद्र सिंह बिष्ट, मीडिया प्रभारी देवेन्द्र रावत ,सह कोधाध्यक्ष जगदीश सिंह बिष्ट, संयुक्त सचिव दीपक सिंह धौनी आदि ने शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर पुष्कर सिंह बोहरा,आनंद सिंह मेहता, पूरन जोशी, सुन्दर सिंह मेहरा, पंचम सिंह बोनाल, प्रदीप तिवारी,उमेश बिनवाल, मदन सिंह बिष्ट, अतुल डालाकोटि, दीवानी चंद, बालम सिंह बिष्ट, जीत सिंह बोहरा, गौधन सिंह बिष्ट, तारा जोशी, रमेश शर्मा, पूरन सिंह मेहरा, नरेंद्र सिंह नेगी, संजय नेगी, चंद्रा दियोंलिया,नंदिनी अधिकारी,अंजू बिष्ट,बबीता नेगी, प्रभा जोशी आदि उपस्थित रहे।



### रामनगर किला में प्राचीन स्थल पर चप्पल पहनकर मुस्लिम युवक ने बनाई रील, पुलिस से की गई शिकायत

**आंवला।** अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल ने आंवला पुलिस से शिकायत कर बताया कि रामनगर किला हमारी आस्था का केंद्र है यहां पर जैन समाज के अतिरिक्त महाभारत कालीन पांचाल प्रदेश की प्राचीन निशानियां मौजूद है। यहाँ पर ग्राम चंपतपुर निवासी उवैश पुत्र वली द्वारा सोशल मीडिया पर के फेसबुक प्लेटफार्म पर एक स्टोरी लगायी गयी है। जिसमे आरोपी युवक रामनगर किला खंडर क्षेत्र स्थित भीम गदा के ऊपर चप्पल पहनकर खडा हुआ है। जो हमारी भावनाओं को आहत करने वाला है आरोपी युवक आए दिन इसी तरह की खुरापात करता रहता है। उन्होंने मांग की है कि ऐसे ही खुरापाती लोगों पर सख्त कार्रवाही की जाए। यह लोग क्षेत्र की अमन शांति को चुनौती दे रहे है। इस अवसर पर पवन हिंदू, अवधेश मौर्य,हिमांशु सोलकी, निर्मल हिंदू, अजय श्रीवास्तव, सोमवीर दिवाकर,शिव चौधरी, जयपाल मौर्य, प्रेम मौर्य व सुदेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### मारपीट की शिकायत पर आंवला पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**आंवला।** आंवला के गांव डरुआ पुर के रहने वाले राजवीर ने थाना आँवला में सौंपे प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपनी भैंस को बांधकर वापस आ रहा था। तभी रास्ते में गांव के ही मुनीष पुत्र ज्ञान सिंह, धर्मवीर पुत्र रोशन लाल आदि उससे गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने आकर उसे बचाया।उसकी शिकायत पर आंवला पुलिस ने आरोपितों पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह का कहना है कि मुकदमा पंजीकृत किया जा चुका है जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### गुरु अर्जन सिंह के शहीद दिवस पर लंगर छकाया

**फतेहगंज पूर्वी।** लखनऊ हाईवे पर रविवार को सिक्ख धर्म गुरु अर्जन सिंह के शहीद दिवस पर सिमरा गांव के पास एक ढाबे पर लंगर का आयोजन किया गया। इस दौरान पूजा कर राहगीरों को शरबत समेत पूड़ी सब्जी का वितरण किया गया। यहाँ मनदीप सिंह, पवन सिंह, विपिन सिंह सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने सहयोग किया। नगर में दातागंज मार्ग पर सुभाष पाठक, अनमोल पाठक, वीरपाल, नरेश, रामनरेश, पप्पू, दृगपाल आदि, मेन चौराहा पर अंडरपास के नीचे सोनू रिटायर्ड फौजी ,हनुमानजी की मूर्ति के सामने पकंज सिंह,विपिन गुप्ता, विक्रम धर्मेन्द्र आदि नेठंडे शरबत का वितरण किया।हजारों की संख्या में राहगीरों सहित नगरवासियों ने भण्डारो में शरबत, पूड़ी सब्जी का आनंद उठाया।नगरवासियों ने भण्डारो में शरबत, पूड़ी सब्जी का आनंद उठाया।

# व्यापारी सुरक्षा फोरम से जुड़े 70 नए व्यापारी, शपथ ग्रहण कराई

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** व्यापारी सुरक्षा फोरम के महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला के नेतृत्व में भव्य व्यापारी सम्मेलन हुआ बरेली मंडल, अमरोहा, गाजियाबाद, लखीमपुर खीरी आदि शहरों के व्यापारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यापारी सुरक्षा फोरम के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व व्यापारी कल्याण बोर्ड,उत्तर प्रदेश सरकार अशोक गोयल रहे। संचालन महामंत्री दीपक द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में 70 नए व्यापारियों को संगठन से जोड़ा गया और उनको प्रमाण पत्र दिया गया। समाजसेवी आशु अग्रवाल और समाजसेवी महेंद्र सिंह (प्रधान) को सम्मानित किया गया।




प्रदेश अध्यक्ष अशोक गोयल ने सभी व्यापारियों को स्वदेशी वस्तु अपनाने और विदेशी वस्तुओं को त्यागने, महिला सम्मान और व्यापारियों की हर संभव मदद की शपथ भी दिलाई।

मुख्य वक्ता अशोक गोयल ने वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट की बात की, कहा अपने शहर, जिले में उत्पादित वस्तुओं का अधिक अधिक उपभोग और उसका प्रचार करना है,एक भारत श्रेष्ठ भारत की बात की, युवाओं को स्वरोजगार पर जोर दिया,नौकरी मांगने नहीं नौकरी देने की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत की तरफ अब दुनिया की नजर है,भारत में निवेश करने को अब अनेकों देश तैयार हैं,,आने वाला वक्त भारत के युवाओं को होगा, विकास का होगा, समृद्ध शाली और सशक्त भारत का होगा।

संरक्षक एमएल मिश्रा एवं प्रभारी रोहित जिंदल ने एक स्वर में कहा कि अब विदेशी वस्तुओं को त्यागकर अपने भारत की बनी वस्तुओं को अपनाना है और उनका ही प्रचार करना है।

महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला ने कहा ऑनलाइन मार्केटिंग से व्यापारी समाज बर्बादी की कगार पर खड़ा है,आम जनमानस से अपील है कि दुकानों से वस्तु को खरीदें और स्वदेशी वस्तुओं को ही उपयोग में लाएं जिससे देश का पैसा देश में ही लगेगा और हमारे नौजवानों को भी रोजगार मिल पाएगा।

कार्यक्रम में संरक्षक एमएल मिश्रा, प्रभारी रोहित जिंदल, महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला,जितेंद्र रस्तोगी,अजय अग्रवाल, संदीप अग्रवाल(मिंटू), दीपक द्विवेदी, प्रभजीत सिंह, कपिल मेहरोत्रा, प्रमोद रघुवंशी,विष्णु शुक्ला, सोनू मौर्य,हृदेश यादव, सुमित, योगेश मल्होत्रा, अभिषेक गंगवार,रोहित पटेल आदि मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा चालक को मांस का टुकड़ा फेंक कर मारने के आरोपी पर कार्रवाई की मांग

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** नगर के मोहल्ला परा फुल बगिया निवासी ई रिक्शा चालक पंकज ने घटना की तहरीर थाना पुलिस को देकर बताया है कि वह शनिवार की दोपहर समय लगभग दोपहर 12:00 अपने ई रिक्शा में साहूकारा से दूसरे समुदाय के युवक को बैठाकर उसे भूरे खां गोटिया छोड़ने जा रहा था उसने रास्ते में ई-रिक्शा की सीट पर पैर रख लिए उसने सीट से पैर नीचे उतारने को कहा तभी उसने ई रिक्शा चालक पर कच्चा मीट फेंक कर मार दिया और उसके साथ मारपीट की और आगे चलकर उसने अपने तीन-चार साथियों को बुला लिया और उसे गंदी-गंदी गालियां देते हुए लात घूसो व डंडों से बुरी तरह मारा पीटा और उसके कपड़े भी फाड़ दिए और धर्म का विरोध करते हुए भी भद्दी भद्दी गलियां देते रहे। पीड़ति ने तत्काल घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई तब तक आरोपी फरार हो गए। पीड़ित ने आरोपीयों के खिलाफ थाना पुलिस तहरीर दी। ई रिक्शा चालक हिंदू जागरण मंच का कार्यकर्ता है। जैसे ही घटना की जानकारी हिंदू युवा जागरण मंच के कार्यकर्ताओं को हुई तो कार्यकर्ताओं ने घटना पर कड़ा रोष जताते हुए पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## बिजली कटौती से परेशान हुए नगरवासी

**फतेहगंज पूर्वी।** नगर के बिजलीघर से कस्बे सहित देहात के गांवो की बिजली कटौती से जनता परेशान हैं।लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। रविवार सुबह से ही पेड़ो की छँटाई के नाम पर बिजली सप्लाई बंद कर दी गई थी जिसकी कोई भी सूचना नही दी गई।जिसके बाद दोपहर से पम्प करनाल की लाइन पर मरम्मत कार्य के चलते हाईटेंशन लाइन को फरीदपुर जेई द्वारा बन्द करवा दिया गया था। जिसके कारण शाम छह बजे तक बिजली सप्लाई बंद रखी गई थी।नगरवासियों का कहना है कि बिना कोई सूचना के बिजली विभाग वाले बिजली सप्लाई बंद कर देते हैं और पूंछने पर भी सही बात नहीं बताते हैं। जिसके कारण जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इलाके के गांव उधरनपुर में पिछले पांच दिनों से ट्रांसफार्मर फुंका हुआ है लेकिन अभी तक बदला गया है।जिसके कारण पचास से ज्यादा घरों की बिजली सप्लाई बंद पड़ी है अत्यधिक गर्मी होने के कारण लोगों को काफी दिक्कतें आ रही हैं। अवर अभियंता राम सिंह ने बताया आगे से विधुत मरम्मत कार्य की सूचना बताई जाएगी और फुंके हुए ट्रांसफार्मर को बदलवाया जाएगा।

# ईद-उल-अजहा का पर्व धूमधाम से मनाया गया



-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में ईद उल अजहा बकरीद का पर्व अकीदत और अमन के साथ मनाया गया सुबह से ही नगर के ईदगाह समेत ग्रामीण क्षेत्रों की तमाम मस्जिदों में भारी भीड़ उमड़ी नगर के ईदगाह में सुबह 10:00 बजे ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। और मुल्क की सलामती की दुआ की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दी। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर डॉक्टर अलाउद्दीन खान, नगर पालिका अध्यक्ष सराफत जरी वाले, हाजी महबूब अली खां, तहसीन राजा, अजीम मियां, सभासद नन्हे अंसारी, नुसरत शेख, सभासद ताजुद्दीन, आदि लोगों ने ईद उल अजहा पर्व की लोगों को मुबारकबाद दी। इस अवसर पर एसडीएम फरीदपुर मल्लिका नैन, तहसीलदार सुरभि रायय, नायब तहसीलदार शुभम पांडे, सीओ फरीदपुर संदीप कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी राधेश्याम समेत तहसील के समस्त अधिकारी एवं पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

# धान में स्टेम बोरर्स से निपटने के लिए बेयर ने लॉन्च किया बीकोटा

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** कृषि एवं स्वास्थ्य से संबंधित लाइफ साइंस के क्षेत्र में अग्रणी वैश्विक कंपनी बेयर ने बीकोटा को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह विशेष रूप से स्टेम बोरर कीट से निपटने में धान के किसानों की मदद के लिए तैयार किया गया प्रोडक्ट है। इन हानिकारक कीटों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बीकोटा में बेयर के एक्सक्लूसिव इनोवेशन को शामिल किया गया है। बीकोटा को जून, 2025 से पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना समेत सभी धान उत्पादक राज्यों में उपलब्ध कराया जाएगा।

लॉन्चिंग के मौके पर मोहन बाबू, (क्लस्टर कमर्शियल लीड ङ्क भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका, क्रॉप साइंस डिवीजन, बेयर) ने कहा, 'बेयर अपने इनोवेशन के माध्यम से किसानों के जीवन को आसान बनाने के लिए प्रयासरत है। बीकोटा के माध्यम से हम न केवल चाहते हैं कि धान के किसानों की फसल सुरक्षित रहे, बल्कि समय एवं श्रम की लागत भी कम हो और उन्हें उपज व आय बढ़ाने में मदद मिले।'

उन्होंने बताया कि स्टेम बोरर्स से धान की फसल को बहुत नुकसान होता है, जिससे उपज कम होती है। बीकोटा तेजी से काम करते हुए इन कीटों का आहार रोक देता है और स्थायी सुरक्षा प्रदान करता है। एक बार प्रयोग करके किसान बाजार में उपलब्ध अन्य समाधानों की तुलना में लम्बे समय तक तक फसलों की सुरक्षा को लेकर निश्चिंत हो सकते हैं। बीकोटा प्रयोग की दृष्टि से सुरक्षित है और फायदेमंद कीटों के लिए भी सुरक्षित है। यही बात इसे किसानों के लिए पसंदीदा विकल्प बनाती है।

अपने ग्रेन्युलर फॉर्मूलेशन के कारण यह प्रयोग में आसान है। इससे किसान आसानी से और तेजी से खेत में इसका छिड़काव कर पाते हैं।

# राजकीय महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** राजकीय महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ अमित कुमार सिंह के संरक्षण में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्या, उपस्थित प्राध्यापकगण एवं छात्र छात्राओं ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि वर्तमान विश्व की पर्यावरण संबंधी समस्याओं जैसे बाढ़, सूखा ,भूस्खलन, हिमस्खलन, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग इत्यादि समस्याओं का समाधान करने का सबसे कारगर उपाय वृक्षारोपण है, इससे जीवन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार होने के साथ ही विभिन्न प्रकार की पर्यावरणीय समस्याओं का भी समाधान होता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि लोग अपने जीवन के महत्वपूर्ण अवसरों जैसे जन्म दिवस, वैवाहिक वर्षगांठ आदि शुभ अवसरों पर एक पेड़ अवश्य लगाएं।वृक्षारोपण कार्यक्रम में डॉ अब्दुल कादिर, डॉ डॉक्टर वेद प्रकाश, डॉ अंशु सत्यार्थी, डॉ दिलीप कुमार चौरसिया, डॉ प्रगति चौधरी, के साथ एनसीसी, एनएसएस, रोवर रेंजर्स के स्वयंसेवको की सराहनीय प्रतिभागिता रही।



## ज्येष्ठ मास में एस. के डायग्नोस्टिक सेंटर पर विशाल भंडारे का आयोजन

स्वतंत्र भारत

**माधौगंज।** ज्येष्ठ मास के उपलक्ष्य में शनिवार को एसके डायग्नोस्टिक एण्ड डिजिटल एक्स-रे सेन्टर माधौगंज पर छोले चावल का विशाल भण्डारा आयोजित किया गया। भण्डारे में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के बड़े भाई वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक का लैब संचालक सन्दीप कुमार संगीत कुमार, रामनरेश आर्य, सुशील सिंह, शुभम सिंह ने फूलों की माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत श्रंखला की इसी कड़ी



में सन्दीप कुमार ने मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक को श्री खाटू श्याम की प्रतिमा एवं रामनरेश आर्य ने श्रीराम नाम पटुका पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। भण्डारे का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक ने श्रीबालाजी की प्रतिमा का पूजन अर्चन माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस दौरान राजेश पाठक ने कहा कि साल में ज्येष्ठ माह का सबसे अलग ही महत्व है उन्होंने कहा कि दीन दुखियों की सेवाओ के जरिए उनके सच्चे मददगार बनकर अनन्त दुआएं प्राप्त की जा सकती है।सभी को समाजसेवा के उत्कृष्ट कार्य कर अपने नेकदिल से इंसानियत व सच्ची मानवता का परिचय देना चाहिए जिससे ईश्वर नेक कार्यों के संचित पुण्य प्रभाव से प्रगति पथ पर अग्रसर कर सके। इस दौरान उन्होंने एसव केव डायग्नोस्टिक सेंटर एण्ड डिजिटल एक्स-रे सेन्टर के संचालक सन्दीप कुमार को आशीर्वाद प्रदान करते हुए अपना हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। पूरे दिन कटरा बिल्हौर हाईवे मार्ग पर गुजरने वाले सभी राहगीरों के अलावा मोटरसाइकिल आटो रिक्शा कारें बसों को रोककर यात्रियों को छोले चावल वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा मण्डल अध्यक्ष आनन्द कुमार सैनी,डाक्टर अरविन्द सिंह, कौशल किशोर,आलोक कुमार, बलवंत सिंह, गिरवर सिंह,सुशील सिंह, संगीत कुमार,,सोनू ,अनुज कुमार सौरभ कुमार,नितीश कुमार, हनी गुप्ता , मनीष, उमेश कुशवाहा, रोहित पंडित, सन्दीप गुप्ता,,बृजेश,सीवेन्द्र कुमार सचिन शिवानी पटेल, शालूरानी भैयालाल, मायाप्रकाश अग्निहोत्री, नंदकिशोर गुप्ता,अखिलेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता, संजय मौर्य, महेंद्र सिंह समेत अन्य कई पत्रकार बन्धु मौजूद रहे।

# सनमानी वैश्य समाज ने किया 12 कन्याओं का दहेज रहित विवाह



स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** सनमानी वैश्य समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित दहेज रहित सामूहिक विवाह समारोह में 12 जोड़ों ने एक दूसरे के गले में वर माला डाली व एक दूसरे का साथ निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री रामजी की पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ विवाह समारोह की शुरुआत हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने नवदंपति को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा की इस पुनीत कार्य में वह भी समाज के साथ हैं, उन्होंने हर संभव सहयोग की घोषणा करते हुए कहा कि वैसे भी देश की अर्थव्यवस्था वैश्य समाज पर ही टिकी हुई है।

मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा बेटी शक्ति का स्वरूप है बोझ नहीं। उन्होंने नवविवाहित कन्याओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में एक दर्जन वेदियों पर यजमानों ने मंत्रोचार के साथ भावंर डलवाई। पूजा अर्चना के साथ एक दर्जन सामूहिक रूप से शादियां संपन्न हुई। लोगों ने पुष्प वर्षा कर नव दंपति को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा मधुर ने पहुंचकर नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया तथा 5100 मुद्राओं का सहयोग भी लिखवाया।

इस दौरान सन्मानी वैश्य सेवा समिति के तीनों अध्यक्ष क्रमशः प्रकाश चंद्र गुप्ता, श्याम कुमार गुप्ता टीटू, राम किशोर गुप्ता गुड्डू के अलावा पूर्व पालिका अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, पूर्व राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, पूर्व मंडी अध्यक्ष मन्नीलाल शाह, कैलाश नारायण गुप्ता, दिनेश गुप्ता सांडी, संजय गुप्ता और हरि श्याम गुप्ता पीलू, इंद्रेश्वर नाथ गुप्ता, संजीव गुप्ता निन्ने, उत्तम गुप्ता, मंडी के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र कुमार गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य सर्वेंद्र गुप्ता, कार्यक्रम में अपने कंधों पर भारी जिम्मेदारी उठाने वाले मनोज गुप्ता रोहापार, रजनीश गुप्ता, सूरज गुप्ता, आलोक गुप्ता, उमेश गुप्ता घड़ी वाले, संदीप गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, महेश गुप्ता, सेवानिवृत पुलिस उपाधीक्षक चंद्रशेखर गुप्ता, हुकुम गुप्ता राजीव गुप्ता, विजय गुप्ता विजय गन हाउस, पूर्व सभासद अनिल गुप्ता, सभासद सुधीर बनिया, शिवांशु गुप्ता समेत सैकड़ो की संख्या में सहयोग करने वाले उपस्थित रहे।

सामूहिक विवाह समारोह में जिन जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ थामा उसमें कपिल गुप्ता पूर्णिमा गुप्ता, राजीव गुप्ता दुर्गा गुप्ता, मोहित गुप्ता रजनी गुप्ता, सचिन गुप्ता लक्ष्मी गुप्ता, आशीष गुप्ता दुर्गा गुप्ता, मुकेश गुप्ता मणि गुप्ता, लकी गुप्ता शिखा गुप्ता, संदीप कुमार गुप्ता दीपाली गुप्ता, प्रांशु गुप्ता निशा गुप्ता, विकास गुप्ता शालिनी गुप्ता, रोहित गुप्ता प्रियंका गुप्ता, अनुराग गुप्ता सरस्वती गुप्ता ने एक दूसरे के गले में वरमाला डालकर एक दूसरे का पाणिग्रहण किया और अपना जीवन साथी बनाया।

## खबर एक नजर

### ज्येष्ठ माह के शनिवार के दिन विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** आशा नगर गेट पर ज्येष्ठ माह के उपलक्ष्य में शनिवार के दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित विनायक मिश्रा, सूर्यांशु मिश्रा, युवराज सिंह तथा अंकित ओमर ने हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर भंडारे के प्रसाद का वितरण शुभारंभ किया। सभी हनुमान भक्तों ने श्रद्धापूर्वक



प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का शुभारंभ सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक चलता रहा। प्रसाद में छोले, चावल तथा पूड़ी शाम तक चलता रहा। कड़ी धूप में भक्तों ने बड़ी श्रद्धा भावना से प्रसाद का आनंद लिया। इस मौके पर प्रफुल्ल कुमार मिश्रा, रितेश मिश्रा, रोहित मिश्रा, विनोद शुक्ला, दिव्यांशु मिश्रा, धीरेंद्र सिंह चैहान, नीशू अग्निहोत्री, आइ एन की संपादक विजयलक्ष्मी सिंह, रीडर टाइम्स के ब्यूरो चीफ गोपाल द्विवेदी, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अखिलेश सिंह, कहर मैगजीन के संपादक आनंद गुप्ता, नवल किशोर पत्रकार, प्रवीण सिंह राजन, लोक भारती के ब्यूरो चीफ दिवाकर मिश्रा कृष्णपाल अवस्थी पत्रकार विवेक मिश्रा आनंद अवस्थी समेत सभी भक्तगण मौजूद रहे।

### विवाहिता ने पति सहित चार पर लिखाई दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**शाहाबाद हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर गयंद निवासी विवाहिता ने पति सहित चार के विरुद्ध दहेज के लिए उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम रंधीर पुर निवासी वर्षा पुत्री रामसनेही के अनुसार उसका विवाह पांच वर्ष पूर्व कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर गयंद निवासी सोनपाल पुत्र मोतीलाल के साथ हुआ था।विवाह के बाद से ही अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपए की मांग को लेकर उसका पति,ससुर,देवर मटरू और महेंद्र उसे आए दिन प्रताड़ित करते हैं।उसके कोई बच्चा नहीं है।इसका भी ताना देते हैं।5 जून को विपक्षियों में एक राय होकर दहेज की मांग को लेकर उसे काफी मारा पीटा।जान से मार डालने की धमकी दी।उसने अपनी बहन लक्ष्मी को फोनकर घटना बताई वह 7 जून को उसकी ससुराल पहुंची तो आरोपियों ने उन दोनों को गाली गलौज कर घर से भगा दिया और दहेज न मिलने पर दूसरी शादी करने की धमकी दी।

### चोरी के रुपए सहित आरोपी गिरफ्तार

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** कासिमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम घुसपाहा में घर के अंदर घुसकर रुपए चोरी करने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को चोरी किए गए रुपए के साथ गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है। प्राप्त विवरण में 7 जून को फूलबसा पत्नी शिवकुमार



निवासी ग्राम घुसपाहा द्वारा थाना कासिमपुर पर तहरीर दी गयी कि मनोज पुत्र रामऔतार निवासी ग्राम घुसपाहा थाना कासिमपुर द्वारा उसके घर से नगदी चोरी कर ली गयी है। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना कासिमपुर पर नामजद आरोपी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। थाना कासिमपुर के उपनिरीक्षक प्रियांक शर्मा और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी को चोरी की गई नगदी के साथ गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है।

### घायल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** हरियांवा थाना क्षेत्र के ग्राम पन्ना पुरवा में एक व्यक्ति पर 23 मार्च को हमला कर उसे घायल कर देने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है। प्राप्त विवरण में 23 मार्च को रामदेव पुत्र शहजादे निवासी ग्राम



पन्नापुरवा द्वारा थाना हरियावां पर तहरीर दी गई कि सत्यप्रकाश पुत्र रामऔतार निवासी ग्राम पन्नापुरवा थाना हरियावां सहित 05 नामजद व अन्य अज्ञात लोगों द्वारा उसके साथ गाली-गलौजध्मारपीट कर घायल किया गया। इस संबंध में पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना हरियावां पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर उनकी तलाश शुरू की गई थी। थाना हरियावां के उपनिरीक्षक विनोद कुमार महिला उपनिरीक्षक शालिनी शुक्ला और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

### उधोग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष का नगर आगमन पर भव्य स्वागत

**माधोगंज (स्वतंत्र भारत)।** पूर्व सांसद ,पूर्व मंत्री व वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष उ. प्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल बनवारी लाल कंछल का माधोगंज नगर आगमन पर प्रदेश मंत्री व्यापार मंडल नवल माहेश्वरी के आवास रामभवन पर जोरदार स्वागत कमल माहेश्वरी, प्रदेश संगठन मंत्री उदय अग्रवाल, नगर अध्यक्ष प्रमोद जैन, महामंत्री जीतू ओमर महामंत्री अजय गुप्ता पप्पू , पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष डा. नीरज अध्यक्ष , पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश त्यागी, बीरेंद्र गुप्ता पप्पू,जिला महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ला सहित गणमान्य नागरिक ने स्वागत किया।सभी उपस्थित व्यापारी से व्यापार से संबंधित समस्या पर चर्चा की एवम् पूर्ण सहयोग का वादा किया । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी जिस तरह व्यापार व उद्योग की मदद कर रहे आने वाले 30 वर्षो तक भाजपा की सरकार बनेगी , जो व्यापार व देश हित में कार्य करेगा वही देश पर राज करेगा। सभी व्यापारियों ने प्रदेश अध्यक्ष को प्रेरणा स्रोत डा एस एस माहेश्वरी की पुस्तक भेंट करने पर कहा माहेश्वरी समाज का योगदान हर जगह है एवम् राममंदिर आंदोलन में माहेश्वरी समाज के गौरव कोठरी बंधुओं का योगदान वंदनीय है।

# मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में आरोपियों पर रिपोर्ट

स्वतंत्र भारत

**शाहाबाद हरदोई।** मझिला थाना क्षेत्र में अलग अलग गांव में हुई मारपीट की घटनाओं में पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

थाना क्षेत्र के ग्राम रैगवा निवासी दिन्नो पत्नी किशनपाल के अनुसार 6 जून को वह अपने दरवाजे पर बैठी थी।विपक्षी लंकुश पुत्र विश्राम अपने भाई हिमांशू और रेनू के साथ लाठी डंडे लेकर उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज किए। मना करने पर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम अयारी निवासी सब्बन पुत्र इनायत के अनुसार गांव के सकील पुत्र सैफुल्ला ने पुरानी रंजिश में अपने भाई लियाकत, नासिर और शाजिद पुत्र रसीद के साथ उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम आदम पुर में अपने चाचा के लड़के की बारात में आए सांडी थाना क्षेत्र के ग्राम धौंधी निवासी विनय मोहन पुत्र भगवान दीन के अनुसार 6 जून वह बारात में आया था।शाम को नाश्ते के समय गांव का अजीत सक्सेना पुत्र तुलसीराम अपने भाई सुरजीत के साथ शराब के नशे में बाइक पर आकर बारातियों को गाली गलौज करने लगा मना करने पर बाइक वहीं छोड़कर घर से डंडा और हंसिया लेकर आया और मारपीट करने लगा।लोगों ने उसका डंडा ले लिया तो आरोपी ने कमर में लगा हंसिया निकाल कर उसके साले अभिषेक पुत्र इंदर और झब्बूलाल पुत्र गया प्रसाद की हंसिया मारकर लहूलुहान कर दिया।घायलों को सीएचसी शाहाबाद लाया गया।जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।वहां घायलों का इलाज चल रहा है। मारपीट की उक्त घटनाओं में मझिला पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घायल करने वाले आरोपी पर रिपोर्ट

**शाहाबाद हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पेढ़वा में युवक ने एक महिला को लाठी से मारपीट कर घायल कर दिया।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है। पीड़िता आरती देवी पत्नी प्रमोद कुमार के अनुसार शनिवार की रात 8 बजे वह घर के बाहर बैठी थी ।तभी गांव के कुलदीप पुत्र रामनारायन ने उसे गाली गलौज करते हुए लाठी मार दी जिससे उसका सिर फट गया।उसे बचाने आए पति को भी आरोपी ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भिजवाया है।

## नोडल अधिकारी ने किया मेडिकल केयर हॉस्पिटल का निरीक्षण




**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** गैर पंजीकृत मेडिकल केयर हॉस्पिटल इमलियाबाग की शिकायत प्राप्त होने के उपरांत आज नोडल अधिकारी चिकित्सालय पंजीकरण डॉक्टर मनोज कुमार सिंह द्वारा टीम सहित मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दो मरीज भर्ती पाए गए जिनको तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संडीला पर संदर्भित कर दिया गया तथा चिकित्सालय को सील करते हुए संचालक मोहम्मद समीर के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई प्रारम्भ कर दी गयी। संचालक मौके से फरार मिला। डॉ मनोज ने बताया ऐसे अस्पतालों के विरुद्ध आगे भी छापेमारी की जाती रहेगी।

## पुलिस ने अवैध मिट्टी खनन कर रही जेसीबी को किया सीज,खनन माफिया फरार

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** संडीला थाना क्षेत्र में काफी दिनों से अवैध रूप से मिट्टी खनन किया जा रहा था।कोतवाली पुलिस ने रविवार को सुबह मौके पर पहुंच खनन कर रही एक जेसीबी को जब्त करते हुए उसे सीज कर दिया है।खनन माफिया और जेसीबी ड्राइवर फरार होने में कामयाब हो गए। प्राप्त विवरण में रविवार को थाना संडीला पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना संडीला क्षेत्रांतर्गत ग्राम तिलोईया खुर्द में अवैध रुप से मिट्टी का खनन किया जा रहा है। इस सूचना पर थाना संडीला के उपनिरीक्षक अनुज कुमार और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस टीम को देखकर अवैध रूप से मिट्टी का खनन कर रहे व्यक्ति मौके से फरार हो गये। पुलिस टीम द्वारा अवैध खनन में प्रयुक्त एक अदद जेसीबी को कब्जे में लेकर सीज कर दिया गया। घटना में संलिप्त व्यक्तियों की गिरफ्तारी के सार्थक प्रयास जारी है।



## रैंगाई टीम ने दतेउनापुर को 53 रनों से हराकर शानदार जीत हासिल की

- केपीएल कोटरा प्रीमियर क्रिकेट लीग का हुआ शुभारंभ

स्वतंत्र भारत



**पिहानी हरदोई।** विकासखंड पिहानी क्षेत्र के ग्राम कोटरा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी के पी एल सीजन 7 की हुई शुरुआत। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रामवीर सिंह पूर्व प्रधान छोटे सिंह पूर्व प्रधान व अवनीश सिंह रिंकू अजीत सिंह निराला नगर के हाथो उद्घाटन किया गया। पहला मैच दतेउनापुर की टीम ने टॉस जीता टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी चुनी। रैगाई की पारी की शुरुआत करने आए माना और सोभित माना ने अच्छी पारी खेली 29 रन की लेकिन शोभित अंकित के हाथों अपना विकेट गवा बैठे। रैंगाई टीम ने 20 ओवर खेल कर 135 रन का रन बनाए। 135 रनों का पीछा करने के लिए उतरी दतेउनापुर की टीम की तरफ से मुदित दीक्षित ने 32 रन की शानदार पारी खेली ।लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए और बदन के हाथों अपना विकेट गवा बैठे ।गेंदबाज सुमीत और अशोक ने अच्छी गेंदबाजी की सुमित ने चार ओवर में 27 रन लेकर तीन विकेट लिए ।अशोक ने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिए।और अंकित काबिल ने 14 रन बनाए दूसरी तरफ रंगाई टीम के अच्छे गेंदबाज बदन सिंह ने तीन ओवर में 14 रन देकर चार विकेट और मोकू ने तीन ओवर में 19 रन देकर 3 विकेट लिए । रैंगाई टीम की तरफ से बल्लेबाज माना ने 29 रन शोभु शुक्ला ने 27 रन और बदन ने 19 रन का सहयोग राहा ।और 13 ओवर में दतेउनापुर को 53 रनों से हराकर शानदार जीत हासिल की। दोनों टीम के खिलाड़ियों ने समिति सदस्य राहुल सिंह की जमकर तारीफ की और कोटरा मंकी ग्राउंड की व व्यवस्था की तारीफ की। खिलाड़ियों का कहना है राहुल सिंह के नेतृत्व में हर वर्ष टूर्नामेंट अच्छा होता है ।दूर-दूर से खिलाड़ी आते हैं के पी एल सीजन 7 टूर्नामेंट इस साल भी बेहतर होगा। समारोह में उपस्थित हुए समिति सदस्य राहुल सिंह कमेटी अध्यक्ष रिंकू सिंह संरक्षक सल्लू सिंह अवनीश सिंह चैहान शिवम सिंह व सैकड़ों गांव के लोग मौजूद रहे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को किया गया जागरूक



स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार एवं जिलाधिकारी अनुनय झा के निर्देशों के कम में कृषको को विकसित कृषि सकल्प अभियान का आयोजन 29 मई से 12 जून तक जनपद की कुल 135 ग्राम पंचायतो में किया जा रहा है। जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिको एंव कृषि के सहयोगी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कृषको को नयी तकनीकी जानकारी व उपरोक्त कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रयोगशाला से खेत तक लैब ऑफ लैंड है।7 और 8 जून को विकास खण्ड साण्डी के ग्राम लमकन में विधायक सवायजपुर माधवेन्द्र प्रताप सिंह, रानू के साथ द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। विधायक द्वारा कृषको को अधिक से अधिक गौ आधारित प्राकृति खेती करने हेतु किसानो को पेरित किया गया नैनो यूरिया व डी0ए0पी0 एवं बुबाई से पूर्व बीज शोधन करने सम्बन्धी जानकारी भी दी गई। विधायक द्वारा पीएम किसान, फार्मर आईडी संतुलित उर्वरक कीटनाशक के प्रयोग के लिये किसानो का आइयान किया गा ।उनके द्वारा कृषको बताया कि खेती में नवाचार का प्रयोग कर कृषि लागत कम कर अपनी आय में बढ़ोत्तरी कर सकते है। विधायक द्वारा सर्वेश पाठक पुत्र शम्भूदयाल, ज्वाला पुत्रगोपी, रमनपाल पुत्र सुरेन्द्र शुभकरन पुत्र रामलाल आदि कृषको को निशुल्क बीज मिनिकिट का वितरण, रामकृष्ण पुत्र विश्राम, लालाराम पुत्र विश्राम, सत्यपाल पुत्र सोबरनलाल, हरि सिंह पुत्र लोचन को पीएएम0 किसान प्रशस्ति पत्र एवं दिनेश पुत्र जगबीर, अनिल पुत्र जगबीर का मृदा स्वास्थ्य कार्ड जनप्रतिनियों द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में कषि रक्षा अधिकारी विनीत कुमार शुक्ला, सीएसएसआईआर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 ए0के दुबे, डा0 एके तिवारी वैज्ञानिक के साथ ही कमलेश पाल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजू तिवारी, मण्डल अध्यक्ष, व प्रगतिशील कृषको के द्वारा भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। इसी के साथ विकास खण्ड मल्लावां के ग्राम ईश्वरपुर साई में विधायक आशीष सिंह आशू द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। इसी के साथ गीता वर्मा, ब्लाक प्रमुख मल्लावां, अरविन्द वर्मा, ग्राम प्रधान एवं प्रगतिशील कृषको द्वारा प्रतिभाग किया गया। ब्लॉक अहिरोरी के करीमनगर में विधायक प्रभाष कुमार द्वारा प्रतिभाग किया गया।दोनों स्थानों पर विधायकों द्वारा कृषको को सम्बोधित करते हुये सरकार द्वारा कृषको के हित में चलाई जा रही जैवकि खेती, फसल बीमा, डिजिटल काप सर्वे आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। उप कृषि निदेशक,सतीश कुमार द्वारा कृषको को ज्यादा से ज्याद जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देने सम्बधी जानकारी दी गई। इसी के साथ उनके द्वारा बताया गया कि कृष खेती में नावाचर का प्रयोग कर उत्पादकता लागत को कम कर अपनी आय को बढ़ा सकते है। इसी के साथ जनपद के विकास खण्ड मल्लावां के ग्राम कल्यानपुर, देवमनपुर में केवीके की टीम 1 वैज्ञानिक डा0 त्रिलोकी नाथ व डा0 त्रिलोक सिंह विकास खण्ड कोथवा के ग्राम कोथवा, जनिगवां व मनिगांव में केवी के की टीम-2 वैज्ञानिक डा अंजली साहू, व डा मोहित सिंह, विकास खण्ड-टोडरपुर के ग्राम अमरौली, पीलामहुआ.व सैदपुर में केपीके की टीम 3 वैज्ञानिक डा डीवी सिंह, व डा0 प्रिया वशिष्ठ द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के नोडल सीएसआरआई के प्रमुख वैज्ञानिक डा0 संजय अरोरा, डा0 चन्द्रशेखर सिंह एवं डा0 अर्जुन सिंहद्वारा नोडल वैज्ञानिक के रूप में एवं डा0 पंकज नौटियाल, डा0 ए के तिवारी वरिष्ठ वैज्ञानिक के0 वीके आदि के द्वारा कार्यकम में प्रतिभाग किया गया। उपरोक्त कार्यक्रमों में कुल 3100 पुरूष कृषको एवं 1300 महिला कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यकम में पशुपालन, उद्यानीकरण गन्ना, मत्स्य पालन, कृषि आदि से सम्बधित उपयोगी जानकरी सम्बधित विभाग के उपस्थित अधिकारियों द्वारा दी गई।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 249 मरीजों का हुआ उपचार

हलिया (मिर्जापुर)। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 249मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला डॉक्टर विमल कुमार कि देखरेख में आयोजित किया गया मेला में कुल 61मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 43मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डॉक्टर रविराज के देखरेख



में 51मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में 41 मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 249मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान चिकित्सक डॉक्टर निर्मल, फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार,सुभाष पटेल किशोर कुमार,राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफ नर्स माया आदि मौजूद रहें।

# बाइक सवार गड्ढे में गिरकर घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के कोटर मार्ग पर शनिवार की रात में बाइक सवार अनियंत्रित होकर पुलिया के पास गड्ढे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बाइक सवार युवक को एंबुलेंस सेवा वहां से उपचार के लिए प्राथमिक हलिया लेकर आए जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद युवक के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है थाना क्षेत्र के हरसड़ गांव निवासी 45 वर्षीय नेता तिवारी बाइक से सोठिया चौराहे पर सामान लेकर वापस अपने घर लौट रहे थे कि जैसे ही कोटार मार्ग पर पहुंचे कि सामने से आ रहे वहां की रोशनी के कारण अनियंत्रित होकर पुलिया के



पास गड्ढे में गिरकर घायल हो गया। मौके पर ग्रामीणों ने घायल बाइक सवार युवक को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन से हलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद सिर में गंभीर चोट को देखते हुए ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है।

# अकीदत के साथ अदा की गई ईद-उल-अज़हा की नमाज़

मिर्जापुर। मुस्लिम वर्ग के महत्वपूर्ण त्यौहार में एक ईद -उल -अजहा (बकरीद) जनपद में भर परम्परागत रूप से मनाया गया। शनिवार को सुबह साढ़े सात बजे मस्जिदों, ईदगाहों में अक़ाह की बरगाह में अकीदत के साथ बकरीद की नमाज अदा की गई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा अपने मातहतों के साथ नगर से कस्बवां आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया। नमाज के दौरान मुस्लिम बंधुओं ने मुल्क में अमन एवं तरक्की कायम रखने के लिए अल्लाह ताला से दुआ की। नगर के तरकापुर, वासलीगंज, गोसाई तालाब, चेतगंज, इमामबाड़ा ईदगाह पर नमाज अदा करने के लिये बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। नमाज अदा करने के एक बाद एक दूसरे से गले मिल कर बलिदान और त्याग के त्यौहार की एक दूसरे को मुबारकबाद दी।

## नमाज़ के बाद दी बकरीद की बधाई

जिगना (मिर्जापुर)। ईद-उल-अजहा बकरीद का पर्व पूरी अकीदत के साथ मनाया गया। क्षेत्र के विजयपुर, बिहसड़ा, नरोइयां, हरगढ़, गोगांव, मिश्रपुर, बिरोही, गोड़सर सरपती, खम्हरिया, जोपा,फकरी आदि गावों मेंईदगाहों व मस्जिदों मेंसुबह नमाज अदाकरनेके साथ सभी लोग गलेमिलकर एक दूसरेको बकरीद की बधाई दी। शांतिपूर्ण माहौल में परंपरागत तरीके से बकरीद कात्यौहार मनाया गया। शांति व्यवस्था बनाए रखनेके लिए एहतियात के तौर पर थाना प्रभारी दल बल के साथ चक्रमण करतेरहेथानाक्षेत्र पर मिश्रित आबादी वाले विजयपुर बाजार मेंपुलिस के साथ पीएसी के जवानों की तैनाती की गई थी। विंध्याचल कोतवाली प्रभारी अमित प्रजापति, गैपुरा चौकी इंचार्ज आनंद लेनेसिंह, जिगना थाना प्रभारी अभय सिंह मस्जिदों व ईदगाहों के आसपास नजर रखे हुए थे।

# सुसुआड़ पुल से गिरने से बाइक सवार तीन लोग घायल

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग बसुहरा गांव स्थित सुसुआड़ पुल से शनिवार को तेजगति से आ रहे बाइक सवार कुत्ते को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पुल से दस फीट नीचे गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने तीनों घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर तीनों को ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया। मौके पर पहुँचे घायलों के परिजनों ने ट्रामा सेंटर मिर्जापुर न ले जाकर प्रयागराज लेकर चले गए है हलिया थाना क्षेत्र के बैधा गांव निवासी 25 वर्षीय दिवाकर बाइक से गांव निवासी 19 वर्षीय मोनू व लालगंज थाना क्षेत्र के बघड़ गांव निवासी 30 वर्षीय सोनू के साथ लालगंज थाना क्षेत्र के कामापुर से वापस घर लौट रहे थे कि जैसे ही हलिया लालगंज मार्ग बसुहरा गांव के



सुसुआड़ नाले के पुल पर पहुँचे कि अचानक बाइक के सामने कुत्ता आ जाने के कारण अनियंत्रित होकर बाइक सवार पुल से दस फीट नीचे जाकर गिर पड़े। जिससे बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रुप से घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने तीनों घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया।जहां पर चिकित्सक विमल कुमार व रीना पटेल हर्षवर्धन ने तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद दिवाकर व सोनू के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जबकि मोनू के पैर में चोट को देखते हुए रेफर कर दिया है। इस संबंध में चिकित्सक विमल कुमार ने बताया कि बरात से वापस लौट रहे बाइक सवार सुसुआड़ पुल से नीचे गिरकर घायल होकर एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए आए थे प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

# अलग-अलग हुई सड़क दुर्घटना में पांच घायल, दो रेफर

राजगढ़ (मिर्जापुर)। शनिवार रात अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ मेंभर्ती कराया गया, जहां दो की गंभीर हालत देख उन्हें ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया। सोनभद्र जनपद के बड़का गांव निवासी 20 वर्षीय बृजेश, तरावा गांव निवासी 12 सूरज एक ही बाइक से मिर्जापुर अपने रिश्तेदार के घर बारात में शामिल होने के लिए जा रहे थे। तभी ददरा पहाड़ी गांव के पास सामने सेआए ट्रक की लाइट अचानक आंख पर पड़ने से चौंधिया गया। जिससे अनियंत्रित होकर बाइक सवार सड़क किनारेगड्ढे में गिर गए। हादसे में दोनों लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर दोनों को सीएचसी राजगढ़ पहुंचाया। दूसरी घटना में बेलखुरी गांव निवासी 17 वर्षीय आशीष और 14 वर्षीय विकास पिकअप से तिलौली रिश्तेदार के यहां बारात में जा रहे थे। कोन भरूहवां गांव केपास पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दोनों युवक घायल हो गए। तीसरी घटना में नुआव निवासी 60 वर्षीय रामकेश को सड़क पार करते समय सेमरी गांव के पास पीछे से आ रही बाइक ने टक्कर सेघायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया। जिसमें आशीष एवं विकास की हालत गंभीर देख चिकित्सक बेहतर इलाज के लिए ट्रामासेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया। आकस्मिक ड्यूटी में तैनात चिकित्सक सर्वेश कुमार पांडेय नेबताया कि दुर्घटना में पांच घायलों मेंआशीष एवं विकास को रेफर किया गया है।

## युवती से छेड़खानी करने वाले दो गिरफ्तार

हलिया (मिर्जापुर)। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से छेड़खानी करने वाले दो युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने शनिवार सुबह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एक गांव निवासी युवती शुक्रवार शाम छह बजे के करीब रतेह चौराहा से अपने घर जा रही थी कि रास्ते में दो मनबढ़ युवकों ने छेड़खानी शुरू कर दिया। युवती के विरोध करने पर दोनों जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।इस संबंध में युवती के चचेरे भाई बबुरा खुर्द गांव निवासी वीरेंद्र चौरसिया ने शुक्रवार रात दोनों युवकों के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया।दी गई तहरीर में युवती के भाई ने बताया कि शुक्रवार शाम को चचेरी बहन रतेह चौराहा से पैदल अपने घर जा रही थी कि रास्ते में पानी टंकी के पास बबुरा खुर्द गांव निवासी रियाज और कुतुबुद्दीन अश्लील शब्दों का प्रयोग करने लगे मना करने पर छेड़खानी करने लगे और मोटरसाइकिल पर बैठाने लगे। विरोध करने पर दोनों युवक जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। शनिवार सुबह उपनिरीक्षक कृपा शंकर यादव,हेड कांस्टेबल मूलचंद वर्मा ने छेड़खानी करने वाले बबुरा खुर्द गांव निवासी रियाज और कुतुबुद्दीन को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि युवती के साथ छेड़खानी करने वाले बबुरा खुर्द गांव निवासी रियाज और कुतुबुद्दीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## बाइक सवार अनियंत्रित होकर घायल

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी एक व्यक्ति बाइक से हलिया बाजार आया था। वापस घर जाते समय पिपरा बाजार में अनियंत्रित होकर गिर गया। एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।स्थिति गंभीर देखकर चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी मनोज (19)घर से किसी कार्य वस हलिया बाजार बाइक से आया था।लगभग 3 बजे मध्यान घर के लिए जा रहा था जैसे ही पिपरा बाजार पहुंचा कि नियंत्रित होकर गिर गया सिर में गंभीर चोटें आईं।एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य के लाया गया जहां चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

## कूड़े कचरे को कंचन बनाने का डीपीआरओ ने सिखाया गुण

हलिया (मिर्जापुर)। जन स्वच्छता अभियान के तहत रविवार को जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार के दिशा निर्देश में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर बरौधा की प्रधान गुलाब कली पंचायत सेक्रेटी आशीष कुमार यादव स्वच्छ भारत मिशन ब्रांड अंबेस्डर सोनू पाण्डेय प्रधान प्रतिनिधि गोपाल कोल ब्लाक कॉर्डिनेटर रजनीश कुमार स्वच्छग्राही हीरा लाल मौजूद रहे। जन स्वच्छता अभियान के तहत स्थानीय लोगों को जागरूक करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि घर से निकलने वाले कूड़े कचड़े के ढेर को सड़क पर कदापि न फेंके। बल्कि सुरक्षित स्थान अथवा डस्टबीन में डालें। जन स्वच्छता अभियान के पश्चात जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार ने कूड़ा संग्रह केंद्र बरौधा स्थलीय निरीक्षण करते हुए दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कूड़े कचरे के ढेर को अलग कर पैकेजिंग करने को प्रधान और सेक्रेटी को निर्देशित किया। चेतावनी दिया है कि औचक निरीक्षण करके जांच की जाएगी। शासन के द्वारा चलाए गए अभियान में हीला हवाली करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

H.C.J. Part VII
नमूना काबिल फरोख्त
सम्मन वास्ते कराहदाद उमूर तनकीह तलब
आर्डर 1 कायदा 1 व 5
न्यायालय श्रीमान अपर उपजिला अधिकारी महोदय नानपारा
पेशी दिनांक -13/06/2025
अमिरका प्रसाद बनाम शाकुरून निशा आदि
मुकदमा अंतर्गत धारा 116/117 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006
ग्राम समोखन प. व तह. नानपारा
वाद सं. T 202108150202951
बनाम - (1) रज्जब अली, (2) रज्जन अली, (3) महताब अली, (4) मिज्जन अली, (5) महफूज अली पुत्रगण इन्सान अली सकिनान ग्राम समोखन प. व तह. नानपारा जिला बहराइच।
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख माह .....सन् 2025 ई0.... बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत एक उग्र रात अहम मुतल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके हाजिर हो और जवाबदेही को करे आपको लाजिम है कि उसी जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इश्तबलाल कराना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर व होने तो मुकदमा वगैरह हाजिरी आपके मनसूख और फैसला होगा। बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत में आप बतारीख 30/5 माह सन् 2025 ई. को जारी किया गया।
इत्तिला
1. अगर आपको अन्देशा है कि आपके गवाह अपनी मर्जी से हाजिर न होंगे तो आप अदालत हाजा से सम्मन बईमुराद जारी करा सकते हैं कि जो गवाह न हाजिर हो जबरन हाजिर कराया जाय और जिस दस्तावेज को किसी गवाह से पेश कराना का इश्तहाक का रखते हो व उसमें पेश कराया जाय बशर्तें कि आप खर्चा अदालत में दाखिल कर के इस उज्र को दरख्वास्त गुजारेंगे।
2. अगर आप मुतालबा मुद्दई की तस्दीक करते हैं कि आपको लाजिम है कि रुपया मय खर्चा नालिश अदालत में दाखिल करें ताकि कार्यवाही इजराय डिग्री की जो आपकी जान या माल दोनों पर ही करना पड़ेगा।
जज
सी.आर.-507/D-CN

स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

NOTICE
I, HADIS BAIG BAIG MOHAMMED IRFAN S/O HADIS BAIG, R/O -VILL-ALANPUR, POST-ILTI-FATGANJ, PS-IBRAHIM-PUR, AMBEDKAR NAGAR, UP, INFORM EVERYONE THAT FROM TODAY I HAVE CHANGE MY NAME AS MOHD IRFAN BAIG S/O HADDIS BAIG FOR ALL FUTURE PURPOSE.
सी.आर.-513/L-25

नारायण उच्च शिक्षा संस्थान लॉ कालेज
झलवा प्रयागराज
सम्बद्ध - प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या)विश्वविद्यालय प्रयागराज
आवश्यकता है विधि सहाचार्यों की
प्राचार्य – 01 पद
एल.एल.बी.– 10 पद
बी.ए.एल.एल.बी– 10 पद
विषय प्रवक्ता
1. अंग्रजी 2.राजनीतिशास्त्र 3. समाजशास्त्र 4. दर्शनशास्त्र 5. कम्प्यूटर
प्रत्येक विषय में 01 पद
योग्यता एवं वेतन यू.जी.सी. एवं वि.वि. के मानकानुसार
विज्ञापन के 21 दिवस के अंदर महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में आवेदन जमा करें
9935954114,9415238517
सी.आर.-505/D

# बलिया पुलिस ने आगरा में अभियुक्तों के घर पर चस्पा की धारा 82 की नोटिस

बलिया। बताया जाता है कि थाना सिकंदरपुर जनपद बलिया पुलिस द्वारा थाना सिकंदरपुर जनपद बलिया में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 126/23 धारा 411, 420,473 आईपीसी से संबंधित अभियुक्गण 1. विवेक माहेश्वरी पुत्र हरिओम माहेश्वरी निवासी 4 / 21 बालूगंज थाना रकाबगंज जनपद आगरा 2. विवेक सिंह पुत्र प्रेमचंद सिंह निवासी गड़वार थाना गड़वार जनपद बलिया



जिनके विरुद्ध मा. न्यायालय द्वारा 82 सीआरपीसी की नोटिस जारी की गई थी उक्त नोटिस की तामीला अभियुक्त गण उपरोक्त के दरवाजे पर नोटिस चस्पा कर समक्ष गवाहान कराई गई। यदि अभियुक्तगण निश्चित समय सीमा के अंदर माननीय न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं, तो उनके विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई माननीय न्यायालय के अग्रिम आदेश से की जाएगी।

## अभियान के सफल आयोजन हेतु भाजपा पदाधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी

स्वतंत्र भारत देवरिया। सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने पर 11 साल बेमिसाल अभियान के निमित्त भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों को अभियान के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जिम्मेदारी सौंपी। अभियान के जिला संयोजक राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि 23 जून से 6 जुलाई तक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से लेकर जन्म दिवस पर मनाए जाने वाले कार्यक्रमों का संयोजक जिला महामंत्री रविंद्र कौशल को संयोजक तथा शैलेश शर्मा और गिरिजेश सिंह को सह संयोजक, विकसित भारत, सेवा सुशासन, गरीब कल्याण तथा प्रबुद्ध समागम 10 जून से 12 जून का संयोजक जिला महामंत्री प्रमोद शाही तथा सह संयोजक जिला मंत्री अरविंद पांडे बबुना को बनाया गया है। पार्टी के कार्यो से संबंधित प्रदर्शनी का संयोजक जिला उपाध्यक्ष अजय शाही को बनाया गया है। अभियान के अंतर्गत होने वाली गोष्ठियों का संयोजक जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे को, पर्यावरण सम्मेलन के लिए जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह एडवोकेट को संयोजक बनाया गया है। इसी क्रम में योग दिवस का संयोजक जिला उपाध्यक्ष गंगा सिंह कुशवाहा को तथा सह संयोजक अंकुर राय को बनाया गया है। इस अवसर पर महामंत्री रविंद्र कौशल, प्रमोद शाही, अंकुर राय, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी सतेंद्र मणि, जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, शैलेश शर्मा, प्रिंस चतुर्वेदी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई—निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जीनियर/ सा०, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है :– निविदा सं०, वमंविइ—लजं०—17—2025, कार्य का विवरण : एलजेएन—डिवीजन— लखनऊ मंडल में 15 यात्री प्लेटफार्म को निम्न स्तर से उच्च स्तर तक उठाये जाने का कार्य। अनुमानित लागत : रू. 22174367.60, बयाना राशि : रू. 260900.00, निविदा मूल्य – रू. 00.00, कार्य सम्पादन की अवधि – 06 माह।
निविदा सं०, वमंविइ– लजं०—18—2025, कार्य का विवरण : एलजेएन—डिवीजन— ऐशबाग द्वितीय प्रवेश द्वार, गोमतीनगर और लखनऊ जंक्शन पर गोदाम के साथ पार्सल कार्यालय का निर्माण और आधुनिकीकरण। अनुमानित लागत : रू. 10674475.68, बयाना राशि : रू. 203400.00, निविदा मूल्य – रू. 00.00, कार्य सम्पादन की अवधि – 06 माह।
उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय : 18.07.2025 को 15.00 बजे। नोट : इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे के वेबसाईट http://www.ireps.gov.in को देखें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य
मुजाधि/विद्युत- 58 लखनऊ
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## माहुल में लेखपाल ने चकरोड को कराया अतिक्रमण मुक्त



माहुल (आजमगढ़)। स्थानीय नगर के वार्ड नं0 03 चक पनाही में अतिक्रमण किये गए चकरोड को उपजिलाधिकारी सन्त रंजन के आदेश पर लेखपाल के चकमार्ग को कब्जा मुक्त कराते हुए तत्काल पटवा दिया गया। माहुल नगर पंचायत के वार्ड नं0 03 के शिकायत कर्ता रविकुमार ने उपजिलाधिकारी सन्त रंजन से शिकायत किया था कि माहुल नगर पंचायत वार्ड नं0 03 चकपनाही में कुछ लोगों द्वारा चकमार्ग नं0 33 पर अतिक्रमण कर लिया गया है। उपजिलाधिकारी सन्त रंजन के आदेश पर माहुल के हल्का लेखपाल सौरभ राय ने नापी कर चकरोड को अतिक्रमण मुक्त कराया, और तत्काल खड़े होकर जेसीबी से चकरोड को पटवा दिया।

दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लि.-पूरनपुर (पीलीभीत) ई-निविदा सूचना

इस मिल समिति द्वारा सिविल कार्य तथा ब्राउन शुगर एवं सी.आई./एम.एस. टर्निंग स्क्रैप का विक्रय ई-टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने हेतु अनुभवी ठेकेदारों व क्रेताओं से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य विवरण | निविदा लोड करने की तिथि | निविदा अपलोड करने की तिथि | धरोहर राशि (रुपये) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उत्पादन वर्ष 2023-24 की 2160 कु0 तथा उत्पादन वर्ष 24-25 की 1700 कु0 ब्राउन शुगर विक्रय हेतु | 12.06.2025 | 22.06.2025 | 25 रु0 प्रति कु0 |
| 2. | विगत वर्षों का पड़ा हुआ मशीन से निकला सी.आई. /एम.एस. टर्निंग स्क्रैप अनुमनित मात्रा 25.00 टन विक्रय हेतु | 13.06.2025 | 24.06.2025 | 10000.00 |
| 3. | किसान भवन का निर्माण कार्य। | 13.06.2025 | 24.06.2025 | 30000.00 |
| 4. | तकनीकी भवन की वाटर प्रूफिंग का कार्य। | 13.06.2025 | 24.06.2025 | 8000.00 |
| 5. | गेस्ट हाउस की वाटर प्रूफिंग का कार्य। | 13.00.2025 | 24.06.2025 | 8000.00 |
| 6. | गन्ना कार्यालय की छत का वाटर प्रूफ्रिंक/मरम्मत का कार्य। | 16.08.2025 | 25.06.2025 | 8000.00 |

नियम एवं शर्तें ई-टेण्डरिंग में अंकित होंगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण एक अथवा समस्त ई-निविदाओं को पूर्ण एवं आंशिक रूप से निरस्त करने का सर्वाधिकार सुरक्षित होगा।
पत्रांक : 260/लेखा-विक्रय/2025-26 दिनांक : 07-06-2025 प्रधान प्रबन्धक
सी.आर.-512/D

## लूना सवार को बचाने में पिकअप-जाइलो भिड़ी, वृद्ध की मौत

कछवां (मिर्जापुर)। ओवर टेक कर रहेलूना सवार को बचाने के चक्कर मेंजाइलो व पिकअप में आमने सामने की टक्कर होगई। भीषण हादसेमेंलूना सवार 71 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। जबकि दोनों वाहनों के सात महिला समेत दस लोग घायल हो गए।सभी घायलों को ग्रामीणों के सहयोग सेपुलिस ने कछवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां तीन हालत गंभीर देख डाक्टर ने मिर्जापुर ट्रामा सेंटर भेज दिया। यह हादसा रविवार को दोपहर मेंकछवां थाना क्षेत्र कछवा-चुनार मार्गपर सबेसर गांव के सामने हुई। पिकअप चुनार की तरफ से आ रहा था जबकि जाइलो कछवा की तरफसेजा रही थी।इसी बीच मेंलूना सवार 71 वर्षीय गौरी शंकर ओवरटेक के फिराक में था। जिसको बचानेके चक्कर मेंजाइलो और पिकअप का आमने सामने टक्कर हुआ उसी में लूना चालक चपेट में आ गया जिसकी मौत हो गई। पुलिस नेशव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों का अभी नाम व पता नहीं चला पाया है। पुलिस नेसभी घायलों के घर पर सूचना दे दी है। घायलों की चीख-पुकार से माहौल दर्दनाक हो गया।

## उन्नतशील खेती के लिए बीजों पर 50 और जिप्सम पर 75 प्रतिशत तक अनुदान

स्वतंत्र भारत देवरिया। खरीफ अभियान-2025 के अंतर्गत किसानों को उन्नतशील प्रमाणित एवं आधारीय बीजों की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। जिला कृषि अधिकारी मृत्युंजय कुमार सिंह ने जानकारी दी कि राजकीय कृषि बीज भंडारों पर इन बीजों की आपूर्ति जारी है, जिन पर शासन/विभाग द्वारा 25 से 50 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि संकर बीजों को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न कंपनियों द्वारा बीज भंडारों पर स्टॉल लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से संकर धान एवं मक्का के बीज की बिक्री की जा रही है। इन बीजों पर 50 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध है। श्री सिंह ने कृषकों से अपील की कि वे शासन द्वारा प्रदत्त अनुदान का अधिकतम लाभ उठाएं तथा उन्नतशील बीजों के उपयोग से उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त, राजकीय बीज भंडारों पर जिप्सम की भी उपलब्धता कराई गई है, जिस पर 75 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अतुल शुक्ला द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
स्थानीय संपादक : विष्णु मोहन*
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

# MADAN MOHAN MALAVIYA UNIVERSITY OF TECHNOLOGY

**Gorakhpur- 273010, Uttar Pradesh**

Year of Estb. : 1962

ACCREDITED WITH GRADE A NAAC

A U.P. State Funded Technical University

Website : www.mmmut.ac.in

"योगः कर्मसु कौशलम्"

**Only State Public University across 5 States to be Ranked in *Top 100* in three categories of NIRF 2024.**

nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK

QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025 RANKED

## National & Global Rankings

- NIRF 2024: 84th (Engineering), 94th (University), 40th (State Public University)
- QS World University Rankings 2025: 292nd in South Asia, 901+ in Asia
- IIRF 2025: BBA ranked 19th in India
- Times Engineering Survey 2024: Ranked 36th in India
- India Today 2024: Ranked 26th among 'Best Technical Universities of India'
- HE Higher Education Rankings 2025: Ranked 61st in the World
- Transparent Rankings (Spain): 3rd in UP based on 33,664 citations (Google Scholar)

## Academic Excellence

- Well qualified new faculty appointments to strengthen academic delivery
- Adjunct Faculty, Professors of Practice, & International Experts to impart practical knowledge
- Multiple Entry Multiple Exit Policy
- More than 50 MoUs with National/ International organizations

## Campus & Student Life

- Sprawling 338-acre lush green campus
- 11 hostels (7 boys + 4 girls); fully AC boys hostel (528-capacity) under construction
- 10 GBPS campus-wide Wi-Fi
- Transport facility for day scholars
- Rich Library (1 lakh+ books) & Digital Library with e-Resources
- Shaheed Bandhu Singh Stadium for indoor and outdoor sports
- On-campus Psychological Counsellor

## Research & Innovation

- 114 researchers listed in AD World Scientific Rankings 2025
- 05 Faculty members listed among Top 2% Scientists Worldwide by Stanford University
- H-index improvement: 35 ⟶ 50
- Research & Patent Incentive Schemes
- Hosting the 'Chip to Startup' programme (MeitY, Govt. of India)
- Visvesvaraya PhD Fellowship of MeitY, Govt. of India/ University Fellowship to all Full-Time PhD students
- Spoke Institution of IIT-ISM, Dhanbad under PAIR-ANRF Scheme of Govt. of India
- 'MMMUT Foundation' (Section 8 company) to foster startups and innovation

## Accreditations & Quality Assurance

- NAAC 'A' Grade Accredited
- Robust Academic and Administrative Audit System to ensure quality

## Digital Governance & Literacy

- 1st State Univ. of UP to fully adopted 'Samarth' E-Governance Portal under MoE initiative
- Institutional Membership of NDLI, an initiative of MoE, Govt. of India
- Membership of 'One Nation One Subscription Scheme of MoE, Govt. of India

## Training and Placement

- 100+ Companies visit every year for placements
- 900+ Offers every year
- Highest Package for 2024-25: ₹45 LPA
- 150+ students qualified GATE-2025 Exams

## Admissions 2025-26

**Admission mode and online registration for counselling of various courses for session 2025-26**

| Courses | Merit used for Admission: | Registration for online counselling |
|---|---|---|
| • B.Tech. First Year Branches: CSE, IT, ECE, ECE(IOT), EE, ME, Civil and Chemical | JEE Main-2025 | Link for counselling registration https://mmmut.admissions.nic.in/ |
| • B.Tech. First Year (NRI and Wards of Kashmiri Migrants) | Direct Admission | Link for Detailed Notification https://mmmut.ac.in/ug_admission |
| • B.B.A. First Year<br>• B.Tech. Second Year (Lateral Entry) for Diploma holders<br>• B.Pharm. First Year<br>• B.Pharm. Second Year (Lateral Entry) | CUET (UG)-2025 | • Online registration will start after result declaration of CUET(UG)-2025 |
| • B.Tech. Second Year (Lateral Entry) for B.Sc. Graduates<br>• M.B.A. First Year$<br>• M.C.A. First Year | CUET (PG)-2025 | Link for counselling Registration https://mmmut.admissions.nic.in/ |
| • MBA First Year$ | CAT-2024/ CMAT-2025 | |
| • M.Sc.(Physics/Chemistry/Maths) First Year*<br>• M.Tech. First Year# | CUET (PG)-2025 | Link to apply online https://mmmutadm.samarth.edu.in |
| • M.Tech. First Year# | GATE | |
| • M.Sc.(Physics/Chemistry/Maths) First Year*<br>• M.Tech. First Year# | Malaviya Entrance Test(MET)-2025 conducted by MMMUT | |
| • PhD (July Session) | MET-2025 | Registration will start from 3rd June 2025 (Tentative) |

#First Preference will be given to GATE candidates then CUET(PG)-2025 candidates and then MET-2025 candidates.

*First Preference will be given to CUET(PG)-2025 candidates and then MET-2025 candidates .

$First Preference will be given to CAT-2024 candidates then CMAT-2025 candidates then CUET(PG)-2025 candidates.

*The candidates are advised to keep visiting the university website regularly to get all updates related to admissions for session 2025-26.*

**For any query related to Admission, contact us at +91-9235500507, 8765783798 or Email: admission2025@mmmut.ac.in**

## TOP RECRUITERS

amazon, SCALER By InterviewBit, Flipkart, Nuclei, Bharat Electronics, Shiprocket, servicenow, Microsoft, Aditya Birla Group, Lowe's, JUSPAY, HummingWave, CLEARWATER ANALYTICS, IntelliPaat, BNY MELLON, Verifone, wipro, ERICSSON, indiamart, cognizant, Tech Mahindra, nagarro, CHAI POINT, accenture

and many more!




**For any query related to Admissions, contact us at +91-9235500507, 8765783798 or Email: admission2025@mmmut.ac.in**